e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 129

**सुविचार**
जिन्दगी में कठिनाइयाँ हमें सही रास्ता दिखा जाती हैं।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
13.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आज, 36 केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**नई दिल्ली** : कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए जाएंगे। 224 सीटों के लिए 10 मई को चुनाव हुआ था, जिसमें 73.19 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्रदेश के 36 केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू होगा। इस चुनाव में मुख्य तौर पर जनता दल (एस) के अलावा भाजपा और कांग्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर देखी जा रही है। हालांकि एक्जिट पोल के मुताबिक कांग्रेस को थोड़ी बढ़त जरूर है लेकिन सभी पार्टियां उत्सुकता से नतीजों का इंतजार कर रही हैं। इस बीच प्रशासन ने कर्नाटक के 36 केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबल भी तैनात किए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। दोपहर दो बजे तक चुनाव परिणाम की स्पष्ट तस्वीर सामने आने का अनुमान है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मतगणना केंद्रों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने व्यापक कदम उठाए हैं। राज्य में विधानसभा की 224 सीटों के लिए 10 मई को वोट डाले गए थे। जिसमें 73.19 प्रतिशत मतदान हुआ।

### जी-20 बैठक से पहले उभर रहे आतंकी खतरों के बीच एडीजीपी ने किया श्रीनगर का औचक दौरा

**श्रीनगर** : महत्वपूर्ण जी-20 बैठक से पहले उभर रहे आतंकी खतरों के बीच कश्मीर घाटी के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल की तैयारियां परखने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर शहर का औचक दौरा किया। उन्होंने कहा कि यहां रात-दिन पुलिस का दबदबा है और प्रतिष्ठित कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर रेंज) विजय कुमार आंतरिक शहर की गलियों और उपमार्गों से गुजरते हुए पंथाचौक में एक चेकपोस्ट पर पहुंचे। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो हमेशा यातायात से भरा रहता है क्योंकि यह देश को घाटी के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा है। वे उन जवानों से भी मिले, जो शहर में आतंकियों के प्रवेश करने के संभावित मार्ग व महत्वपूर्ण राजमार्ग पर कड़ी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश बलवाल के साथ कर्मियों की कठिनाइयों के बारे में जानने के अलावा उन्हें अत्यावश्यक परिस्थितियों में अपना काम करने के लिए मार्गदर्शन किया।

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं परीक्षा का जारी किया रिजल्ट

# बेटियों का जलवा बरकरार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सीबीएसई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10 वीं व 12 वीं परीक्षा का रिजल्ट 12 मई को जारी कर दिया गया। सीबीएसई कक्षा 10 के परिणाम 2023 में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.25 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 92.27 फीसदी गया है।

लड़कियों का ओवरऑल पास पर्सेंटेज लड़कों से ज्यादा है। लड़कियों का पास प्रतिशत 90.68 प्रतिशत और लड़कों का पास प्रतिशत 84.67 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई 12वीं रिजल्ट में कुल 87.33 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं. त्रिवेन्द्रम जोन ने 99.91 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है. बता दें कि लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से बेहतर रहा है. छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से 6 प्रतिशत बेहतर रहा है. लड़कों का रजिल्ट जहां 84.67 प्रतिशत रहा है, वहीं लड़कियों का रिजल्ट 90.68 प्रतिशत है. परीक्षा 15 फरवरी से 5 अप्रैल 2023 तक आयोजित की गई थी. सीबीएसई बोर्ड की इन परीक्षाओं में लगभग 39 लाख छात्र शामिल हुए थे. दसवीं और बारहवीं कक्षा दोनों के लिए परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी. और अब छात्र अपने परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं. सीबीएसई ने बताया कि इन परीक्षाओं में 87.33 प्रतिशत छात्र सफल हुए.

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, सफल छात्र अपने सपने को पूरा करने के लिए करें कड़ी मेहनत

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में पास होने वाले छात्रों को बधाई दी है. उन्होंने ट्विटर पर उन छात्रों से आग्रह किया जो शायद अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हों, वे हिम्मत न हारें और अपने सपनों का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखें. साथ ही उन्होंने बोर्ड रिजल्ट में छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को सराहा है, उन्होंने लिखा, जिन्होंने इस वर्ष के परिणामों में भी लड़कों को पीछे छोड़ दिया है. उन्होंने समाज में लड़कियों की शिक्षा की बाधाओं को दूर करने के महत्व पर जोर दिया. उनके संदेश का उद्देश्य छात्रों को उनके लक्ष्यों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना है।



**पीएम मोदी ने सफल छात्रों सहित शिक्षकों और अभिभावकों को दी बधाई**

### रिज़ल्ट में त्रिवेंद्रम रीजन टॉप


इस साल त्रिवेंद्रम रीजन में सबसे अधिक 99.91 प्रतिशत छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके बाद 99.18 प्रतिशत के साथ बेंगलुरु दूसरे और 99.14 प्रतिशत के साथ चेन्नई तीसरे स्थान पर है। अजमेर रीजन 97.27 के साथ चौथे और 96.92 प्रतिशत के साथ पुणे पांचवें स्थान पर है। इस सूची में दिल्ली वेस्ट 90.67 प्रतिशत के साथ 13वें स्थान पर है जबकि गुवाहाटी 76.90 प्रतिशत के साथ 16वें स्थान पर है। सीबीएसई के आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत और 26 देशों में कुल 28471 स्कूलों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लिया,

**दिल्ली वेस्ट 90.67 प्रतिशत के साथ 13वें स्थान पर है**

जबकि सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2023 के लिए पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 21,86,485 थी। 12वीं में भी त्रिवेंद्रम टॉप पर रहा।

अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष राष्ट्रीय पास होने वाले छात्रों की प्रतिशत में गिरावट आई है. हालांकि, त्रिवेंद्रम क्षेत्र 99.91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है. इस साल 90.68 फीसदी लड़कियां पास हुई. जो लड़कों से 6.01 फीसदी ज्यादा है.पीएम मोदी ने सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में 10-12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों के लिए बधाई दी।

# 15 मई को नक्सली बंदी, पुलिस अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद का ऐलान किया है।

इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। बंद की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले के एसएसपी और एसपी को अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से झारखंड के नक्सल प्रभावित सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र भेजकर बंद के दौरान पूरी तरह से अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नक्सल अभियान के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और ट्रेन चलने वाले पटरियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। इससे पूर्व भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने इस संबंध में प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी रिलीज में कहा गया है कि तीन अप्रैल को झारखंड के चतरा में नशीला पदार्थ खिलाकर सीआरपीएफ की ओर से किये गये पांच माओवादी नेता की हत्या, छत्तीसगढ़ में सात अप्रैल को ड्रोन के जरिये की गई भारी बमबारी, झारखंड के पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम में एक साल से रॉकेट लांचर से किये जा रहे अंधाधुंध बमबारी और रामनवमी के अवसर पर बिहार के बिहारशरीफ, सासाराम, गया और देश के विभिन्न भागों में एक राजनीतिक पार्टी की ओर से भड़कायी गयी सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद को सफल बनाएं। बंद से दूध, मेडिकल, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा को मुक्त रखा गया है।

प्रेस विज्ञप्ति के जरिये नक्सलियों ने सभी कमांडरों, जनसंगठनों के नेताओं, मजदूर, किसान, छात्र, डॉक्टरों, वाहन मालिकों से आह्वान किया है कि बंद को सफल बनाये।

# युवती को मारी गोली, मौत



**फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने अपराधियों को खदेड़ा भी, लेकिन अपराधी तेज रफ्तार बाइक चलाकर मौके से फरार हो गए.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पटेल चौक के पास हॉस्टल में रहने वाली एक युवती को सरेआम गोली मार दी गई. घायल अवस्था में युवती को आनन-फानन में रांची के रिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. अरगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की. सूचना के अनुसार प्रेम प्रसंग में इस वारदात को अंजाम दिया गया है. वहीं युवती की सहेली ने बताया कि वह कल अपने घर जाने वाली थी. शताब्दी एक्सप्रेस में उसका टिकट भी कट चुका था.नमिली जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय युवती का नाम निवेदिता नयन है. वह बिहार के नवादा जिला की रहने वाली थी.

उसके पिता का नाम सिद्धेश्वर प्रसाद है. वह पटेल चौक स्थित एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी. शुक्रवार की शाम अपने हॉस्टल की तरफ लौट रही थी. इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उसे निशाना बनाकर गोली मार दी. गोली मारने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए. गोली लगते ही निवेदिता जमीन पर गिर पड़ी. फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने अपराधियों को खदेड़ा भी, लेकिन अपराधी तेज रफ्तार बाइक चलाकर मौके से फरार हो गए.निवेदिता नयन को गोली मारे जाने की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत अरगोड़ा थाने को दी. मामले की जानकारी मिलते ही अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार भागे-भागे मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल युवती को अस्पताल भेजा. हालांकि, इलाज के क्रम में ही डॉक्टरों ने निवेदिता को मृत घोषित कर दिया.

# जब दूसरे राज्यों में द केरल स्टोरी शांति से चल रही है तो प.बंगाल में बैन क्योंः सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल में लगे प्रतिबंध और तमिलनाडु में डिफेक्टो बैन के खिलाफ फिल्म निर्माताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच इस पर सुनवाई कर रही है. द केरल स्टोरी के निर्माता पश्चिम बंगाल में फिल्म पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है. सीजेआई का पश्चिम बंगाल सरकार से बड़ा सवाल है कि देशभर के अलग-अलग हिस्सों में फिल्म चल रही है. पश्चिम बंगाल भी देश का ही हिस्सा है, आप क्यों फिल्म को रोक रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये फिल्म अगर दूसरे राज्यों में शांति से चल सकती है तो पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं. पश्चिम बंगाल सरकार फिल्म को आखिर क्यों नहीं चलने देना चाहती, जबकि दूसरी राज्यों में जहां भगौलिक परिस्थिति वैसी ही है, वहां शांति से चल रही है. अगर लोग नहीं देखना चाहते तो ये उनके ऊपर है, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने रोक क्यों लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को नोटिस जारी किया है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होगी. दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नफरत और हिंसा की किसी भी घटना से बचने के लिए राज्य में विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था. निर्माता का कहना है कि तमिलनाडु ने भी डिफेक्टो बैन लगाया है और भी राज्य बैन लगाने की धमकी दे रहे हैं. निर्माताओं को रोजाना नुकसान हो रहा है. निर्माता की ओर से हरीश साल्वे ने कहा कि 5 मई को फिल्म रिलीज हुई.

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ने बयान दिया कि इससे कानून व्यवस्था को खतरा है. सीजेआई ने कहा कि हम इस मामले में नोटिस जारी करेंगे. साल्वे ने कहा कि तमिलनाडु में डिफेक्टो बैन है. वहां शुरू में फिल्म रिलीज हुई, लेकिन धमकी के बाद फिल्म नहीं चलाई गई. तमिलनाडु में सरकार को निर्देश देने की मांग की ताकि सिनेमाघरों में फिल्म सुचारू रूप से चल सके.



**अगर लोग नहीं देखना चाहते तो ये उनके ऊपर है, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने रोक क्यों लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को नोटिस जारी किया है**

### मुख्यमंत्री ने टाटा ट्रस्ट द्वारा स्थापित कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का किया उद्घाटन

# रांची कैंसर अस्पताल राज्य के लिए माइलस्टोन : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि काफी वर्षों से झारखंड के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी चीजें जुड़ती आई हैं लेकिन, कैंसर के इलाज से संबंधित सुविधा इस प्रदेश में नही के बराबर था। वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही हमने इस निमित्त लगातार प्रयास किया है कि कैंसर पीड़ितों को राज्य में ही बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मिले। आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज टाटा ट्रस्ट्स द्वारा स्थापित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन हुआ है। रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर देश में आदर्श कैंसर केयर संस्थान के रूप में पहचाना जाए , इसके लिए टाटा ट्रस्ट्स एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय बनाकर इस संस्थान को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। रांची में कैंसर अस्पताल शुरू होने से अब झारखंड में कैंसर मरीजों तथा उनके परिवार के सदस्यों को काफी सुविधा होगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज सुकुरहुट्टू रोड (कदमा) कांके स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के उद्घाटन समारोह में कही। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बड़ी तादाद में कैंसर मरीज हमारे राज्य से बेहतर इलाज हेतु दूसरे राज्यों या अन्य शहरों में जाया करते थे। कई बार तो हमने भी अलग-अलग माध्यमों से कैंसर पीड़ित लोगों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में भेजने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कैंसर अस्पताल कैसे बने, कैसे चले, अस्पताल में बेहतर सुविधा मुहैया कैसे कराया जा सके इस निमित्त कई बार विभागीय पदाधिकारियों के साथ मैं स्वयं चिंतन-मंथन करता था। राज्य सरकार एवं टाटा ट्रस्ट्स के सामूहिक प्रयास से आज वह दिन आया जब एक भव्य कैंसर अस्पताल रांची में खड़ा है। आज यह अस्पताल राज्य की जनता को समर्पित किया जा रहा है। निश्चित रूप से रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए माइलस्टोन साबित होगा।



**इलाज हेतु मरीजों को राज्य से बाहर न जाना पड़े, यही है प्रयासः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किया है। ऐसे प्रयास प्रतिबद्धता के साथ आगे भी होते रहेंगे। हमारा प्रयास है कि राज्य में ही स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें राज्य के बाहर अन्य शहरों में इलाज हेतु नही जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विश्व स्तरीय आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं जिससे कैंसर मरीजों का गुणवत्तापूर्ण जांच तथा चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सकेगी। यह अस्पताल लगभग 25 एकड़ भूमि में बना है, धीरे-धीरे यह अस्पताल और बड़ा बनेगा ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के समीप ही मेडिको सिटी के निर्माण हेतु आधारशिला रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले कुछ महीनों में रिम्स में भी कई नई तकनीक की मशीनें स्थापित की हैं। अब रिम्स में भी आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल रहा है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक दीपिका पांडेय सिंह, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सीईओ टाटा स्टील टीवी नरेंद्रन, सहित टाटा ट्रस्ट्स और टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ-साथ राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार तय : जयराम रमेश

**नई दिल्ली** : कर्नाटक में सम्पन्न हुए मतदान के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में सरकार बनाने जा रही है। रमेश ने शुक्रवार को कहा कि सभी एग्जिट पोल कांग्रेस को आगे दिखा रहे हैं। अभी तक किसी भी एग्जिट पोल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत नहीं दिया है। कांग्रेस ने कर्नाटक के क्षेत्रीय मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की कोशिश की। हम निश्चित रूप से सरकार बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भी रमेश ने अपने बयान में कहा था कि अगर कांग्रेस कर्नाटक में जीत हासिल करती है तो यह उसके लिए 'सुपर बूस्टर डोज' की तरह साबित होगी।

# रात के अंधेरे में पलामू में हो रहा है बालू का खेल, खनन विभाग सुस्त, बालू कारोबारी मस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद/उंटारी/बिश्रामपुर :** पलामू में रात के अंधेरे में बालू का खेल चल रहा है। बालू के इस गोरखधंधा में जहां खनन विभाग सुस्त है वही बालू कारोबारियों की चांदी है ।रात होते ही पलामू के बालू घाटों पर ट्रैक्टर व हाईवा लग जाता है और इसके बाद देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर और हाईवा बालू लेकर निकल जाते हैं। बालू के इस खेल में हाईवा बालू लेकर जिले से दूसरे राज्यों में जाता है वही ट्रैक्टर का बालू गांव एवं शहर में ऊंचे कीमतों पर बिकती है ।इन सबके बीच सबसे ज्यादा परेशानी गरीब तबके के लोगों को है ।जिन्हें प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है ।जिला प्रशासन एवं खनन विभाग खानापूर्ति के लिए दावा करती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना बंद नहीं होगा ।इसके लिए बालू उपलब्ध है ।जबकि पंचायत जनप्रतिनिधि और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का कहना है कि बालू नहीं मिल रहा है ।खनन विभाग ,जिला प्रशासन और बालू माफियाओं के इस खेल में गरीब पिस रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास एवं आवश्यक कार्यों के लिए बालू नहीं मिलने से हाहाकार मची हुई है। बालू से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि उन्हें ऊपर में पैसा पहुंचाना पड़ता है । इसलिए बालू महंगा रेट पर दे रहे हैं।

## हुसैनाबाद में बालू का अवैध उत्खनन जोरों पर





बालू का अवैध उत्खनन और व्यापार धड़ल्ले से हो रहा है इसका सीधा और छोटा सा उदाहरण हुसैनाबाद में देखने को मिलता है। बालू के उत्खनन और बिक्री पर रोक के बावजूद बालू का कारोबार चलता रहा इसका नजारा हुसैनाबाद के जपला देवरी मुख्य पथ पर देखने को मिलता है गैस गोडाउन के आसपास मुख्य सड़क पर ही बालू का ढेर लगा हुआ है शहर में भी बालू को भंडार देखने को मिलता है कहीं बालू के किल्लत तो कहीं बालू का भंडार वाह रे बालू तू वाह ,आखिर यह बालू आता कहां से है कैसे आता है कौन लाता है ? क्या इसकी खबर स्थानीय प्रशासन को है या नहीं है ?यह बहुत बड़ी सोचनीय एवं गंभीर विषय है एक तरफ बालू के अभाव में हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी बालू की महंगाई के चलते निर्माण बुरी तरह प्रभावित है जिसका नतीजा है कि आवास चाहे ग्रामीण हो या शहरी सभी गरीब तबके के लोग हैं इतनी महंगी बालू खरीद कर आवास निर्माण करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं उसी तरह और भी विकास के कार्य प्रभावित हो रहे हैं पैसे वाले लोग अपने आवास निर्माण या अन्य कार्यों में उपयोग के लिए महंगे दरों पर भी बालू खरीद कर अपना काम कर रहे हैं इसी का नतीजा है कि झारखंड में बालू उत्खनन एवं बिक्री पर पाबंद रहने के बाद भी कहीं बालू की किल्लत है तो कहीं बालू का भंडार, गरीब व मध्यम वर्ग के लोग से इस बालू के संबंध में जानकारी ली गई तो पता चला कि बालू के कारोबार से जुड़े हुए लोग तीन से 4000 प्रति ट्रेलर की दर से मांग करते हैं जो गरीब लोग इतनी बड़ी रकम देकर बालू खरीदने में सक्षम नहीं है ,वही पूंजीपति लोग पैसे के बल पर बालू का भंडारण कर अपना काम कर रहे हैं हुसैनाबाद में बालू के अवैध उत्खनन में परिवहन पर रोक लगाने के लिए हुसैनाबाद के आला अधिकारी ने कुछ माह पहले हुसैनाबाद हैदरनगर एवं मोहम्मद गंज से बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन नियुक्त किया था फिर भी बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन होता रहा, कभी-कभार 1 ,2 ट्रैक्टरों को पकड़कर करवाई किया गया है इसका समुचित आंकड़ा समय नहीं रहने के कारण उपलब्ध नहीं हो सका है बालू के कारोबार से जुड़े हुए लोगों से बातचीत में पता चलता है कि मुनाफे का अधिकांश पैसा सेटिंग सेटिंग करने में चला जाता है ऐसे में हम लोग सस्ते दर पर बालू नहीं दे सकते हैं अब यह पता करना प्रशासन का काम है कि आखिर यह सेटिंग कटिंग किससे है खुद प्रशासन से या किसी और से अब देखना यह है कि गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी के लाभुकों को कब तक और कैसे सस्ती दर पर बालू उपलब्ध होगा

## बालू के अभाव में पीएम आवास नहीं हो पा रहा पूर्ण

उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में कई पीएम आवास बालू के अभाव में अधूरा है। इसका मुख्य कारण है की झारखंड सहित पूरे जिले में बालू उठाव पर प्रतिबंध लगा हुआ है। उंटारी रोड के कई पीएम आवास योजना के लाभुकों पहली किस्त की राशि ले चुके है तो कोई दुसरी किस्त की राशि लेकर अपनी आवास को बालू के अभाव में पूर्ण नही कर पा रहा है। पीएम आवास योजना के कई लाभुकों ने बताया कि बालू के अभाव में वे अपने आवास निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर पा रहे है। वहीं रात्रि में अवैध बालू का उठाव कर ऊँचे दामों में बाहर बेचा जा रहा है नदियों को देखकर साफ प्रतीत होता है की क्षेत्र में कैसे बालू का कलाबाजरी किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी से बात करने पर उन्होंने कहा की सरकारी कार्यों में बालू जाना चाहिए और अवैध उठाव पर रोक लगना चाहिए।20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा की सभी प्रकार के सरकारी कार्यों में बालू उठाव के लिए सीओ से बात हुआ है जल्दी ही सरकारी कार्य मे बालू उपलब्ध होगा और अवैध उठाव पूरी तरह से बंद होना चाहिए। करकटा पंचायत मुखिया कलमा देवी ने भी कहा की अवैध उठाव पर रोक लगना चाहिए और सरकारी कार्यों में बालू की छुट होनी चाहिए।

## पंचायत सचिवालयों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया.इस लाभुक दिवस में पंचायत स्वयंसेवक, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभुक उपस्थित हुये. इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभुकों को 30 जून तक सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया.उपस्थित नोडल पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा करने में लाभुको को हो रही परेशानियों की जानकारी लिया.नोडल पदाधिकारियों ने कहा कि अब प्रत्येक गुरुवार को लाभुको की बैठक आयोजित कर आवास पूर्ण करने में हो रही परेशानियों की जानकारी लेते हुये समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई किया जायेगा.पंचायत सचिवालय में आयोजित इस लाभुक दिवस में सम्बंधित पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव,स्वयं सेवक , बीडीओ द्वारा प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी व सभी लाभुक उपस्थित थे।



## पूर्व मंत्री ने बीरबल ग्राम में जन चौपाल का किया आयोजन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड के बीरबल ग्राम स्थित चौपाल में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया.जन चौपाल को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि सगमा प्रखंड के बीडीओ के क्रिया कलाप से प्रखंड की जनता परेशान है.यहां की जनता के साथ अन्याय हो रहा है,इसलिए आज यहां आया हूँ.बीडीओ ग्रामीणों को मुकदमा का भय दिखाते है.उन्होंने कहा कि जनता के साथ जो अन्याय हुआ है,उनसे जो राशि ली गई है उसे लौटाना पड़ेगा.अन्याय की सजा भुगतना पड़ेगा.उन्होंने कहा कि बीडीओ की धमकी का असर है कि पंचायत के एक भी मुखिया कार्यक्रम में शामिल नही हुये. उन्होंने कहा कि जनता से जो राशि ली गई है,उसका जांच कराकर राशि वापस कराएंगे.उन्होंने जनता से प्राप्त आवेदन के आधार पर बीडीओ पर कई आरोप लगाते हुये जांच की मांग किया.उन्होंने कहा कि कार्रवाई नही होने पर वे जनता के साथ जिले के उपायुक्त कार्यालय पर घेराव करेंगे.मथुरा पासवान ने कहा कि सगमा बीडीओ से प्रखंड की जनता आतंकित है.जन प्रतिनिधि भी भयभीत रहते हैं। उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नही है। पूर्वमंत्री उनके कार्यो की जांच कराकर न्याय दिलाएंगे.भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि बीडीओ को इस बात का भी डर नही है कि जब भाजपा की सरकार बनेगी तो कहां जाएंगे।

## कलयुगी मां ने रिश्ते को किया कलंकित

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक कलयुगी माँ ने माँ की ममता को किया शर्मसार, लोक लाज की डर से गर्भपात कर नवजात को फेंका बीच बाजार। यक वाक्या शुक्रवार दोपहर 12 बजे की है, जब मुख्य बाजार स्थित स्व. एनके सिंह के खाली पड़े जमीन में कूड़ा कचरा चुनने पहुंचे कुछ बच्चों ने वहाँ गर्भपात कर नवजात बच्चे का शव फेका हुआ पाया। इसके बाद उनलोगो ने इसकी जानकारी आस पास रहने वाले लोगो को दी। स्थानीय लोगो की सूचना पर भवनाथपुर थाना के एसआई कुंदन कुमार व सहदेव कुमार साह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा लोगो से जानकारी लेते हुए उक्त नवजात की शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। साथ ही पुलिस ने नवजात के शव फेंके जाने की मामले में अग्रेतर कार्रवाई करते हुए इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाली महिला की पर्दाफाश हेतु जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## राजहरा कोठी मध्य विद्यालय की तीन छात्राओं का राष्ट्रीय मींस-कम-मेरिट छात्रवृति योजना में हुआ चयन

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के राजा कोठी मध्य विद्यालय के 3 छात्राओं ने राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा योजना में अपनी सफलता का परचम लहराया। जिसमें सिमरन कुमारी, श्वेता कुमारी व रिमझिम कुमारी का नाम शामिल हैं। तीनों छात्राओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए प्रदान की जाएगी। यह राशि बेहतर कैरियर व शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगा। इनकी सफलता पर विद्यालय परिवार फूले नहीं समा रहे। तीनों छात्राए अति निर्धन परिवार से संबंध रखती है। जो दैनिक मजदूरी करने वाले अत्यंत निर्धन परिवार से आती हैं। तीनों छात्राए सिमरन , श्वेता व रिमझिम ने बताई कि सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक को जाता है। जिनके कुशल नेतृत्व में परीक्षा की तैयारी की और सफलता भी प्राप्त हुआ। बताई कि प्रतिवर्ष मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि भविष्य के निर्धारण में वरदान साबित होगा। आगे पढ़ाई पूरी कर बतौर शिक्षिका कार्य करना चाहती है। ताकि गांव समाज में शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार किया जा सके। छात्राओं की सफलता पर विद्यालय परिवार में उमंग व उत्साह का माहौल देखा गया। छात्राओं के सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार द्विवेदी, शिक्षक राहुल कुमार पांडेय, संजीव कुमार राम, अजय प्रसाद गुप्ता को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में सेवा निवृत्त आचार्य की विदाई समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में विद्यालय के आचार्य हरिमोहन पाठक के सेवानिवृत्त होने के उपरांत स्नेह मिलन सह विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद,सचिव राकेश तिवारी,सदस्य सत्येन्द्र चंदेल, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मौके पर सभी ने सेवानिवृत आचार्य को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आचार्य हरिमोहन पाठक के कार्यकाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और 1996 से लेकर अप्रैल 2023 तक के उनके विद्यालय में योगदान की सराहना की।इस क्रम में विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र, शॉल,मिठाईयां समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आचार्य हरिमोहन पाठक भी सम्मान पाकर गदगद दिखे और उन्होंने सभी से प्राप्त सम्मान और स्नेह के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि वह इस विद्यालय परिवार से हमेशा जुड़े रहेंगे और हमेशा विद्यालय के उन्नति में अपना सहयोग करते रहेंगे। शिक्षक कभी अवकाश प्राप्त नही करते बल्कि नौकरी से अवकाश प्राप्त करते हैं। उक्त बातें विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ने विदाई समारोह के दौरान कही। अवकाश प्राप्त करना एक प्रक्रिया है। जिससे सभी कर्मी इस प्रक्रिया से गुजरते हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्नेह-मिलन का पल काफी मार्मिक होता है।

## पलामू की बेटी ने किया जिले का नाम रौशन, जीता मिसेज इंडिया का ताज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के बस स्टैंड के पास रहने वाली अपने पिता की इकलौती पुत्री ट्विंकल सिंह ने मिसेज इंडिया बन कर नाम रोशन कर दिया. कोलकाता में ट्रानिस्टिक डेटा टेक्नोलॉजीज के द्वारा इंडी रॉयल मिस एंड मिसेज इंडिया 2023 का आयोजन किया गया था. आयोजित मिसेज इंडिया इवेंट में ट्विंकल सिंह सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया था. यह प्रतियोगिता विवाहित महिलाओं के सौंदर्य की प्रतियोगिता थी. प्रतिभागियों का ऑडीशन के बाद, जिसमें ट्विंकल ने सभी स्तर के राउंड में जीत दर्ज करते हुए, फाइनल राउंड में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।आपको बता दें, ट्विंकल की प्रारंभिक शिक्षा सैक्रेड हर्ट स्कूल एवं एमके डीएवी से होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक किया हैं. वर्तमान में ट्विंकल कर्नाटका बैंक में सीनियर ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं. अपने बैंक के कामकाज के व्यस्तता के बावजूद भी अपने हुनर को सबके सामने प्रस्तुत किया हैं. नई पीढ़ी के युवाओं और स्त्री शक्ति के लिए प्रेरणा बन रही हैं।ट्विंकल की मां मीना बताती हैं कि बेटियां सभी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा बिखेर रही हैं, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और परिवार का साथ चाहिए होता हैं. पिता संतोष कुमार सिंह ने कहा की छोटे शहर से बेटी ने निकल कर अपने शहर का मान बढ़ाया है।

## पत्नी हंता को 10 वर्ष की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति अजय सिंह को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में सदर थाना अंतर्गत खनवा निवासी कबूतरी देवी ने अजय सिंह, रघुनाथ सिंह, निरोती देवी, कंचन सिंह व ललिता देवी के विरुद्ध सदर सतबरवा थाना कांड संख्या 98 / 2018 तिथि 19 जून 2018 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें अभियुक्तों पर आरोप था कि मृतिका रानी देवी का पति अजय सिंह का विवाह रानी देवी के मृत्यु के तीन वर्ष पूर्व हुआ था। शादी के एक डेढ़ साल बाद अजय सिंह व उसके परिवार के सदस्य रानी देवी से दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे ।मांग पूरा नहीं होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। और जान मारने की धमकी देने लगे। जिस बात की जानकारी रानी देवी अपने मायके जाने पर अपने माता पिता को दिया ।

## चार नए एपीपी ने दिया योगदान

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल कोर्ट पलामू में कार्य करने के लिए चार नए सहायक लोक अभियोजक शुक्रवार को अभियोजन कार्यालय में योगदान दिया है ।उक्त आशय की जानकारी प्रभारी लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में पांच नए सहायक लोक अभियोजक की पदस्थापना की गई है ।इसमें चार नए सहायक लोक अभियोजक शनिवार को योगदान दिया है ।योगदान देने वालों में रविंद्र नाथ चौरसिया, दिलीप कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, विकास कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं ।सहायक लोक अभियोजकों के योगदान देने से न्यायिक कार्य तेज गति से होगा। तथा मामले के निस्तारण में गति मिलेगा। विदित हो कि जिले में दो अपर लोक अभियोजक व दो सहायक लोक अभियोजक कार्यरत थे ।इसमें एक अपर लोक अभियोजक प्रभारी लोक अभियोजक के चार्ज में हैं।

## कामत मंदिर निर्माण में लगे एक मजदूर की 11000 वोल्टेज के तार में सटने से मौत

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू हुसैनाबाद थाना अंतर्गत बड़ा ही पंचायत के काम में 9 निर्माणाधीन मंदिर में कार्यरत एक मजदूर को सरिया सीधा करने के दौरान 11000 वोल्टेज के तार में सरिया को सट जाने से मौत हो गई । घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहिर मेहता 27 वर्ष कामत निवासी गांव के ही एक निर्माणाधीन मंदिर में कार्य कर रहा था कार्य के दौरान मंदिर में लगे सरिया को सीधा करने के दौरान सरिया 11000 वोल्टेज तार में सट गया जिससे जवाहिर मेहता बेहोश हो गए आनन-फानन में आसपास के लोग एवं परिजनों ने तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सा हेतु लाया गया अस्पताल में चिकित्सक डॉ अजय कुमार ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया इस घटना की सूचना मिलते ही उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजीव मेहता उर्फ एसपी मेहता अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मजदूर के परिजनों को ढाढोट बनाया एवं शोक संवेदना व्यक्त किया और कहा कि यथासंभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा । हुसैनाबाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल भेज दिया

## बालू के अभाव में विश्रामपुर प्रखंड में नहीं हो पा रहा प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य

### छोटी नदी नालों से आवास के लिए बालू उठाव करने का दिया गया है निर्देश

**नदी नालों की ग्रेडिंग की गई है। जिन्हें ग्रेड वन व टू दो भागों में बांटा गया है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी नदी का बालू ग्रेड वन में आते हैं। जबकि सरकार के द्वारा आदेशित ग्रेट टू का उठाव पंचायतों को दिया जाना है। जबकि विश्रामपुर में ग्रेड टू की कोई नदी नहीं है। जिसकी वजह से पंचायतों को आदेश नहीं दिया जा सकता। वहीं बड़े नदियों को नीलामी की जाती है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** बालू के अभाव में विश्रामपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य नहीं कराने वाले लाभुकों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ लाभुकों के द्वारा बालू नहीं मिलने का रोना रोया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में पाए जाने वाले छोटे नदी नालों से बालू का खनन कर प्रधानमंत्री आवास कार्य में उपयोग किया जाना है। इसके लिए प्रति गाड़ी 100 का चालान मुखिया के द्वारा काटा जाएगा। इसके लिए पंचायती राज के द्वारा मुखिया को चालान निर्गत कर दिया जाएगा। लेकिन विश्रामपुर प्रखंड के किसी भी पंचायत में इसकी प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है। प्रखंड के किसी पंचायत के मुखिया को अभी तक पंचायती राज से चालान की कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिसके वजह से मुखिया के द्वारा अभी तक बालू उठाव में चलान नहीं काटा जा रहा है। जबकि उपायुक्त के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय को पत्र भेज दिया है। पंजरी कला पंचायत की मुखिया रंभा मिश्रा ने बताई कि बालू उठाव नहीं होने के कारण पंचायत में विकास कार्य बंद पड़े हुए हैं। चाहे वह 15 वें वित्त की कार्य हो या मनरेगा से कराए जाने वाला शेड व कुआं हो। सभी कार्य बंद पड़े हैं। सरकार के अति महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास बालू की वजह से नहीं हो पा रहा है। बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन करके ऊंची कीमत पर बालू का कारोबार किया जा रहा। जिसे खरिदने में लाभुक असमर्थ हैं। वहीं प्रखंड के द्वारा लगातार दबाव दिया जा रहा व सर्टिफिकेट केश भी किए जा रहा है। पंचायत को बालू उठाव का आदेश दिया जाता है तो सारे विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

## अपने पत्नी से झगड़ा के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के निमिया निवासी मिथिलेश मेहता का पुत्र संतोष कुमार मेहता उम्र 30 वर्ष जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि संतोष गुरुवार को अपने साढू के घर नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचकेडीया गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह शादी खत्म होने के बाद वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपने घर निमिया लौट रहा था तभी रास्ते में साढू के घर के लोग उसे रोकने का प्रयास किए और कहा कि बाद में घर जाइएगा। कुछ दिन और रुक जाइए। इतने में संतोष गुस्सा होकर अपने पत्नी और बच्चों को वहीं छोड़कर अकेले अपना घर पहुंचा और गुस्सा में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।

## पलामू पहुंची सीआईडी की टीम नक्सली मुठभेड़ की जांच के लिए पुलिस पदाधिकारियों और ग्रामीणों का लिया बयान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सीआईडी की टीम पलामू में मुठभेड़ की घटना की जांच के लिए पहुंची है. सीआईडी टीम का नेतृत्व डीएसपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं. दरअसल, 25 फरवरी 2021 को पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के चोरहट में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सली कमांडर महेश सिंह उर्फ महेश भुइयां मारा गया था. महेश सिंह उर्फ महेश भुइयां गढ़वा के रमकंडा थाना क्षेत्र के रक्सी गांव का रहने वाला था. महेश प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद का एरिया कमांडर था और राज्य की सरकार ने उस पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था. इस मुठभेड़ के मामले में जांच के लिए सीआईडी की टीम पलामू पहुंची है।शुक्रवार को सीआईडी की टीम ने मुठभेड़ स्थल का जायजा लिया और ग्रामीणों से बयान लिया है. सीआईडी की टीम ने मुठभेड़ में शामिल रामगढ़ के तत्कालीन थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय और अन्य कर्मियों से भी पूछताछ की है. सीआईडी की टीम करीब दो घंटे तक घटनास्थल पर रुकी थी और जांच की।दरअसल, 25 फरवरी 2021 को पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि टॉप कमांडर महेश भुइयां अपने दस्ते के साथ रुका हुआ है।

## संगठन के सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक की गई ।प्रखंड पंचायत एवं जिला में चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि प्रखंड मंडल एवं पंचायत गठन के बाद बूथ स्तर पर संगठन को बनाने को लेकर जिला कांग्रेस गंभीर है। मिशन 2024 के तहत कांग्रेस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी ।उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को पूरे ईमानदारी एवं गंभीरतापूर्वक मिशन 2024 में के तहत लग जाएं ।बैठक में प्रमुख रूप से कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ,सत्येंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे ,रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष महावीर प्रसाद ,नावा प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ,पाटन प्रखंड अध्यक्ष अभय पांडे, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम, सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी ,पड़वा प्रखंड अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ,छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम, मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव ,लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ,हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे, मोहम्मद गंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान,पिपरा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उटांरी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, शैलेश मेहता, विनोद मेहता, रविंद्र कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने अधिवक्ता सोनी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने 30 अप्रैल 2023 को रांची महानगर कांग्रेस कमिटी का विस्तार करते हुए अधिवक्ता सोनी नायक को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। सोनी नायक ने इस महत्वपूर्ण पदभार के लिए डॉ. कुमार राजा का हृदय से आभार व्यक्त किया है और विश्वास दिलाया है कि इस जिम्मेदारी को सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य मानते हुए इस पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।इस महत्वपूर्ण पद के मिलने की खुशी में सोनी नायक के शुभचिंतकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। जिसमें विधायक दीपिका पांडे सिंह, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सलीम खान, विनिता पाठक, अधिवक्ता राजीव सुमन आदि शामिल हैं।

### भीमराव आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है : जयप्रकाश

**रांची :** राजद के झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचार और सिद्धांत को गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को समान अधिकार दिया गया है। गरीब को भी एक वोट और अमीर को भी एक वोट चुनाव में देना है। यादव शुक्रवार को संविधान पर परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। देश के विरासत को मिटाया जा रहा है। जो गंगा जमुनी संस्कृति है, आज उसमें जहर घोला जा रहा है। बाबा साहब के विचारों को हम जिला, अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत और गांव तक ले जाने का काम करेंगे। उसके लिए विचार गोष्ठी करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल समाज के सभी जाति, वर्ग और धर्म को जोड़कर चलता है। बाबा ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो हमें अपने अधिकार को लेना है।

## नर्स सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि विश्वास है : मंत्री

### रिम्स में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार को रिम्स सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का इस वर्ष का थीम आवर नर्सेजः आवर फ्यूचर था।मौके पर मंत्री ने कहा कि नर्स सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि वह एक विश्वास है। कर्तव्य और सेवाभाव का एहसास है, जो आपके दुख के समय में अपने परिवार का होने का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा नर्सों का चयन हो सके ताकि मानवता की सेवा और अच्छे से हो सके।कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि नर्स अस्पताल में बीमार व्यक्ति का हौसला बढ़ाते हुए कभी बहन का रोल अदा करती है तो कभी बिल्कुल अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके मरीजों की सेवा मातृत्व वाले से भाव से करती हैं। इसलिए नर्सिंग सिर्फ एक नौकरी नहीं यह मानवता की सेवा है।कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, रिम्स निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद, रिम्स चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ, रिम्स उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, आईटीयूसी एशिया पैसिफिक, सिंगापुर से डॉ. एसएमएफ पाशा सहित रिम्स के वरीय ऑफिसर, नर्स और छात्र मौजूद थे।

## झारखंड उच्च न्यायालय का 22 साल बाद होगा अपना भव्य भवन

**झारखंड उच्च न्यायालय का 165 एकड़ एरिया में फैला हुआ है। कोरुभवन आठ एकड़ में बना है।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय का अब अपना नया भवन तैयार हो चुका है। 24 मई को इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी, साथ में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू सीएम हेमंत सोरेन के साथ अन्य कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य भवन में चीफ जस्टिस सहित अन्य जजों के बैठने व कार्यालय की जगह है। बताया गया कि उच्च न्यायालय की ग्रीन बिल्डिंग का दायरा करीब 10 लाख वर्ग फीट है। इसमें 540 एडवोकेट चैंबरों के अलावा अदालत और न्यायाधीशों के लिए कमरे का निर्माण किया गया है। झारखंड उच्च न्यायालय का 165 एकड़ एरिया में फैला हुआ है। कोरुभवन आठ एकड़ में बना है। इसमें आवासीय परिसर का भी निर्माण भी होना है। उच्च न्यायालय भवन हटिया रेलवे स्टेशन, अरगोड़ा रेलवे स्टेशन व रांची स्टेशन से करीब है। नेशनल हाइवे-75 व रिंग रोड से भी यह काफी नजदीक है। सचिवालय, न्यायिक अकादमी, विधानसभा बहुत ही नजदीक हैं। बता दें कि लंबे समय से झारखंड उच्च न्यायालय डोरंडा स्थित लाल बिल्डिंग में चल रहा है।

## चुनाव की ड्यूटी में बाहर गए पुलिसकर्मियों को मिलेगी पांच दिन की छुट्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में राज्य से बाहर गए झारखंड सशस्त्र पुलिस के जवानों और पुलिस अधिकारियों को एक साथ पांच दिन का अनुमति अवकाश देने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात जैप और आईआरबी के 10 इको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है। इसे लेकर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृत कर दिया गया है। जैप डीआईजी ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है।

## नर्स हॉस्पिटल की रीढ़, इनके बिना हॉस्पिटल का संचालन संभव नहीं है : ज्योति शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इनटरनेशनल नर्स डे के मौके पर सदर हॉस्पिटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी ज्योति शर्मा ने हॉस्पिटल में ड्यूटी पर तैनात नर्सों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नर्स किसी भी हॉस्पिटल की रीढ़ होती है। इनके बिना हॉस्पिटल का संचालन ही संभव नहीं है। मरीजों की देखभाल से लेकर दवाएं देना और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखना नर्सों के ही जिम्मे होता है। इसलिए हमें भी नर्सों का सम्मान करना चाहिए। वहीं असिस्टेंट मेट्रन सदर हॉस्पिटल टेरेसा हेंब्रम ने सभी



नर्सों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा सभी नर्स मरीजों के साथ एक ह्यूमन बीइंग की तरह सेवा भाव से सेवा करें। मौके पर नेली रोज एक्का, भारती कुमारी, सरिता कच्छप, बिंदेश्वरी, बबिता कुमारी, जसिंता समेत अन्य मौजूद थी। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई कि नर्सिंग की पढ़ाई में काफी पैसे खर्च होते है। ऐसे में पढ़ाई पूरी करने के बाद जब उन्हें काम मिले तो उनके मानदेय का ध्यान रखा जाए।

## डीसी मंजूनाथ गवाही दर्ज कराने पहुंचे एसीबी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रांची स्थित एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में उपस्थित हुए। बताया जा रहा है कि खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दर्ज कराने पहुंचे हैं। मंजूनाथ भजंत्री ने ही यह केस खूंटी के तत्कालीन डीडीसी रहते हुए दर्ज करवाया था। उपायुक्त ने अपनी गवाही में अदालत को बताया कि ठेकेदारों की शिकायत के बाद उन्होंने वर्ष 2014 में कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। ग्रामीण विकास विभाग ने एवी इंटरप्राइजेज को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए टेंडर दिया था। भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक कंपनी ने विभाग को हैंडओवर कर दिया। इसके बावजूद ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बकाया राशि के भुगतान के लिए 26 जून, 2014 को लिखित आवेदन दिया गया। इस पर कार्यपालक अभियंता ने 20 प्रतिशत रिश्वत की मांग की। इसे लेकर 20 सदस्य सवेदकों की कमेटी ने 23 सितंबर, 2014 को तत्कालीन उप विकास आयुक्त से शिकायत की थी। इसके बाद उन्होंने केस दर्ज कराया था। खबर लिखे जाने तक मंजूनाथ भजंत्री एसीबी में ही थे।

## कृषक उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृषक उच्च विद्यालय रातू,रांची में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश के निर्देश पर आईटी असिस्टेंट अभय कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को हेलमेट , सीट बेल्ट, के विषय में जानकारी दी तथा बच्चों को बताया की शहर के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा एक्सीडेंट होती है। साथ ही बच्चों को कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करनी चाहिए इससे ध्यान भटकता है




जिसके कारण आपकी एक्सीडेंट भी हो सकती है। आईटी असिस्टेंट अभय कुमार ने विद्यार्थियों को गाड़ी नहीं चलाने की नसीहत दी अंत में अभय कुमार ने स्कूल के सभी शिक्षकों को कहा कि आप भी रोड सेफ्टी का पालन करें और प्रत्येक दिन कम से कम 5 मिनट बच्चों को रोड सेफ्टी के विषय में अवश्य बताएं साथ ही अभय कुमार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कहा कि एक्सीडेंट सिर्फ जागरूकता लाने से ही कमी हो सकती हैं । आईटी असिस्टेंट अभय कुमार ने विद्यार्थियों के साथ रोड सेफ्टी से संबंधित प्रश्न पूछें बच्चों ने सभी प्रश्नों का उत्तर दिए।

## निलंबित आईएएस छवि रंजन की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेना की भूमि सहित अन्य विवादित जमीन की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोपित निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने छह दिनों तक पूछताछ करने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने दोबारा कोर्ट से छवि रंजन से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने ईडी को चार दिनों तक पूछताछ की मंजूरी दी। इससे पहले छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद पांच मई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। छवि रंजन से ईडी सेना के कब्जे वाली जमीन, बजरा



मौजा की जमीन और चेशायर होम रोड की ज़मीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी किया गया था। इस छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड में कई जगहों पर छापेमारी की थी। छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित आवास में भी छापेमारी हुई थी।

## अंजुमन इस्लामिया ने फिल्म द केरल को प्रतिबंधित करने के लिए सीएम के नाम लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया रांची के अधीन लीगल सेल द्वारा अंजुमन इस्लामिया के महासचिव डॉ तारिक हुसैन और लीगल सेल कन्वेनर शाहीद अख्तर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि फिल्म द केरल स्टोरी को झारखण्ड राज्य में प्रतिबंधित कर देनी चाहिए। यह फिल्म भाजपा के प्रोपेगन्डा को बढ़ावा देती है। साथ ही साथ सामाजिक ताने-बाने को भी तहस-नहस कर रही है।

यह फिल्म झूठ से भरा हुआ है, और मुस्लिम समुदाय को खराब तरीके से चित्रित किया गया है।

विशेष रूप से यह फिल्म मुस्लिम युवाओं को बदनाम करती है। इस फिल्म के जरिये बताया गया है कि मुस्लमान युवक एक प्लान के तहत लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाते हैं, उनका धर्म परिवर्तन करवाते हैं और उन्हें आतंकी संगठनों से जोड़ते हैं।

फिल्म के जरिये भाजपा का सेंट ऐजेन्डा लव-जिहाद, धर्म परिवर्तन और मुस्लिम आतंकवाद का खुल कर प्रदर्शित किया गया है। यह फिल्म लोगों को मुस्लमानों के खिलाफ नफरत पैदा करती है, जिसका असर मुस्लमानों के जीवन और आजीविका को खतरे में डाल रही है।

लोग फिल्म की भ्रामक घटना को ही सच मान रहे हैं और मुस्लमानों के प्रति नफरत बड़ा रहे हैं। कहीं न कहीं यह फिल्म राज्य और देश में शांति और अखण्डता को भंग करती नज़र आ रही है। नफरत को बढ़ावा देने वाली फिल्म द केरल स्टोरी पर यथाशीघ्र प्रतिबंध लगाने की कृपा की जाए।

इस कार्य हेतु राज्य के शांतिप्रिय जनता आपकी आभारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की दी शुभकामनाएं



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हमेशा अभूतपूर्व योगदान देने वाले, समर्पण और सेवा की मिसाल देश के नर्स समूह को ढेरों शुभकामनाएं और जोहार।

## डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में पाई सफलता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सी बी एस ई,दसवीं एवं बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ,जिसमें डीएवी हेहल,राँची के छात्रों का दसवीं में एवं बारहवीं के तीनों संकाय-विज्ञान,वाणिज्य एवं कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय जया कुमारी-97.6 प्रतिशत, रिद्धिमा शाह-96 प्रतिशत, प्रिंस पटवा-95.8 प्रतिशत , वाणिज्य संकाय, मान्या गोयल-98.4 प्रतिशत, रोहित राज-96.8 प्रतिशत, आकांक्षा वर्मा 96.2 प्रतिशत, कला संकाय, आन्या 98 प्रतिशत, लावण्या 97 प्रतिशत, प्रिया 96.8 प्रतिशत , कक्षा बारहवीं की परीक्षा में डीएवी हेहल के 655 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें 113 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक एवं 417 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक व 606 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। रसायन शास्त्र एवं गणित में जया ने 99अंक, रिद्धिमा ने जीव विज्ञान में 98अंक ,आन्या ने भूगोल, इतिहास, राजनीति शास्त्र में 99अंक, मान्या गोयल ने वाणिज्य में 100,बी. एस. टी. में 99, फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक, रोहित ने वाणिज्य में100 अंक,केशव ने फाइन आर्ट्स में 100अंक आकांक्षा प्रिया ने फिजिकल एडुकेशन में 100 अंक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस परीक्षा में 492 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें 102 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक एवं 283 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक व 428 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिनका परीक्षा परिणाम निम्नलिखित है। ईशान 97.6 प्रतिशत, अंकित 97.4 प्रतिशत, युवराज 97.4 प्रतिशत, सौम्य 97.4 प्रतिशत, मोहम्मद अजहाँन 96.6 प्रतिशत , ईशान ने गणित एवं सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, प्रिंस डे ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, अभिनव आनन्द ने गणित में 100अंक,अभिनव कुमार सिंह ने संस्कृत में 100 अंक अर्जित किए हैं। इस उपलब्धि पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एम के सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा यह सब शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता के सहयोग का परिणाम है।

## अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ उठाने वाले पर 148848.60 का जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ उठाने वाले परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची अल्बर्ट बिलुंग ने कार्रवाई की है।

**148848.60 रुपये का जुर्माना**

परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता मो. खालिद, ग्राम-लोइयोकती टोली, पंचायत- लोइयो, प्रखंड- मांडर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने 148848.60 रुपये का जुर्माना लगाया है।

**6 दिनों के अंदर फाइन जमा करने का निदेशः** जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता को 6 दिनों के अंदर 148848.60 रुपये की जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। जुर्माना राशि जमा नहीं करने, राशन कार्ड सरेंडर न करने और अपना पक्ष नहीं रखने पर परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता का परिवार पिछले 7 वर्ष 5 महीने से अंत्योदय राशन कार्ड संख्या 202005678197 का



लाभ उठा रहा था, जो 13 सितंबर 2015 को बनाया गया था। राशन कार्ड के माध्यम से एन एफ एस ए /पीएमजीकेएवाई के लिए आवंटित राशन सामग्री का उठाव किया जा रहा था, जो झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश-2022 के अध्याय-द्वद्ध की कंडिका-07 के विरुद्ध है तथा प्राप्त किए गए खाद्यान्न की राशि वसूलने एवं प्राथमिकी दर्ज करने के प्रावधान के अंतर्गत आता है। परिवहन सह हथालन अभिकर्ता के लिए वाहन का स्वामित्व होना अनिवार्य है, जबकि राशन कार्ड के लिए चार पहिया वाहन होने की स्थिति में पात्रता समाप्त हो जाती है।

## विश्व नर्स दिवस के अवसर पर नर्सों ने मरीजों के साथ काटा केक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व नर्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल की नर्सों ने केक काटकर विश्व नर्स दिवस मनाया। मौके पर मरीजों के बीच भी केक बांटा गया ।

कहा कि नर्स के बिना स्वास्थ्य चिकित्सा को बेहतर और सफल नहीं बनाया जा सकता है। किसी भी अस्पताल में मरीजों की देखभाल और समय-समय पर उनको दवा खिलाने, भोजन खाने सहित हर



तरह की मदद मरीजों को किया जाता है, इसलिए नर्स की प्रशंसा जितनी भी की जाए कम है, इस मौके पर सदर अस्पताल के सीनियर, जूनियर और चिकित्सक गण उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय कालामाटी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय कालामाटी, खूंटी में जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन के द्वारा छात्राओं को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि वाहन का परिचालन सही उम्र में किया जाना चाहिए। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि घर में अपने परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान छात्राओं से यातायात नियम से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, प्राचार्या ज्योति कुमारी, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

## धूमधाम हर्षोल्लास के साथ शिव भक्ति के महापर्व मंडा पूजा का हुआ समापन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत पुंगी गांव में भव्य मंडा पूजा का कार्यक्रम मेला एवं झूलन के साथ समापन हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री सुदर्शन भगत जी और भाजपा युवा नेता सनी टोपी भी रहे उपस्थित। जेठ जतरा मंडा पूजा समिति पुंनगी के तत्वाधान में आयोजित फुलखुदी के दूसरे दिन झूलन एवं मेला में सांसद श्री सुदर्शन भगत एवं भाजपा नेता सनी टोपो ने कहा की हमारे समाज की हमारी संस्कृति की गौरव है और हमें उसे बचाकर अक्षुण रखने का प्रयास करना है। झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन हुआ। मेला मंडा पूजा के सफल संचालन में मंडा समिति का अध्यक्ष सुका उरांव , उपाध्यक्ष आशीष उरांव सचिव कृष्णा गोप कोषाध्यक्ष नारू उरांव सदस्य देवकांत उरांव पंचू , तिला,विनय पाठक तपेश्वर गोप लुका विसनाथ उत्कर्ष तिवारी आकाश शिबू शिवा रोशन शशि पंचायत शुकेंदर अनिल पार्वती गंगी पंचायत समिति सदस्य सुमति उरांव समाजसेवी दुगिता उरांव जिला परिषद परमेश्वर भगत आदि का योगदान रहा ।

## मैक्लुस्कीगंज जेनेट एकेडमी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैक्लुस्कीगंज जेनेट एकेडमी विद्यालय का सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा 2022-23 का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा. इस बार विद्यालय से कुल 68 विद्यार्थियों ने बोर्ड एग्जाम में शामिल हुए थे. जिसमें 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी परीक्षा फल लाकर उत्तीर्ण हुए. वही जेनेट एकेडमी स्कूल का स्कूल टॉपर निशांत कुमार 92.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉप किया. कुणाल नायक 89.6 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान पर,स्कूल के दो लड़कियों में साक्षी कुमारी और ईशा कुमारी 88.4 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर बाजी मारी. इस दैरान विद्यालय के संचालक मनोज गुप्ता व प्रधानाचार्य रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों का सफलता का का हकदार पूरा विद्यायल टीम का है. बोर्ड परीक्षा ने सफलता हाशिल किये हुए सभी विद्यार्थियों बक उज्वल भविष्य का कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई बारहवीं एवं दसवीं परीक्षा के परिणाम शत् प्रतिशत रहा. जिसमें विज्ञान संकाय में प्रथम रवि प्रकाश 78त्न, द्वितीय में काजल शर्मा 77.6 त्न एवं तृतीय स्थान में राहुल कामत 76त्न वही वाणिज्य संकाय में शुभम कुमार सिंह 83.8त्न, द्वितीय में शुभम कुमार 75.4त्न एवं तृतीय स्थान में मो. जीशान 68.3त्न लाकर टॉप रहा। एवं कला संकाय में प्रथम तनिष्क शर्मा 67.4त्न द्वितीय सूफी परवीन 66.8त्न एवं तृतीय में कुसुमलता कुमारी 65त्न लाकर टॉप की। दूसरी तरफ दसवीं के परिणाम में प्रथम स्थान हर्षवर्धन दास 82.4त्न द्वितीय स्थान में संदीप कुमार 81.6त्न एवं तृतीय स्थान में दीपिका कुमारी 80.8त्न लाकर आगे रही। इस परिणाम के विश्लेषण करने के पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, विद्यालय के सचिव लोकनाथ राणा, समिति सदस्य शिक्षक शिक्षकेतर-कर्मचारियों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छा रहा है। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। और दसवीं के विद्यार्थियों से आग्रह होगा कि वे सभी यही नामांकन लें। इस शुभ अवसर पर बिद्यानंद झा, बीरेंद्र झा, वीरेंद्र पाठक, रामनिवास पांडेय, जितेंद्र पांडेय, मनोरंजन ओझा, नवीन सिंह, आनंद कुमार जयसवाल, जिछु कुमार शर्मा, सरिता कुमारी, रीता दास, मोहन राय, शेषनाथ शर्मा, शशि रंजन, संदीप कुमार कर्ण, विजय उपाध्याय, निक्कू वर्मण, अनुराग कुमार, सुश्री अर्चना कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## वेतन वृद्धि करने की मांग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल फील्ड मजदूर यूनियन एनके एरिया ने एनके महाप्रबंधक को पत्र जारी कर बेतन में वृद्धि दिलाने के सम्बंध में मांग किया कि एस एफ भी आर एस 1999 के तहत नियुक्त 111 कर्मियों के नियमित होने के उपरांत तीन वर्षों तक बेतन में वृद्धि नही हुआ. बेतन में वृद्धि नही होने के कारण 111 सीसीएल कर्मियों ने उच्चतम न्यायालय के शरण में जाकर अपनी मांग को रखा. माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा 26/09/22 को आदेश पारित किया गया कि अपने सक्षम अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखें और प्रबंधक द्वारा आपकी सुनवाई नहीं होती है तो पुनः आप न्यायालय के शरण में आ सकते है. इस बाबत उच्चतम न्यायालय का आदेश का छायाप्रति कोल इण्डिया चेयरमैन, अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, सी.सी.एल. जी.एम.आई.आर. (पी) सी.सी.एल.महाप्रबंधक एन. के. एरिया, रोहणी परियोजना पदाधिकारी रोहिणी को दिया गया. इस संदर्भ में एस एफ भी आर एस 1999 के तहत नियुक्त 111 कर्मियों के द्वारा जेसीएससी राँची के बैठक में 29/09/20 को उपर्युक्त बातों पर चर्चा भी किया गया. उपर्युक्त जेसीएससी राँची की बैठक का ए टी आर 9/01/23 को एन.के. महाप्रबंधक को निष्पादन करने की आग्रह किया गया. जिसे कोल फिल्ड मजदूर युनियन के तरफ से एन. के. महाप्रबंधक से माँग करता है कि उपर्युक्त तथ्यों को गंभीरता से लेते नियुक्त 111 कर्मियों का तीन वर्षों का बेतन वृद्धि सहित अन्य लंबित मांग है उसे त्वरित गति से निष्पादन करें.

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक आज

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा के एन के एरिया के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एनके एरिया एवं परियोजना के सभी पधाधिकारियो का शनिवार (आज ) एक आवश्यक बैठक बुलाया गया. बैठक का मुख्य कारण विगत कुछ दिन पूर्व रैयत विस्थापित मोर्चा एवं एन के प्रबंधन के बीच 31 सूत्री मांग पत्र को लेकर वार्ता हुआ था. जिसपर प्रबंधन ने 12 मई तक सभी मांगों को पूरा करने का समय लिया था. साथ ही मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा था कि अगर प्रबंधन द्वारा दिए गए समय सीमा पर 31 सूत्री मांग पत्र पर कोई काम नहीं होता है, तो मोर्चा 15 मई को एक दिवसीय बंदी करने पर बाध्य होगी जिसकी सारी जवाबदेही एन के प्रबंधन की होगी.

## एलआईसी एजेंट की पुत्री पूर्णिमा कुमारी ने विद्यालय सहित गांव का नाम रोशन किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डकरा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र चुरी होयर के एलआईसी एजेंट टेकनारायण यादव की पुत्री पूर्णिमा कुमारी ने सीबीएसई की परीक्षा में 87.2त्न अंक लाकर पूरे पंचायत में प्रथम व अपने विद्यालय में दूसरे स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित गांव का नाम रोशन किया है ।पूर्णिमा के पिता टेकनारायण यादव ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में रहते हुए उन्होंने अपनी पुत्री से काफी उम्मीदें की थी कि वह परीक्षा में अच्छे अंक लाएगी। जो उसने प्राप्त कर उनकी उम्मीद पूरी की ।पूर्णिमा की सफलता पर उसकी मां सविता देवी, बहन कुमकुम यादव सहित पूरे गांव के लोगों ने बधाई दी है व उज्जवल भविष्य की कामना की है।


## कार्यालय उप विकास आयुक्त, पलामू (डी०आर०डी०ए०)

### इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 2163 दिनांक 10.06.2022 द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची से संबंधित योजनाओं/कार्यालयों में M/s Raider Security Service Private Limited, Ranchi के माध्यम से बाह्य स्त्रोत पर मानव संसाधन प्राप्त करने का आदेश निर्गत किया गया। पुनः विभागीय कार्यालय आदेश ज्ञापांक 1547 दिनांक 31.03.2023 के द्वारा M/s Raider Security Service Private Limited, Ranchi के साथ कारित एकरारनामा को विभाग द्वारा रद्द किया गया है तथा JAP-IT द्वारा Empanelled किसी भी Agency से Empanelment की शर्त्तो के अनुरूप कर्मियों की सेवा लेने हेतु निदेशित किया गया है।

उक्त कार्य हेतु JAP-IT के पत्रांक 1578 दिनांक 08.09.2021 के द्वारा चयनित 14 एजेन्सियों में से ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची से संबंधित योजनाओं/कार्यालयों में बाह्य स्त्रोत पर मानव संसाधन उपलब्ध कराने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक एजेन्सी अपना आवेदन दिनांक 24.05.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है, तथा दिनांक 24.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) को समिति एवं आवेदक/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। इस संबंध में विस्तृत विवरणी पलामू जिले के वेबसाईड www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR297220 (District)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं0 –02/2023–24

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार याजना (प्रस्तावित) के अन्तर्गत पूर्व वर्श की भॉंति बोकारो जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को **Factory Formaulated Extruded Mash Feed** एवं **Floating Fish Feed** उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठानो अथवा अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा दाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी, –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बोकारो।
2. अग्रधन राशि – मो0 15,000 रु0 (क0 –1 में वर्णित नाम से बोकारो में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, बोकारो।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एंव समय – दिनांक **19.05.2023** को **01:00** बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थान – उप विकास आयुक्त, बोकारो के कार्यालय कक्ष में।
6. निविदा खुलने की तिथि एंव समय – दिनांक **19.05.2023** को **03:30** बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें https://bokaro.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, बोकारो के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

PR 297216 Fish(23-24)#D

## न्यायालय–समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल।

### सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध बी0 पी0 एल0 ई0 वादों में संलिप्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के न्यायालय मे चल रहे बी0 पी0 एल0 ई0 वादों में कारण पृच्छा का जवाब समर्पित नहीं किया गया है एवं प्रतिवादी सुनवाई के विभिन्न तिथियों में अनुपस्थित हैं या प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं।

अतः उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया जाता है कि संबंधित बी0 पी0 एल0 ई0 वादों में निर्धारित तिथि 26.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र. | प्रतिवादी का नाम | वन वाद संख्या | बी0 पी0 एल0 ई0 वाद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | महादेव टुडू पिता छोटका मांझी, ग्राम चिचीकला, थाना चुरचू जिला हजारीबाग | G(F) Case no. 14/2016 | 10/2017 |
| 2 | बुधन साव पिता स्व0 महाबीर साव, ग्राम मंगरो, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग | G(F) Case no. 108/2009 | 18/2017 |
| 3 | (1) रामटहल शरण (2) सुदामा शरण, दोनों के पिता बुलाकी यादव, ग्राम + थाना सरायढेला, जिला धनबाद | G(F) Case no. 540/2011 | 15/2017 |
| 4 | जानकी मण्डल पिता गोविन्द मण्डल, ग्राम मन्दरामो, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 97/2011 | 43/2017 |
| 5 | गणेष यादव पिता भीखो यादव, ग्राम परसिया, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 165/2011 | 44/2017 |
| 6 | 1. मोईउद्दीन अंसारी पिता हमीद मियां<br>2 सलीम अंसारी पिता अलीबक्स मियां<br>3. कमरूउद्दीन अंसारी पिता दिलो मियां<br>4. टुना मियां पिता गुलाबी मियां<br>5. सुल्तान अंसारी पिता सहादत मियां<br>6. कुदुस मियां पिता टुना मियां<br>7. सकुर अंसारी पिता बाबुजान मियां<br>8 समसुल अंसारी पिता महाजन मियां<br>9. कयुम अंसारी पिता लतीफ मियां<br>सभी– ग्राम पुरनीडीह, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 164/2011 | 45/2017 |
| 7 | (1) डालेष्वर महतो पिता झमन महतो<br>(2) गिरधारी महतो पिता प्रयाग महतो<br>ग्राम मन्दरामो टोला लुतियानो, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 166/2011 | 46/2017 |
| 8 | हसनैन अंसारी पिता मंगर मियां, ग्राम पुरनीडीह, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 53/2011 | 47/2017 |
| 9 | (1) कारू मियां पिता दिल मोहम्मद मियां<br>(2) अली हुसैन मियां पिता दिल मोहम्मद मियां<br>(3) टुनू मियां पिता गुलाबी मियां,<br>सभी ग्राम परनीडीह, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | | |
| 10 | (1) जितेन्द्र महतो पिता स्व0 भगीरथ महतो<br>(2) तालेष्वर महतो पिता स्व0 भगीरथ महतो, ग्राम तुकतुको, थाना बगोदर, जिला गिरिडीह | F.C. no. 230/2010 | 36/2017 |
| 11 | (1) भुनेष्वर मण्डल पिता कमल मण्डल<br>(2) राजीव मण्डल पिता भुनेष्वर मण्डल<br>(3) बबलू मण्डल पिता ख्याली मण्डल<br>ग्राम नगरकेषवारी, थाना सरिया, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 50/2011 | 40/2017 |
| 12 | (1) शंकर मेहता पिता फागू मेहता<br>(2) भोला मेहता पिता फागू मेहता<br>ग्राम अटका, थाना बगोदर, जिला गिरिडीह | F.C. no. 188/2010 | 34/2017 |
| 13 | (1) सीताराम टुडू पिता बाबुलाल टुडु<br>(2) भीम सोरेन पिता रति सोरेन<br>(3) पण्डरा सोरेन पिता रति सोरेन<br>(4) नुनूलाल हंसदा पिता सानू हंसदा<br>ग्राम बगोडीह थाना सरिया, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | G(F) Case no. 64/2008 | 32/2017 |
| 14 | (1) प्रदीप कुमार पिता दामोदर महतो<br>ग्राम रत्साडीह, थाना सरिया, जिला गिरिडीह<br>(2) रविन्द्र कुमार पिता खिरोधर महतो<br>ग्राम रत्साडीह, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 11/2010 | 33/2017 |
| 15 | 1. नेमचन्द मण्डल पिता स्व0 हीरो मण्डल<br>ग्राम नगरकेष्वारी, थाना सरिया, जिला गिरिडीह<br>2. ब्यास मण्डल पिता स्व0 हीरो मण्डल<br>ग्राम नगरकेष्वारी, थाना सरिया, जिला गिरिडीह | F.C. no. 203/2009 | 31/2017 |

समाहर्त्ता–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल।

PR 297185 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

## A.H.T.U POLICE STATION, DIST-LOHARDAGA(JHARKHAND)
## (WHATSAPP NUMBER-6206880068)

### लापता व्यक्ति के संबंध में शिकायत दर्ज करने हेतु प्रपत्र



| | |
|---|---|
| नाम–इरफान अंसारी उम्र करीब 27 वर्ष | |
| शिकायतकर्ता से लापता व्यक्ति का संबंध–पिता–पुत्र | |
| निवास स्थान का पता–01, सा0–तिगरा ,थाना एवं जिला–लोहरदगा | |
| पिता– का नाम एवं पता | |
| नाम–साकीर सारी पिता–/अभिभावक का नाम–स्व करीमुद्दीन अंसारी | |
| लिंग–पुरूष | लापता का पूर्ण विवरण |
| पता–ग्राम–तिगरा | धर्म–मुस्लिम, राष्ट्रीयता–भारतीय |
| थाना–लोहरदगा | पो0–लोहरदगा |
| राज्य–झारखण्ड | जिला–लोहरदगा पिन न0–825302 |
| वैवाहिक स्थिति–अविवाहित | शैक्षणिक योग्याता–मैट्रिक पास |
| वह स्थान का विवरण जहॉ अंतिम बार देखा गया हो– | जींस पैनट |
| लापता होने के संबंध में संभावित कारण– | काम करने हेतु |
| शारीरिक विवरण– | सामान्य शारीरिक विवरण– |
| उँचाई–05 फीट 4 ईच | ऑख–काला |
| चेहरा–गोल | रंग–गोरा |
| बाल–काला | पहचान चिन्ह–दाहिने गाल के उपर कट का निशान एवं पेट में ऑपनेशन किये जाने का निशान |
| कोई संदिग्ध व्यक्ति जिसे अंतिम बार साथ देखा गया हो– | गॉव से अकेले निकला था पर लोहरदगा में देखा गया था। |
| जिला– | लोहरदगा झारखण्ड |
| थाना दैनिकी प्रविष्टि सं0/प्राथमिकी का विवरण | AHTU थाना काण्ड सं0–02/18, दि0–27.03.18, धारा–370 भा0द0वि0 |
| नाम/शिकायत प्राप्त करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | पु0अ0नि0 मॉंगु उराँव |
| नाम/जॉंच/अनुसंधान ग्रहण करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | पु0अ0नि0 सलन पॉल केरकेटा |
| शिकायत प्राप्त करने वाले थाना के पदाधिकारी का हस्ताक्षर तिथि एवं समय सहित | सलन पाल केरकेट्टा |
| थाना (संपर्क नं0)– | 6526224097,9431706218,6206880068 |

पु0अ0नि0
थाना प्रभारी,A.H.TU
जिला–लोहरदगा

PR 297255 Lohardaga(23-24).D

## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

### "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" अन्तर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" के भारत सरकार द्वारा निर्गत परिचालन मार्गदर्शिका की कंडिका 15.3 के आलोक में **आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25** के लिए **"प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना"** के अन्तर्गत चतरा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृशकों से विहित प्रपत्र में **दिनांक 31.05.2023** तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

उक्त योजना का मुख्य ध्येय मछली उत्पादन एवं उत्पादकाता में वृद्धि, गुणवता, तकनीकी, आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढ़ाचा की स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरों एवं मत्स्य कृशकों की आय दोगुनी होगी और इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायता होगा।

निजी क्षेत्र की लाभुकोन्मुख योजनाओं में लाभुकों का अंशदान आवश्यक है। सामान्यत : लाभुकोन्मुख योजना में लाभुक का अंशदान कुल परियोजना लागत का 60% (सामान्य कोटि के लिए) होगा, किन्तु सभी कोटि के महिलाओं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के लिए योजना में लाभुक का अंशदान परियोजना लागत का 40% होगा। इस योजना अन्तर्गत चिन्हित लाभुक–जनित कार्यक्रमों की सूची एवं विवरण निम्नांकित है :–

| क्र0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानीत राशि सामान्य जाति (40%) | सरकार का अनुदानीत राशि अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला (60%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 3 | ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क0सं0 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए) | (हे0में) | 4.00 | 1.60 | 2.40 |
| 5 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 6 | 04मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 7 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/ कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 8 | छोटे आर0ए0एस0 ( रिसर्कुलैट्री एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | (सं0में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 9 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उच्चाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 10 | जलाशय में केज की अधिष्ठापन | (सं0में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 11 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | (हे0में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 12 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 13 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 14 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 15 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 16 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 17 | रेफ्रीजेरेटेड (प्रयीतित) वाहन | (सं0में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 18 | इनसुलेटेड (तापरोधक) वाहन | (सं0में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 20 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 21 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन चक्का वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 23 | मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 24 | बडा फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 25 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 |

**नोट :** प्रत्येक योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तय अहर्त्ताओं के अनुरूप आवश्यकतानुसार तालाब निर्माण हेतु आवेदन के साथ LPC/Registered Lease copy तथा योजना आधारित DPR (Detail Project Report) लाभुकों को स्वयं के आय पर उपलब्ध कराना होगा।विशेष जानकारी के लिये इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय से संपर्क कर सकते है। वित्तीय वर्श 2020–21 , 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के वचे हुए शेष लाभुकों को वित्तीय वर्श 2024–25 के DLC में प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा।**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.05.2023**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.297225 Fish(23-24):D

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद।

मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांकः– 477 धनबाद/दिनांक– 12.05.2023

### ई0 अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा सूचना संख्या –11/2023-24/RDSD/EE/Dhanbad (3nd Call)

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall at Upgraded Middle School Central Karkaend at Dhanbad Block District Dhanbad (Length: 158.53 Meter) | 22.22 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 5000 | 4 महीना |
| 2 | Construction of Boundary Wall at Upgraded Primary School Muslimtola Mohanpur at Topchanchi Block District Dhanbad (Length: 130.10 Meter) | 17.95 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 5000 | 4 महीना |
| 3 | Construction of Boundary Wall at Upgraded Middle School Khantdih at Topchanchi Block District Dhanbad (Length: 151.35 Meter) | 20.93 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 5000 | 4 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **19.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – **26.05.2023** अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Section X) एवं Upload किये गये सभी दस्तावेज जमा करने की तिथि एवं समय **27.05.2023** अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **29.05.2023** अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **ई0 नरेन्द्र कुमार,** कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – **8789242462** (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 नरेन्द्र कुमार)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR.NO.297239 Rural Work Department(23-24):D

## कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

### E-tender Notice No:…07….. . Date. …12/05/2023…

### ई – निविदा आमंत्रण सूचना

सदर अस्पताल, कोडरमा एवं कोडरमा जिले के अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023–24 हेतु 1. ग्रुप ए– मशीन उपकरण 2. ग्रुप बी– दवा, आकस्मिक दवा, उपचार सामग्री, केमिकल, आदि 3. ग्रुप सी– स्टेशनरी सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता /प्रतिष्ठानों / प्राधिकृत एजेंसियों से ई–निविदा आमंत्रित कि जाती है।

**Detail of e-Tender/Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दवा, आकस्मिक दवा, उपचार सामग्री, केमिकल, मशीन , स्टेशनरी आइटम्स का दर अनुमोदन हेतु |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 12.5.2023 |
| 3 | ई निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि | 16/05/2023 from 11 AM |
| 4 | ई निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 05.06.2023 के अपराह्न 5.00 P.M तक |
| 5 | तकनिकी बिड खुलने का समय | 06.06.2023 at 3.00 P.M |
| 6 | वितीय भाग खुलने का समय | To be notify later |
| 7 | अग्रधन की राशि जो DRHS RCH FLEXIBLE POOL KODERMA, Payble at BOI Koderma के नाम से देय होगा। | 1. Group A Medical Machines and others - 1,00,000.00 (One Lakh Only)<br>2. Group B Machine - 2,00,000.00 (Two Lakh Only)<br>3 Group C Stationery items - 25,000.00 (Twenty Five Thousand Only) |
| 8 | ई निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो DRHS RCH FLEXIBLE POOL KODERMA, Payble at BOI Koderma के नाम से देय होगा। (Non-Refundable) | 5000.00 (Five Thousand) Only **Each Group** |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 8709947006, 9911901948 |
| 11 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 8709947006, 9911901948 |
| 12 | निविदा शुल्क एवं EMD का DD (Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 16.5.2023 At 11.00 A.M to 05.06.2023 Up to 5.00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR.NO.297209 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

## तिरुलडीह पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को खोज कर उनके मालिकों को सौंपा



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पुलिस को विभाग के आइटी सेल के मदद से लोगों के चोरी व गुम होने वाले स्मार्ट फोन ढूंढने में लगातार सफलता मिल रही है। इधर सरायकेला खरसावां जिला के तिरुलडीह थाना की पुलिस ने भी पांच लोगों के गुम हुए स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद कर गुरुवार को मोबाइल फोन के मालिकों को लौटा दिया है। उक्त गुम हुए मोबाइल फोन की गुमशुदगी की रिपोर्ट मालिकों के द्वारा तिरुलडीह थाना में दर्ज की गई थी। इधर गुरुवार को बरामद किए स्मार्ट फ़ोन को तिरुलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार ने असली मालिकों को तिरुलडीह थाना बुलाकर सौंप दिया। खोए हुए मोबाइल फोन प्राप्त करने पर मोबाइल फोन के मालिकों ने खुशी महसूस करते हुए तिरुलडीह थाना की पुलिस एवं झारखंड पुलिस का आभार जताया।

## आनंद मार्ग सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के इण्टर कॉलेज तिरूलडीह में शुक्रवार को आनंद मार्ग सेवादल महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन अवधुतीका आनंद चीर मधुरा आचार्य व अवधुतीका आनंद गुणमया आचार्य द्वारा आनंदमूर्ति के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया । इण्टर कॉलेज तिरूलडीह के छात्राओं को सेवादल का युनिफॉर्म पर प्राकृतिक आपदा से लोगों को बचाने, सेवा कार्य चलाने, मानसिक, आध्यात्मिक, शारीरिक प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दिया गया। मौके पर प्राचार्य उपेन महतो,शिक्षक प्रोफेसर हृदय रंजन महतो आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

## डॉ प्रजापति मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय बजरंग टावर में डॉ0 प्रजापति मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो और प्रो रविशंकर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मौजूद डॉ राजीव कुमार प्रजापति, डॉ आरके प्रजापति, डॉ सौरभ दास, डॉ शैलेश कुमार, डॉ राज कुमार प्रजापति आदि द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क आवश्यक दवाईयां दी गई। शिविर के सफल आयोजन में दुर्गाचरण महतो, दिनेश कुमार, कमला देवी, शक्ति राज, मुनकी कुमारी, प्रमिला देवी, किशन कुमार आदि का योगदान रहा।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र के रहने वाले



एक नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले 25 वर्षीय आरोपी जनमेजय सिंह को पटमदा थाना के पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल शुक्रवार को भेज दिया। इस संबंध में पटमदा थाना के एस आई विनय कुमार ने बताया कि आरोपी युवक ने नाबालिग लड़की को उसके मामा घर (पश्चिम बंगाल) से शादी करने की नीयत से भगा कर ले गया था। युवक शादी करने से मुकरने पर लड़की के पिता ने लिखित शिकायत करते हुए गुरुवार को देर शाम युवक के खिलाफ पटमदा थाना में मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया।

## बीईईओ ने नौ विद्यालयों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सरायकेला दिनेश कुमार दंडपात ने प्रखंड के नौ विद्यालयों द्वारा लगातार विभागीय आदेश की अवहेलना किए जाने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। बीईईओ ने बताया कि विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का ई विद्या वाहिनी एप के माध्यम से चाइल्ड वाइज यू डाइस मेंडटरी कार्य किया जा रहा है इसके लिए सभी विद्यालयों को निरंतर निर्देशित किया गया है।विगत 3 मई को शिक्षा सचिव द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक निश्चित समय सीमा के अंदर विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों का ईवीवी पोर्टल पर चाइल्ड वाइज यू डाइस मैंडेटरी कार्य किए जाने का निर्देश दिया गया था। निर्देश के बावजूद प्रखंड के नौ विद्यालयों द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया। विभागीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है इसलिए संबंधित विद्यालयों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। विभागीय कार्रवाई के लिए अनुशंसित किए गए विद्यालय हैं बाल ज्ञान केंद्र गुड़ियाडीह वार्ड नं 10, केवीपीएसडीएसएस गर्ल्स हाई स्कूल, एनआर प्लस टू हाई स्कूल, एसटी रेजिडेंशियल हाई स्कूल संजय, उप्रावि सिंदुरकुली, उमवि जोरडिहा, प्रावि पालोबेडा, केजीबीवी सरायकेला तथा प्रावि कुदरसाई शामिल हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पब्लिक दुर्गा पूजा मैदान सरायकेला में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो के नेतृत्व में भाजपा द्वारा एक धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जमशेदपुर के हिंदूवादी संगठन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर किए गए उक्त धरना प्रदर्शन किया गया। संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा हमारी मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर कारवाई की जाए, लेकिन प्रशासन और सरकार एकपक्षीय सोच रखती है। प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा चार पन्नो के एफआईआर में शरारती तत्वों के नाम है, जिन्होंने पत्थर फेंका, जिन्होंने बम फेंका, उनका नाम दर्ज है। धरना प्रदर्शन को भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह, उदय सिंहदेव, गणेश माहली, रमेश हांसदा ने संबोधन किया।

# टाटा स्टील माइनिंग ने भारत पेट्रोलियम के साथ किया एमओयू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर :** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ जाजपुर, ओडिशा में स्थित अपने फेरो एलॉय प्लांट के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टीएसएमएल और बीपीसीएल के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में गुरुवार को यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू का आदान-प्रदान हेमंत शर्मा, प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग, ओडिशा सरकार की उपस्थिति में किया गया, जिन्होंने सस्टेनेबिलिटी पहल की सराहना की और कहा, मैं बीपीसीएल और टाटा स्टील माइनिंग को गैस विक्रय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बधाई देता हूं जो ओडिशा में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेगा। एमओयू के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में भारत की अग्रणी तेल और गैस कंपनी बीपीसीएल जाजपुर में टीएसएमएल के फेरो एलॉय प्लांट को अपनी पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की समझौते के अनुरूप आवश्यक मात्रा की आपूर्ति करेगी। इस अवसर पर पंकज सतीजा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील माइनिंग ने कहा कि, बीपीसीएल के साथ हमारी साझेदारी जाजपुर में हमारे फेरोअलॉयज संयंत्र के लिए एलएनजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। यह समझौता ज्ञापन डीकार्बनाइजेशन और हमारी सस्टेनिबिलिटी की योजना के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। रऊफ एम खान, हेड (जीएएस), ईस्ट, बीपीसीएल ने कहा, हम टाटा स्टील माइनिंग के साथ जुड़ने और उन्हें उनके संचालन के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने पर खुशी हैं, जिससे हम डीकार्बोनाइजेशन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। यह एमओयू टाटा स्टील माइनिंग की सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हरित भविष्य की दिशा में कंपनी के प्रयास को और मजबूत करता है।

## सीबीएसई में शेन इंटरनेशनल के बच्चों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** शुक्रवार को घोषित सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में शेन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने परचम लहराया। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए। दसवीं में आदित्य प्रभात 97 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं, 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्वास्तिक सिंह दूसरे तथा 92.8 प्रतिशत अंक के साथ सार्थक त्रिगुण तीसरे स्कूल टॉपर रहे। वहीं 12वीं की घोषित परिणाम में 95.4 प्रतिशत अंक लाकर मोहम्मद असाब जावेद खान साइंस टॉपर बनने का गौरव हासिल किया जबकि श्रेया झा 81.6प्रतिशत अंक लाकर दूसरे तथा अनुज प्रधान 80.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। बारहवीं कॉमर्स संकाय में रिशा अहूजा स्कूल टॉपर रही। उसे 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ प्राचार्या पुष्पा भल्ला, प्राचार्या रमा श्रीनिवास, उप प्राचार्या केया अदक, हेडमिस्ट्रेस सिमरन सग्गू सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बारहवीं में रिमझिम जलान 95 प्रतिशत व दसवीं मौसमी 95.6 प्रतिशत अंक के साथ रहे स्कूल टॉपर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल के हुमिद स्थित डीएमपीएस स्कूल का दसवीं व बारहवीं का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा. यहां बारहवीं का परीक्षाफल 98.28 प्रतिशत और दसवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा. स्कूल के बारहवीं की छात्रा रिमझिम जलान ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनी. वहीं दसवीं में मौसमी महतो ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनी. डीएमपीएस स्कूल के बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल के चार बच्चे टॉप थ्री पर हैं. इनमें रिमझिम जलान 95 प्रतिशत अंकों के साथ सबसे ऊपर हैं. इसके अलावा शाहीद हुसैन 89 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और प्रेरणा मजूमदार व साथी कुंडू 88 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं. वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मौसमी महतो 95.6 अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनी. सुदिप्तो कुंडू 94.8 प्रतिशत और ऋषिता राजश्री व रौशन जलान 94.2 प्रतिशत अंकों मिला है। स्कूल की प्राचार्या शंपा बनर्जी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी पीएन बोस को उनकी 168वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी, प्रमथ नाथ बोस (पी एन बोस के नाम से लोकप्रिय) को आज उनकी 168वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। दिन की शुरुआत सुबह श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ हुई, जहां टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन और कर्मचारियों ने आर्मरी ग्राउंड के पास पीएन बोस को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तम सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील और संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट रॉ मैटेरियल्स टाटा स्टील, टाटा वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, टाटा स्टील के कर्मचारीगण सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। सभी स्थानों पर टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए डिजिटल श्रद्धांजलि की भी योजना बनाई गई थी। टाटा स्टील के नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस में 5वें पी एन बोस मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया। व्याख्यान के अतिथि वक्ता प्रो सुनील कुमार सिंह, निदेशक राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा थे। 12 मई, 1855 को पश्चिम बंगाल के एक सुदूर गांव में जन्में, पीएन बोस ने लंदन विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक किया और 1878 में रॉयल स्कूल ऑफ माइन्स से उत्तीर्ण हुए। भूविज्ञानी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने मध्य प्रदेश के धुल्ली और राजहरा में लौह अयस्क की खदानों की खोज की। उनके जीवन की सबसे उत्कृष्ट उपलब्धि मयूरभंज राज्य में गोरुमाहिसानी की पहाड़ियों में लौह अयस्क के भंडार की खोज थी। इस खोज के बाद उन्होंने यह 1904 में टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उन्होंने एक पत्र लिखा था, जिसके परिणामस्वरूप 1907 में जमशेदपुर में भारत के पहले एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई थी। कई अग्रणी पहल का श्रेय बोस को जाता है। वे ब्रिटिश विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक करने वाले पहले भारतीय थे; असम में पेट्रोलियम की खोज करने वाले; भारत में साबुन की फैक्ट्री स्थापित करने वाले और पेट्रोलॉजिकल कार्य के लिए सहायता के रूप में माइक्रो सेक्शन शुरू करने वाले भी पहले व्यक्ति थे। वह भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में एक श्रेणीबद्ध पद धारण करने वाले पहले भारतीय भी थे, जहाँ उन्होंने विशिष्टता के साथ सेवा की। एक विज्ञान पुरुष के रूप में, उन्होंने देश में तकनीकी शिक्षा को 2/3 बढ़ावा देने पर लगातार काम किया। उन्हीं के प्रयासों से बंगाल तकनीकी संस्थान की नींव रखी गयी, जिसे आज जादवपुर यूनिवर्सिटी के रूप में जाना जाता है, जिसके बोस पहले मानद प्रधानाचार्य थे।

# जुस्को स्कूल साउथ पार्क 10वीं के धैर्य व सुष्मिता 96.8प्रतिशत अंकों के साथ रहें ओवरऑल टॉपर्स

### 62 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सीबीएसई 10वीं के परिणाम घोषित होने के बाद जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 2022-23 में स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 22 छात्रों ने 90 -100 प्रतिशत के बीच स्कोर किया है,जबकि 40 छात्रों ने 80 - 89 प्रतिशत के बीच स्कोर किया है। स्कूल का उच्चतम प्रतिशत स्कोर 96.8 प्रतिशत दो छात्रों को मिला है। मैं छात्रों और अभिभावकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देती हूं।

**90 प्रतिशत -100 प्रतिशत के बीच अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं**

धैर्य कुमार- 96.8 प्रतिशत, सुष्मिता दाश - 96.8 प्रतिशत, तेघवीर सिंह- 96.6 प्रतिशत, यश श्रीवास्तव- 96 प्रतिशत, अनुराग कुमार साह- 95.8 प्रतिशत, इमरान वकील- 95.2 प्रतिशत, जीत अग्रवाल- 95 प्रतिशत, आयुष- 95 प्रतिशत, राजवीर गिरी- 93.8 प्रतिशत, नवनीत सिंह कापसे- 93 प्रतिशत, सागर गुप्ता- 93 प्रतिशत, सकाम श्रीवास्तव- 92.8 प्रतिशत, अंशिका कुमारी- 92.4 प्रतिशत, आर्य तिवारी- 92.2 प्रतिशत, माही जायसवाल- 92 प्रतिशत, एन साई चैतन्य- 91.8 प्रतिशत, स्नेहा सिंह- 91.4 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी- 90.6 प्रतिशत, शुभम कुमार- 90.4 प्रतिशत, कुमार आदर्श- 90.2 प्रतिशत, उत्कर्ष- 90.2 प्रतिशत और मानस झा- 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

## आदिवासी प्लस टू हाइस्कूल बांगुड़दा में प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** आदिवासी प्लस टू हाइस्कूल बांगुड़दा के सभागार में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक विश्वनाथ माझी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय विकास एवं छात्र कोष में जमा हुए राशि को छात्र हित में सदुपयोग करने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सह समिति के अध्यक्ष मंगल कालिंदी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में लाइब्रेरी, विज्ञान एवं भूगोल प्रोयोगशाला का निर्माण, वाटर प्यूरिफायर एवं डाटा एंट्री कार्य हेतु 2 लैपटॉप खरीदने का स्वीकृत विधायक के द्वारा दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक विवेकानंद दरीपा, सुजीत कुमार सेठ, रथुनाथ महतो, वकील राम, राजू सिंह, रविन्द्र कुमार रवि, स्वेता महतो, प्राण कृष्ण कुंभकार, राजीव मंडल,सुब्रत कुमार भुई, जेई एम खान, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,महावीर महतो व अश्विनी महतो आदि उपस्थित थे।

## माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम कल, फ्री चाट की जगह पुड़ी सब्जी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का 56 वा जन्मदिन अनोखे अंदाज में भक्तिमय माहौल में मनाया जायेगा। साकची स्थित मनोहर चाट दुकान में 14 मई रविवार की रात और 15 मई सोमवार को दिन भर जन्मदिन का कार्यक्रम होगा। इस संबंध में शुक्रवार को माधुरी प्रशंसक पप्पू सरदार ने बताया कि उनकी बड़ी बहन माधुरी दीक्षित की माताजी स्नेहलत्ता का निधन 12 मार्च को हो गया था जिस कारण इस साल जन्मदिन का केक नहीं काटा जायेगा। रविवार की रात माधुरी की लंबी उम्र के लिए हवन के साथ पूजा की गयी। भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम के लिए वृन्दावन और पश्चिम बंगाल के मायापुर से कलाकारों की टीम आ रही हैं। रविवार की रात 10.30 बजे से भक्तिमय राधे-राधे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस दौरान माधुरी दीक्षित के फिल्मी गाने भी नहीं बजेंगे। पप्पू सरदार ने आगे बताया कि सोमवार 15 मई की शाम को आम लोगों के बीच निःशुल्क चाट वितरण नहीं किया जायेगा। चाट के बदले प्रसाद स्वरूप पुड़ी सब्जी का वितरण होगा। उन्होंने शहरवासियों से दोनों दिन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने बताया कि सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में भी केक नहीं काटा जायेगा। वहां रह रहे विशेष बच्चों के बीच फल ओर भोजन का वितरण होगा। मालूम हो कि पिछले 27 सालों से हर वर्ष माधुरी का जन्मदिन मनाते आ रहे।

## 12वीं में मुकुंद गुप्ता 95.4 प्रतिशत लाकर बने जेएसएसपी टॉपर, स्नेहा को मिला 93.4 प्रतिशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी 12वीं के परिणामों में जुस्को स्कूल साउथ पार्क के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की है। स्कूल के 12 छात्रों ने 90प्रतिशत से ज्यादा अंक लाए जबकि 33 छात्र 80-89प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वहीं 33प्रतिशत छात्र 80प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने में सफलता हासिल की है। 12वीं प्योर साइंस में मुकुंद गुप्ता ने 95.4प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने, जबकि स्नेहा शर्मा ने 93.4प्रतिशत, आयुष्मान कुमार शर्मा 93 प्रतिशत, रिंचिक कुमार 92प्रतिशत, अमन कुमार 91.8प्रतिशत, आकाश मुंडारी 90.8प्रतिशत, अंकुश कुमार 90.6प्रतिशत, अंसु कुमार 89.8प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वहीं मनाहिल मारूफ अंसारी 91.8प्रतिशत अंक लाकर बायो साइंस में स्कूल टॉपर बनी। जबकि मित्रांशु थाटोई 91.6प्रतिशत, तनीषा कुमारी 91.4प्रतिशत, प्रिया सिंह 90.2प्रतिशत, तैयबा होडा 90प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसके अलावा 12वीं कॉमर्स में रसलीन कौर 87.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप रही। जबकि नाबिया नवेली झा 86.4प्रतिशत और मोनिका दास 84प्रतिशत अंक प्राप्त की है। स्कूल के प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संपादकीय

# कर्नाटक की संप्रभुता अलग!

**भारत** एक संप्रभु राष्ट्र है, क्योंकि वह स्वतंत्र और अखंड देश है। भारत राज्यों का संघ है, लेकिन संप्रभुता 'राष्ट्रीय' ही है। वही संप्रभुता राज्यों को भी हासिल है। इन सबका उल्लेख भारत के संविधान की प्रस्तावना में भी है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने, कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान, अपने संबोधन में 'संप्रभुता' या समानार्थी अंग्रेजी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से उनका जो बयान जारी किया गया है, उसमें कर्नाटक की अखंडता, संप्रभुता, प्रतिष्ठा का उल्लेख जरूर है। यह विरोधाभासी बयान सोनिया गांधी की अनुमति के बिना जारी कैसे किया जा सकता है? सोमवार देर रात तक यह बयान डिलीट नहीं किया गया था और न ही पार्टी की तरफ से अधिकृत स्पष्टीकरण आया था। कुछ गड़बड़ तो जरूर है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर बेहद आक्रामक अंदाज में सवाल किया कि क्या कर्नाटक की संप्रभुता, भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता से, अलग है? क्या कर्नाटक भारतीय संघ का अंतरंग, अविभाज्य अंग नहीं है? कांग्रेस का 'शाही परिवार' चुनाव और राजनीति को प्रभावित करने के लिए ऐसे बयान क्यों दे रहा है? शाही परिवार देश में विदेशी शक्तियों के दखल को उकसाता रहा है और लगातार टिप्पणी करता रहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। यदि भारत में लोकतंत्र और आजादी नहीं है, तो कर्नाटक संप्रभु और अखंड कैसे रह सकता है? बहरहाल चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेजकर सोनिया गांधी के कथित बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस की मान्यता और पंजीकरण रद्द करते हुए पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। चुनाव आयोग ऐसा 'चरम निर्णय' नहीं लेगा, यह हमारा आकलन है। बेशक सोनिया गांधी ने कर्नाटक की संप्रभुता और अखंडता को, भारत से, भिन्न न आंका हो, लेकिन ट्विटर के जरिए दुनिया के करोड़ों लोगों तक यह संदेश जरूर चला गया है। हमारे देश में चुनाव बड़े विकृत और नफरती होते जा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को 'जहरीला सांप' करार दिया, 'नालायक बेटा' तक भी कहा और बदले में एक भाजपा विधायक ने सोनिया गांधी को 'विषकन्या' करार दिया। सोनिया गांधी और पाकिस्तान की एजेंट तक कह दिया। क्या जनादेश ऐसे अपशब्दों पर भी हासिल किए जा सकते हैं। सोनिया गांधी के कथित बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता सिर्फ यही बोलते रहे कि प्रधानमंत्री अनर्गल अलाप कर रहे हैं। झूठ बोल रहे हैं। वीडियो दिखाओ। ट्विटर वाले बयान पर वे कन्नी काटते रहे। संप्रभुता को विभाजित करने की बात कहना कोई सामान्य कथन नहीं है। देश में सभी मंत्री और संसद में सभी सांसद संविधान और भारत की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की शपथ लेकर अपना पद ग्रहण करते हैं। उसका भी उल्लंघन किया गया है, यदि सोनिया गांधी ने ऐसी बात कही है। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कही, तो प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं ने उसे भगवान बजरंग बली के अपमान से जोड़ लिया। प्रधानमंत्री के रोड शो तक में प्रभु हनुमान का प्रतिरूप बनाकर किसी व्यक्ति को पेश किया गया और वह पूरे रोड शो के दौरान चलता रहा। मंदिरों में 'हनुमान चालीसा' का पाठ बड़ी धूमधाम से कराया गया। क्या इस पर भी जनादेश मिलता है।

> प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर बेहद आक्रामक अंदाज में सवाल किया कि क्या कर्नाटक की संप्रभुता, भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता से, अलग है? क्या कर्नाटक भारतीय संघ का अंतरंग, अविभाज्य अंग नहीं है? कांग्रेस का 'शाही परिवार' चुनाव और राजनीति को प्रभावित करने के लिए ऐसे बयान क्यों दे रहा है? शाही परिवार देश में विदेशी शक्तियों के दखल को उकसाता रहा है और लगातार टिप्पणी करता रहा है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। यदि भारत में लोकतंत्र और आजादी नहीं है, तो कर्नाटक संप्रभु और अखंड कैसे रह सकता है? बहरहाल चुनाव आयोग ने भाजपा की शिकायत के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेजकर सोनिया गांधी के कथित बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस की मान्यता और पंजीकरण रद्द करते हुए पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। चुनाव आयोग ऐसा 'चरम निर्णय' नहीं लेगा, यह हमारा आकलन है। बेशक सोनिया गांधी ने कर्नाटक की संप्रभुता और अखंडता को, भारत से, भिन्न न आंका हो, लेकिन ट्विटर के जरिए दुनिया के करोड़ों लोगों तक यह संदेश जरूर चला गया है

## कुछ अलग

# भोर भए टैंकर पर

**मत** पूछो, लड़ते लड़ते अब मेरी बीवी कितनी लड़ाकू टाइप की बीवी हो गई है। नेताओं से भी लड़ाकी ! पर माफ करना, जब तक मेरा तबादला इस शहर नहीं हुआ था, तब तक वह बहुत ही शांत टाइप की बीवी थी। तब मैं कुछ भी कहता था तो वह सब हंसी हंसी में टाल जाती थी, पर आज मैं कुछ नहीं कहता, तब भी पतीले में रखे अंडे की तरह हर वक्त उबलती हुई। असल में उसे लडऩा मैंने नहीं, सरकारी राशन की दुकान वाले ने सिखाया। असल में उसे लडऩा मैंने नहीं, पानी विभाग वालों के नलों की सूखी हल्खों ने सिखाया, असल में उसे लडऩा मैंने नहीं, बिजली विभाग वालों के बिजली के बुझे बल्बों ने सिखाया। अब उसके लडऩे के कौशल को देख मैंने भी उसका पति होने के नाते उसके लडऩे के सारे हाथ मजबूत करने के नेक इरादे से अपने लडऩे की जीपीओ उसके नाम कर दी है। अब बल्ब में बिजली नहीं तो वह बेकिचक बिजली वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। अब नल में जल नहीं तो वह बेकिचक पानी वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। सरकारी राशन की दुकान में राशन नहीं मिलता तो वह बेकिचक राशन की दुकान वाले से भी वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं। लडऩे के बाद थक कर वह मुझे आराम करती समझाते हुए कहती है, सुनो ! पार्थ ! इस देश में लड़े बिना कुछ मिलने वाला नहीं। यहां बात बात पर लडऩे की कला ही स्वस्थ जीवन जीने की कला है। जबसे हम इस कालोनी में सिधारे हैं, मानसून के आ जाने के बावजूद भी रोज पानी की लड़ाई लड़ रही है पानीपत की लड़ाई से भी खतरनाक लड़ाई। पर खुशी की बात ! वह हर बार तय बाल्टियों में पानी लेकर ही विजय की मुद्रा में लौटती है। रोज सुबह सुबह चार बजे उठकर भगवान का नाम लेने के बदले पानी विभाग और मुझे मन ही मन गालियां देती हुई पानी का टैंकर आने वाली जगह अपनी बाल्टियां छोड़ आती है। उसके बाद घर आकर आधे चैन से मन ही मन मुझसे लड़ती हुई सो जाती है। जैसे ही उसे पक्षियों के चहचहाने के बदले पानी के टैंकर के आने की आवाज सुनाई देती है, वह झटके से उठ चलते चलते ही अनुलोम विलोम करती टैंकर की ओर लपकती है। तब तक वहां पर पानी के लिए पानीपत का युद्ध शुरू हो चुका होता है। हनुमान द्वारा लंका में आग लगाए जाने के बाद रावण की रानियों का पानी ! पानी ! पानी ! सब रानी अकुलानी कहैं, जाति हैं परानी, गति जानी गजचालि है। पानी के लिए पानी वालों से अधिक उनके बरतन आपस में लड़ भिड़ रहे होते हैं तो पानी के बरतनों से अधिक पानी को लेकर पानी वालों के हाथ मुंह। पानी के लिए लडऩे के पूरे मूड में जब वह वहां जाकर देखती है कि जिस जगह उसने लाइन में पानी के लिए अपनी लड़ लड़ कर पिचकी बाल्टियां रखी थीं, वे वहां से बहुत पीछे सरकाई जा चुकी हैं तो वह पानी के हक के लिए अपनी जगह पानी को रखे बरतन वाले के साथ उलझ लेती है दोकलाम वाली मुद्रा में। पानी के लिए इस छीना झपटी में जहां उसने पानी के लिए बाल्टियां रखी होती हैं, वह उन्हें उससे आगे रखने में वह कामयाब हो जाती है।

> असल में उसे लडऩा मैंने नहीं, पानी विभाग वालों के नलों की सूखी हल्खों ने सिखाया, असल में उसे लडऩा मैंने नहीं, बिजली विभाग वालों के बिजली के बुझे बल्बों ने सिखाया। अब उसके लडऩे के कौशल को देख मैंने भी उसका पति होने के नाते उसके लडऩे के सारे हाथ मजबूत करने के नेक इरादे से अपने लडऩे की जीपीओ उसके नाम कर दी है। अब बल्ब में बिजली नहीं तो वह बेकिचक बिजली वालों से वही लड़ती है। मैं चुपचाप उसके सामने भीगा बिल्ला बना रहता हूं।

## स्कूल के काम और अध्ययन के तनाव के प्रबंधन के बारे में अपने छात्रों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत करें

# छात्रों पर मानसिक दबाव कम करने के उपाय

**प्रो. मनोज डोगरा**

**व्यक्ति** के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, लेकिन आजकल अच्छे नंबर लाने का बहुत दबाव है। छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कठिन होती जा रही है। ऐसे में छात्रों के दबाव को कम करने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो माता-पिता उनसे अच्छे रिजल्ट की उम्मीद करते हैं। स्कूलों से वापस आने के बाद, उन्हें निजी शिक्षण कक्षाओं में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती। इसी तरह विश्वविद्यालयों में सीटों की संख्या कम होने के कारण छात्रों को प्रवेश पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों पर भारी दबाव भी पड़ता है। इसके अलावा, यह छात्रों के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। जब पढ़ाई और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ता है तो इसका प्रभाव छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए माता-पिता को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे भी अवकाश के समय के हकदार हैं। प्रतियोगिता को कम करने के लिए अधिक विश्वविद्यालयों का भी निर्माण किया जाना चाहिए। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा एकमात्र पड़ाव है, तनाव नहीं, इसलिए विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों को मानसिक दबाव के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अंकों को लेकर दबाव न बनाएं। हमारे माननीय



प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में एग्जाम वॉरियर्स में बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों पर दबाव न डालें। लेकिन साथ ही, छात्रों को भी अपनी क्षमताओं को कम नहीं आंकना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'परिवार के सदस्यों की बहुत सारी उम्मीदें होना बहुत स्वाभाविक है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन अगर सामाजिक स्थिति के कारण परिवार के सदस्यों को ये उम्मीदें हैं तो यह चिंता का विषय है।' पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, उनका जीवन निश्चित रूप से धन्य होता है, रंगों से भरा जीवन। आपके और आपके साथियों के बीच परीक्षा में 2-3 अंकों का अंतर लंबे समय में जीवन में मायने नहीं रखता। जो समर्पित हैं वे निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे।' पीएम मोदी ने अपने सत्र के दौरान कहा, 'आलोचना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भविष्य को बढ़ाने और आकार देने में मदद करती है। माता-पिता आलोचना नहीं करते, वे बाधित करते हैं। उन्हें अपने बच्चों को बीच में रोकना चाहिए। ऐसे लोग हैं जो बहुत मेहनत करते हैं। कुछ के लिए कड़ी मेहनत उनके जीवन के शब्दकोश में भी मौजूद नहीं है, कुछ मुश्किल से स्मार्ट काम करते हैं, और कुछ स्मार्ट कड़ी मेहनत करते हैं। हमें इन पहलुओं की बारीकियों को सीखना चाहिए और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए उसी के अनुसार काम करना चाहिए।' पीएम मोदी ने जोड़ा, 'तनाव एक छोटा सा नहीं बल्कि बहुत ही गहरा एवं बड़ा विषय है जबकि तनाव की प्रतिक्रिया समान हो सकती है, व्यक्तियों द्वारा रिपोर्ट किए गए तनाव के स्रोत अलग-अलग होते हैं। ये अंतर तनाव के कारणों, स्रोतों और परिणामों में देखे जा सकते हैं। ट्रिगर के कारण की परवाह किए बिना प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्राप्त तनाव प्रतिक्रिया समान है। उदाहरण के लिएए वैवाहिक तनाव, परीक्षा की चिंता, काम का तनाव आदि शरीर से समान शारीरिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त करेंगे। यह मुख्य रूप से एड्रेनो-मेडुलरी सिस्टम के कारण होता है, जो हमारे तंत्रिका तंत्र के अनुकंपी विभाजन का हिस्सा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विद्यार्थियों और बच्चों को मानसिक तौर से मुक्त करना एक बहुत अहम कार्य है। कक्षा कार्य, परीक्षा और आकलन के लिए स्पष्ट और यथार्थवादी अपेक्षाएं निर्धारित करें। सहायता प्राप्त करने की रणनीतियों को साझा करें। यदि छात्र अभिभूत महसूस करते हैं तो उनका उपयोग कर सकते हैं। अपने छात्रों को याद दिलाएं कि एक विकास मानसिकता, जहां विफलता को विकास और सीखने के अवसर के रूप में देखा जाता है, माध्यमिक विद्यालय में सफलता का एक प्रमुख पहलू है। अपने छात्रों के साथ व्यावहारिक स्व-प्रबंधन रणनीतियों को साझा करें जिनका उपयोग वे तनाव और चिंता को प्रबंधित करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि श्वास और सूक्ष्म व्यायाम, सकारात्मक आत्म-चर्चा और कृतज्ञता का अभ्यास। अपने छात्रों को यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य लघु, मध्यम और दीर्घकालिक सीखने के लक्ष्य निर्धारित करने के अवसर प्रदान करें। इस प्रक्रिया में माता-पिता को शामिल करने से उनकी उम्मीदों को उनके बच्चे के साथ संरेखित करने में मदद मिल सकती है। स्कूल के काम और अध्ययन के तनाव के प्रबंधन के बारे में अपने छात्रों के साथ खुली और ईमानदार बातचीत करें। माध्यमिक विद्यालय में समय प्रबंधन, अध्ययन और परीक्षा के दबाव के आसपास प्रभावी संरचनाएं विकसित करना छात्रों के दीर्घकालिक कल्याण में बड़ा अंतर ला सकता है।

> स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं।

# 'जलवायु परिवर्तन' के जवाब में 'जन्म हड़ताल'

**सत्तर** के दशक से जोर पकड़ते पर्यावरण प्रदूषण ने अब ऐसे 'जलवायु परिवर्तन' तक की यात्रा पूरी कर ली है जिसमें माताएं बच्चों को जन्म तक देने से बचना चाहती हैं। उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपभोग ने अव्वल तो आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है और दूसरे, इस आपाधापी में पृथ्वी बर्बाद, बदसूरत होती जा रही है। इस आलेख में इस विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी है कि अगर 2030 तक 'जलवायु परिवर्तन' पर लगाम नहीं लगायी गयी तो आने वाली पीढियों के लिए पृथ्वी ग्रह रहने लायक नहीं रहेगा। जलवायु परिवर्तन से बाढ़, सूखा, जंगलों की आग, तापमान, वर्षा की तीव्रता, मरुस्थलीकरण और विभिन्न प्रकार के प्रदूषण बढ़ रहे हैं एवं कृषि पैदावार, वन क्षेत्र एवं जैव विविधता घट रही है। मलेरिया एवं डेंगू रोग बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस कदर बढ़ गया है कि भविष्य में धरती की आबादी के लिए 4 से 6 पृथ्वी की जरूरत होगी। इस खतरनाक परिदृश्य से पैदा संकट को ध्यान में रखकर अमेरिका की युवा सांसद अलेक्जेंड्रीया ओकोसिया कार्टेज अपने इंस्टाग्राम पर लाखों फालोअर्स को समझा रही हैं कि आने वाले समय में बच्चों को भयानक प्राकृतिक आपदाओं को झेलना होगा। ऐसे में बच्चों को जन्म देना क्या उचित होगा? इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। कई प्रदूषणकारी पदार्थ गर्भवती महिलाओं के गर्भ-नाल (प्लेसेंटा) से गर्भस्थ शिशु तक पहुंचकर कई प्रकार की विकृतियां पैदा कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक संगीतकार ब्लीथ पेपीनो ने अपनी कई महिला सहयोगियों के साथ निर्णय लिया है कि जलवायु परिवर्तन से पैदा विपरीत प्रभावों में सुधार नहीं होने तक वे गर्भधारण नहीं करेंगी। अपने इस निर्णय के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने एक संगठन 'बर्थ-स्ट्राईक' बनाया है जिससे हजारों महिलाएं जुड़ रही हैं। संगठन का कहना है कि वे बच्चों को ऐसी दुनिया में जन्म देना नहीं चाहतीं जहां उनके हिस्से के प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर पर्यावरण प्रदूषित कर दिया गया है। इस संगठन के लोगों ने जून 2019 में लंदन में जोरदार प्रदर्शन कर लोगों को बताया कि आने वाली पीढियों को बेहतर जीवनयापन के प्राकृतिक संसाधन नहीं मिल पायेंगे, इसलिए बच्चे पैदा नहीं करें। बर्थ-स्ट्राईक संगठन जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए अमीर, विकसित देशों की सरकारों को गंभीरता से जल्द कार्यवाही करने हेतु विभिन्न माध्यमों से दबाव भी डालता है। पर्यावरणविदों ने भी कहा है कि महिलाओं का इस प्रकार का निर्णय उन्हें संतान-सुख के नैतिक अधिकार से दूर कर रहा है। पुरुष भी अब इस संदर्भ में सोचने लगे हैं। वर्ष 2020 में अमेरिका की मॉर्निंग कंसल्ट एजेन्सी ने निःसंतान दम्पत्तियों के अध्ययन में पाया कि 04 में से 01 दंपत्ति ने बच्चे पैदा नहीं करने का कारण जलवायु परिवर्तन से पैदा विनाशकारी प्रभाव बताया। बच्चे कम या नहीं पैदा करने से प्राकृतिक संसाधनों के कम दोहन की बात से पर्यावरणविद एवं अर्थशास्त्री एक मत नहीं हैं। कुछ का मानना है कि यह सही है, परन्तु ज्यादातर की मान्यता है कि वर्तमान पीढ़ी यदि प्राकृतिक संसाधनों का सीमित उपयोग करे, पुर्नउपयोग एवं रिसायकल करे तो संसाधनों की उपलब्धता आने वाली पीढियों के लिए बची रहेगी। बच्चे पैदा नहीं करने का डर या चिंता यह भी दर्शाती है कि आबोहवा तथा मौसम में आ रहे बदलाव अब शरीर के साथ मानव मन पर भी प्रभाव डाल रहे हैं। इस प्रकार से पैदा चिंता या डर को अमेरिकन सायकोलॉजिकल एसोसिएशन ने 2017 में 'इको-एंग्जायटी' बताया था जिसका हिन्दी तात्पर्य है परिस्थितिकी चिंता या डर। कुछ मनोवैज्ञानिक इसे एक दम सही नहीं मानते, परंतु ज्यादातर का तर्क है कि जिस प्रकार सर्दियों में निराशा या हताशा के मामले बढ़ जाते हैं, ठीक उसी प्रकार मौसम में आये बदलाव भी नकारात्मकता, भय एवं चिंता के रूप में सामने आते हैं। हमारे देश में इसी वर्ष जनवरी में आयी 'जोशीमठ भू-धसान' की आपदा से प्रभावित लोगों में फैले डर या चिंता को इको-एंग्जायटी माना जा सकता है। भले ही इसका कारण प्राकृतिक कम एवं मानवीय हस्तक्षेप ज्यादा रहा हो। जनवरी में ही जोशीमठ के नगरपालिका परिसर में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 50 प्रतिशत से अधिक लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) से ग्रसित पाये गये। चिकित्सकों ने बताया कि उनसे बात करने पर ऐसा लगा मानो उनका रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) त्रासदी के कारण पैदा परिस्थितियों ने बढ़ाया है। पर्यावरणविदों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किये गये कई अध्ययन एवं सर्वेक्षण दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती बाढ़, सूखा, तेज गर्मी एवं बारिश, तूफान एवं भू-धंसान की घटनाऐं बहुत से लोगों को प्रभावित कर मानसिक विकार पैदा करेंगी, जैसे अवसाद, निराशा, चिंता, आक्रामकता, गुस्सा एवं आत्महत्या। जलवायु परिवर्तन से पैदा हालातों से जिस तेजी से लोगों में डर या चिंता बढ़ती जा रही है उस तेजी से इसे रोकने के वैश्विक प्रयास नहीं हो पा रहे हैं। अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में इस पर चिंता जरूर जतायी जाती है, परंतु देशों के अपने-अपने स्वार्थों के चलते कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाती। इस संदर्भ में बेहतर यही होगा कि हम अपने स्तर पर बचने के प्रयास करें, जैसे आसपास की प्रकृति से जुडऩा, पौधे लगाना, पौधों की देखभाल, बगीचे में बैठना, जंगल में घूमना, पेड़ एवं पक्षियों का अवलोकन, पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों की किताबें पढऩा एवं खानपान व सेहत पर ध्यान देना आदि। ऐसे उपाय करके ही हम प्रकृति के नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं। प्रकृति से खिलवाड़ इनसान ने खुद किया है, अतः अब इनसान को ही नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए उपाय ढूंढने होंगे। विश्व स्तर पर साझा प्रयासों की संभावना कम है, इसलिए अब देशों को अपने-अपने स्तर पर इस समस्या से निपटना होगा। हर देश की सरकार को अब सचेत हो जाना चाहिए।



> प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस कदर बढ़ गया है कि भविष्य में धरती की आबादी के लिए 4 से 6 पृथ्वी की जरूरत होगी। इस खतरनाक परिदृश्य से पैदा संकट को ध्यान में रखकर अमेरिका की युवा सांसद अलेक्जेंड्रीया ओकोसिया कार्टेज अपने इंस्टाग्राम पर लाखों फालोअर्स को समझा रही हैं कि आने वाले समय में बच्चों को भयानक प्राकृतिक आपदाओं को झेलना होगा। ऐसे में बच्चों को जन्म देना क्या उचित होगा? इस पर गंभीरता से विचार किया जाए। कई प्रदूषणकारी पदार्थ गर्भवती महिलाओं के गर्भ-नाल (प्लेसेंटा) से गर्भस्थ शिशु तक पहुंचकर कई प्रकार की विकृतियां पैदा कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक संगीतकार ब्लीथ पेपीनो ने अपनी कई महिला सहयोगियों के साथ निर्णय लिया है कि जलवायु परिवर्तन से पैदा विपरीत प्रभावों में सुधार नहीं होने तक वे गर्भधारण नहीं करेंगी। अपने इस निर्णय के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने एक संगठन 'बर्थ-स्ट्राईक' बनाया है जिससे हजारों महिलाएं जुड़ रही हैं। संगठन का कहना है कि वे बच्चों को ऐसी दुनिया में जन्म देना नहीं चाहतीं जहां उनके हिस्से के प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर पर्यावरण प्रदूषित कर दिया गया है।

## देश दुनीया से

# भारत में इतने मिग-21 क्रैश क्यों?

**मिग-21** लड़ाकू जहाज, जिन्हें साठ के दशक में तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) से खरीदा गया था। रूस इस फाइटर प्लेन को 1985 में रिटायर कर चुका है, लेकिन भारतीय सेना में आज भी इन जहाजों का इस्तेमाल हो रहा है। इस जहाज की खासियत रही है कि यह कभी धोखा नहीं देता, बशर्ते इसे पूरी सावधानी एवं सूझबूझ के साथ उड़ाया जाए। 1971 की लड़ाई में इस सुपरसोनिक जहाज की मार से दुश्मन कांप उठा था। ढाका के गवर्नर हाउस पर मिग-21 ने ही अटैक किया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ 1965 और 1999 की लड़ाई में भी इस लड़ाकू जहाज खुद को साबित कर दिखाया था। अब इस जहाज के क्रैश होने की घटनाएं इतनी ज्यादा हो चली हैं कि इसे 'उड़ता ताबूत' और 'विधवा बनाने वाला' तक कहा जाने लगा है। हालांकि इसका अपग्रेडेशन का काम चल रहा है, ऐसे में क्या अगले दो तीन साल में इसे पूरी तरह से रिटायर कर दिया जाएगा। मिग-21 बाइसन विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है और दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर जेट भी है। जबकि यह 60 साल से अधिक पुराना है, मिग -21 अभी भी चार सक्रिय स्क्वाड्रनों के साथ भारतीय वायु सेना के साथ सेवा में है, और जेनरेशन 3 फाइटर जेट्स से मेल खाने के लिए अपडेट किया गया है। जेट वर्तमान में केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं, लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ और ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए उपयोग किए जाते हैं। मिकोयान-गुरेविच मिग 21 एक सुपरसोनिक जेट लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान है, जिसे सोवियत संघ में मिकोयान-गुरेविच डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है। मिग सोवियत संघ का एक उत्पाद है जिसने 1959 में सेवा में प्रवेश किया था। चार महाद्वीपों पर लगभग 60 देशों ने मिग-21 को उड़ाया है, और यह अपनी पहली उड़ान के छह दशक बाद भी कई देशों की सेवा करता है। भारत ने 1963 में मिग-21 को शामिल किया और देश में विमान बनाने के लाइसेंस-निर्माण के लिए पूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अधिकार प्राप्त किए। 1985 में रूस ने विमान का उत्पादन बंद कर दिया, जबकि भारत ने उन्नत रूपों का संचालन जारी रखा। सोवियत वायु सेना – जिसे विमान को डिजाइन करने का श्रेय दिया जाता है – ने इसे 1985 में सेवा से हटा दिया। तब तक, अमेरिका से लेकर वियतनाम तक के देशों ने विमान को अपनी वायु सेना में शामिल कर लिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने इसे सेवा से हटा दिया। भारत के लिए, विमान को 1960 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था और 1990 के दशक के मध्य में उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जा रहा है। अक्टूबर 2014 में, वायु सेना प्रमुख ने कहा कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है क्योंकि बेड़े के कुछ हिस्से पुराने थे। इसके अलावा, एक इंजन वाला विमान होने का मतलब है कि यह हमेशा खतरे में रहता है। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब कोई पक्षी उससे टकराता है या इंजन फेल हो जाता है। इसे अक्सर 'फ्लाइंग कॉफिन' और 'विडो मेकर' कहा जाता है, क्योंकि इसने पिछले कुछ वर्षों में कई दुर्घटनाओं का सामना किया है, जिसमें कई पायलट मारे गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करना। देरी के कारण, भारतीय वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे के आसपास के राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया का मतलब है कि मिग को अंदर रखा जाना था। सामान्य से अधिक लंबी सेवा, अपनी सेवानिवृत्ति अवधि से परे – 1990 के दशक के मध्य में। पिछले दस वर्षों में, 108 हवाई दुर्घटनाएं और नुकसान हुए हैं जिनमें सेना के सभी अंग शामिल हैं – भारतीय वायु सेना, नौसेना, सेना और तटरक्षक बल।

> मिग-21 रुस का तैयार एक फाइटर विमान है। इसका इंजन काफी पुराना है और इसके साथ ही इसमें इस्तेमाल किए गए तकनीक भी काफी पुराने हैं। ये एक सिंगल इंजन वाला होता है और इसमें आग भी लग जाती है। इसका इस्तेमाल करने की क्षमता कहीं अधिक है। जांच में सामने आया है कि इसकी खिड़कियों की डिजाइन में भी कुछ गड़बड़ी है, जिसकी वजह क्रैश जैसे हादसे हुए। हालांकि इसे 2025 में रिटायर किया जाएगा। इसने अपनी पहली उड़ान साल 1955 में भरी थी और भारतीय वायु सेना में साल 1963 में शामिल किया गया।

## नागरिक बोध

# अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की अंदरूनी खींचतान कांग्रेस के लिए दुविधा

**सचिन** पायलट और अशोक गहलोत के बीच मनमुटाव पिछले चार साल से चला आ रहा है। 11 अप्रेल को सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे पर करप्शन का आरोप लगाकर सतारूढ़ कांग्रेस सरकार से जांच की मांग कर अनशन पर बैठे थे। अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अभीष्ट भाषा का प्रयोग भी किया था। सचिन पर सरकार गिराने का आरोप अशोक गहलोत ने लगाया था।सचिन को निकम्मा और नालायक जैसे शब्दों का प्रयोग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया था। अपने ही कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अनशन पर बैठकर भाजपा पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगाने के पीछे कांग्रेस आलाकमान की चूपी कुछ संदेह प्रकट कर रही है। इस तरह की लड़ाई के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दखलंदाजी करने की आवश्यकता है। उसके उलट सचिन पायलट को रोकने की आवश्यकता है। विधानसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेताओ पर आरोप लगाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कांग्रेस कर रही है। सचिन पायलट और अशोक गहलोत की दिशा अलग अलग है। सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनना है।उसके लिए राजनैतिक स्टंट बताया जा रहा है। भाजपा ने खरबो रुपए का कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस के तेवर तेज हो गए है। अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर विधायको की खरीद फरोख्त के लिए दो सौ करोड़ की रकम देने के आरोप के बाद भाजपा हरकत में आ गई है। राजस्थान में इनदिनों सदन में बहस छिड़ी हुई है। उधर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने अशोक गहलोत के वसुंधरा राजे के सहयोग के बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री बताए राजे ने कैसे सहयोग किया।र जस्थान की सियासत में उफान आ गया है। नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पैसे लेने वाले विधायको की सूची जारी क्यो नही करते है? राजस्थान में चुनाव नजदीक आता जा रहा है। वही पर भाजपा कांग्रेस का आरोप और प्रत्यारोप जारी है। सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे की करप्शन पर अशोक गहलोत से जांच की बात पर जवाब नही आने से नाराज सचिन ने 11 मई को जयपुर अजमेर यात्रा निकालने जा रहे है। अपने ही पार्टी के सांसद और विधायकों को कठघरे में लाने और उन को नीचा दिखाकर राजनीति को फतह करने निकले अशोक गहलोत को अपनी पार्टी में अनुशासन की नींव रखनी होगी।सचिन को आगे कर चाणक्य नीति अपनाने वाले दिग्गज नेताओं को चिंतन करने की आवश्यकता है।



# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिलांतर्गत 03 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं जिसमें सीकनी (मेडिकल स्कूल के नजदीक), डेढ़टगवा घाटी, नामुदाग (कब्रिस्तान के पास)। उपायुक्त ने सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिए अविलम्ब आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तथा विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहनने, गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की भी जांच करने तथा कारवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, परियोजना निदेशक, आइटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## आरबीआई के तहत वित्तीय साक्षरता व जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखण्ड के अंतर्गत संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में शुक्रवार 12 मई को भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीएम देवव्रत शर्मा के मौजूदगी मे वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का शुरुवात किया गया। जहां 4 प्रखंडों के बच्चे बच्चियां भाग लिया। बताते चलें कि गिद्धौर, पत्थलगड़ा, इटखोरी, मयूरहंड के बच्चे बच्चियां इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस क्रम मे 20 मिनट में 20 पुर्णनांक के तहत 20 प्रश्नों की परिक्षा बच्चो से दिया। जहां पर सभी प्रखंड के बच्चे बच्चियां परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा बच्चों के बीच ग्रुपिंग में करवाया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उन सभी छात्र छात्राओं को प्रथम को 5000, द्वितीय को 4000, तृतीय को 3000 रुपए का डमी चेक देकर सम्मान, पुरस्कृत किया गया। एवं उन सभी बच्चों को बताया गया। कि आप सभी बच्चों को आपका पुरस्कृत राशि अगले सप्ताह तक आपके अकाउंट में चला जाएगा। इस आशय की जानकारी बीओआई शाखा प्रबंधक विवेक कुजुर बताएं। मौके पर उपस्थित आरबीआई स्टेट से माला मुर्मू गेदों रविदास, बसंत कुमार मिश्रा, सरोज कुमार, एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र शत-प्रतिशत सफल

**महुआडांड़, लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड स्थित नेतरहाट आवासीय विद्यालय हमेशा अपने सर्वोत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रसिद्ध है। अपने इसी इतिहास को दोहराते हुए विद्यालय के सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएससी द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। सीबीएससी द्वारा आयोजित इस इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के कुल 64 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें विज्ञान संकाय में 54 और कला संकाय में कुल 14 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। विज्ञान संकाय से सुश्री नेका वंदनी ने सर्वाधिक 93त्न अंक प्राप्त किया वही कला में विशाल सोनी को अधिकतम 97.4त्न अंक प्राप्त हुआ। कला संकाय में यह प्रतिशत विद्यालय के लिए ऐतिहासिक रहा है। कला संकाय से भूगोल में 14, राजनीति विज्ञान में 06, अंग्रेजी में 34, अर्थशास्त्र में 5, शारीरिक शिक्षा में 45, इतिहास में चार एवं हिंदी में 1 छात्र ने तो वही संगीत में 5 और विज्ञान संकाय में गणित में 11, भौतिकी में 28, रसायन शास्त्र में 15, जीव विज्ञान में 7, कंप्यूटर में 10, एवं कृषि विज्ञान में 1 छात्र ने भाग लिया। जहां सभी छात्रों ने डिस्टिंक्शन के साथ परीक्षा पास की। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## जेई के खिलाफ एसडीओ को दिया आवेदन

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया के द्वारा बिजली विभाग के जेई के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया गया। बिजली विभाग जेई पर दुर्व्यवहार समेत घूसखोरी का आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए जिप सदस्य इस्तेला नागेशिया और ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन से मिलकर बताया की बिजली विभाग के जेई के द्वारा बिजली चोरी करने का केस करने की धमकी दी जाती है।

## हरिद्वार के दर्शन करने के लिए जत्था रवाना

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत से दिन शुक्रवार को कई धाम के दर्शन के लिए भक्त हुए रवाना सभी भक्तो ने सीतला माता मन्दिर से प्रणाम कर हुए रवाना। महुआडांड़ से बनारस होते हुए माता वैष्णो की दर्शन करते हुए गंगत्री यमुना त्री की दर्शन कर कई अन्य धाम की करेंगे दर्शन ।15 दिनों की यात्रा में रहेंगे भक्त। वही इस यात्रा में मुख्य रूप से हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, रंजीत कुमार, शशि भूषण जयसवाल, विकास कुमार, पूनम किरण, लक्ष्मी एवम् दर्जनों महिला पुरुष शामिल होकर रवाना हुए।

## स्थानीय नीति की मांग को लेकर रोजाना 21 किलोमीटर की दौड़ लगा रहे सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो, पहुंचे सिमरिया चतरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो प्रदेश के लोगों को खतियान के आधार पर पहचान और रोजगार का अधिकार दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी विधानसभाओं में प्रत्येक दिन 21 किलोमीटर का मैराथन दौड़ लगा झारखण्ड वासियों को जगाने का काम कर रहे हैं। अपनी यात्रा का 91वें दिन सिमरिया विधानसभा के नाम रहा। जहां पूर्व विधायक अमित महतो ने टंडवा के उरदा से मैराथन दौड़ की शुरुआत करते हुए सिमरिया मुख्य चौक पर जाकर समाप्त किया। इस दौरान अमित महतो के मैराथन दौड़ के समर्थन में स्थानीय युवाओं ने भी उनके साथ दौड़ लगाई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए अमित महतो ने कहा कि राज्य के बने 22 वर्ष बीत चुके हैं बावजूद इसके झारखंड वासियों को ना तो स्थानीयता की पहचान मिली और ना ही रोजगार। उन्होंने कहा कि एक उम्मीद के साथ झारखंड वासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिताने का काम किया लेकिन पूर्व की सरकारों से ज्यादा इन्होंने राज्य वासियों के साथ वादा खिलाफी का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी हुए कहा कि हमारी मांगे जायज है जिन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अनदेखा करने का काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि राज्य वासी आने वाले दिनों में उनके साथ भी यही काम करेंगे। अमित महतो का कहना है कि राज्य के सभी कार्यालयों में निचले स्तर से लेकर ऊंचे पायदान का अधिकारी झारखंडी होना चाहिए। झारखण्ड हमारा पहचान है ।झारखण्ड अलग कराने का उद्देश्य यही था। यही हाल रहा झारखण्ड का तो एक दिन अंग्रेजों के तरह हम लोगों को सिमटा कर बाहरी अपना साम्राज्य स्थापित कर लेंगे और हम टकटकी लगाए देखते रह जाएंगे।

## खाद कारोबारियों को लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन करवाने को लेकर प्रखंड परिसर में किया गया शिवीर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में शुक्रवार 12 मई को खाद्य कारोबारियों के लिए एफ एस एस ए आई लाइसेंस रजिस्ट्रेशन सक्षम बनवाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कार्यक्रम को शुरुआत करवाए। जहां गिद्धौर मुख्यालय से लगभग 30 आवेदन आए हैं। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी व्यवसाय को कई तरह की जानकारियां दिए। एवं दुकान का लाइसेंस बनवाने की बात कही। बताए कि बाजार में सबसे पहले यदि कोई दुकानदार पान मसाला बेचते हैं तो उसे छोड़ दें जानकारी देते हुए बताया कि 2013 के अधिनियम के तहत सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार गुटका पान पराग पान मसाला बंद किया गया है। आगे जानकारी दिए की गुटखा पान मसाला जैसे मैग्निशियम कार्बोनेट पाए जाने वाला गुटखा को बंद किया गया है। जो लाइव द्वारा जांच कर सुरक्षा बरतने की बात कही है। वहीं मिठाई दुकान वालों के लिए बताए कि मिठाई में कपड़ा रंगने वाला रंग का इस्तेमाल मिठाई में नहीं करें। एवं खाने वाला रंग का उपयोग करें वह भी निमित्त के अनुसार 1द्मद्द मिठाई में रंग का इस्तेमाल करने का अनुपात 100 पीपीएम बताया गया है। वही फास्ट फूड दुकान में (एमएसजी) सोडियम मोलटागेट आजीनु का प्रयोग नहीं करने की बातें कहीं है।पकड़े जाएंगे तो कानून जुर्म के साथ सजा भी हो सकती है। तो वही जो फल को कार्वेट के द्वारा पकाया जाता है।उस फल का इस्तेमाल नहीं करने की बातें कही है। फल पकाने के लिए इथाईलीन गैस का इस्तेमाल करने की बात कही है। एनजीओ से आए राकेश कुमार संतोष पाठक के साथ-साथ गिद्धौर मुख्यालय के 2 दर्जन से अधिक खाद्य कारोबारी उपस्थित थे। आगे बताएं कि छोटे एवं बड़े सभी खाद कारोबारियों को लाइसेंस बनवाना एवं रजिस्ट्रेशन करवाना अत्यंत जरूरी है। उपस्थित खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस बनाए गए। जिसके लिए मुख्य रूप से 2000 से 3000 रुपए का भुगतान भी किए हैं।

## केंद्रीय विद्यालय की छात्रा रायेना ने सीबीएसई मे 94.4 अंक लाकर किया स्कूल का नाम रौशन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार द क्रिसेंट स्कूल के प्राचार्या सालेहा तरन्नुम एवं जुल्फेकार खान की पूत्री रायेना खान सीबीएसई परीक्षा मे 94.4 फीसदी अंक लाकर स्कूल समेत अपने माता पिता का नाम रौशन किया है।रायेना केंद्रीय विद्यालय साईस बायोलॉजी की छात्रा है। यहां बताते चले की आज सीबीएसई की हुए परीक्षा का रिजल्ट निकला है। छात्रा के माता ने बताया की रायेना माध्यमिक बोर्ड में भी 94.4 अंक लाकर 2021 मे जिला टॉप किया था। पढ़ाई के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों समेत लातेहार व स्टेशन क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है।

## बढ़ते तापमान को लेकर अंचला अधिकारी ने लोगों को धूप से बचने का दिया निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड परिसर के अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने बढ़ते तापमान एवं धूप से बचने के लिए अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि व संम्पूर्ण ग्रामीणों को बचने के लिए मौसम विभाग के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बताए हैं। व दोपहर 11:00 से 3:00 के बीच धूप में बाहर नहीं निकलने के लिए बताए हैं।हल्के रंग के एवं सूती वस्त्र का उपयोग करने की बात कही गई है। अत्यधिक मारजेंसी काम के लिए बाहर निकलते हैं।तो माथे में कपड़े या टोपी पहन कर बाहर निकलें। प्यास ना लगी हो तभी पानी का सेवन करते रहें? पालतू जानवरों को भी धूप से बचावें। आसपास के पेड़ वृक्ष फल फूल के पौधों को सिंचाई करें। ताकि गर्मी से राहत मिल सके और बचा जा सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम होगी आज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में शनिवार 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जहां प्रखंड के सभी विभाग के कर्मियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रपत्र के आदेश व समयानुसार 10:00 बजे उपस्थित होने को कहा है। इस आशय की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने बताया है।

## पारा शिक्षकों के सेवा संपुष्टि को लेकर पंचायत सचिवालय में हुई बैठक

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड के मझगावां पंचायत सचिवालय में युवा मुखिया मंजीत सिंह की अध्यक्षता में पारा शिक्षकों के साथ सेवा संपुष्टि को लेकर बैठक किया गया।पारा शिक्षकों को इस बार मानदेय बढ़कर मिलेगा जिसमें 4 परसेंट की बढ़ोतरी की गई है। इसमें सेवा संपुष्टि का होना अनिवार्य है। पारा शिक्षकों के साथ बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के पंचायत समिति सदस्या पूजा कुमारी संकुल साधन सेवी लल्लू सिंह पारा शिक्षक जयशंकर प्रसाद वर्मा मालिक बाबू शैलेश दांगी मुकुंद यादव संजय राणा उदय यादव समेत पंचायत के अन्य पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## जले घर के पीड़ित परिवार को सांसद प्रतिनिधि ने दिया खाद्यान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के तेलियाड़ीह पंचायत के टोला अस्नालेबर में बीते दिन घर जल जाने के कारण दशरथ यादव और इंद्रदेव यादव के घर का सारा सामान नष्ट हो गया, घर में खाने को एक दाना अनाज या एक भी कपड़ा उपयोग योग्य नहीं रहा। इस बात की संज्ञान में आते ही टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने मानवता की मिशाल पेश किया और दोनों पीड़ित परिवार के यहां पचास किलो चावल, दाल, नमक, साबुन कपड़ा बेडसिट, कंबल दिया। वर्तमान में यह दिया गया सामान पीड़ित परिवार के सदस्यों के लिए काफी उपयोगी महसूस किया गया। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने अधिकारियों से बात कर हर सम्भव मदद करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस घटना की खबर अपने सांसद और विधायक को भी दिया हूं। उनलोगो ने भी उच्च अधिकारियों से बात कर मदद का भरोसा दिया है। मौके पर विशेष रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, महावीर घांसी, शिक्षक गोपाल यादव व अन्य उपस्थित थे।

## जल गए घर को देख भाव विभोर हुए बीडीओ, सीओ व प्रतिनिधिगण

# कुछ नहीं बचा सर, कहां रहूं : पीड़ित परिवार दशरथ यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत तेलियाडीह के टोला अस्नालेबर में बीते दिन तीन परिवारों का घर पूरी तरह से जल कर खाक हो गया। जल गए घर को देखने एवम पीड़ित परिवार से मिलने टंडवा बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय कुमार दास, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्या देवन्ती देवी, मुखिया महावीर साव, उपप्रमुख जितेन्द्र कुमार सिंह, आजसू नेता मनोज चंद्रा अस्नालेबर पहुंचे। सभी ने जल गए घर का मंजर देख भाव विभोर हो गए। स्थिति यहां तक भयावह हो गई कि दशरथ यादव स्कूल में एवम इंदर यादव का कुछ परिवार आंगनबाड़ी केन्द्र और दुकान खधैया के कमरे में रहने को विवश है। पीड़ित दशरथ यादव ने कहा कि सब कुछ जल गया, कुछ नहीं बचा सर, कहां रहूं। यह शब्द सुन उपस्थित सबों ने ढाढस बंधाया। बीडीओ रंथू महतो ने आश्वस्त किया कि उपायुक्त महोदय से बात कर अम्बेडकर आवास देने का प्रयास किया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी विजय दास ने आपदा से हर संभव क्षति पूर्ति दिलाने के लिए आश्वस्त किया। बीडीओ के द्वारा अपने स्तर से कुछ कपड़ा, कंबल दिया गया। इसके पुर्व टंडवा सांसद प्रतिनिधि के द्वारा पचास किलो चावल, दाल, नमक, बेडसीट कपड़ा, कंबल दिया गया। मौके पर पहुंचे मनोज चंद्रा के द्वारा कुछ साड़ी धोती दिया गया। भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने बीडीओ से आग्रह किया कि वर्तमान में दो दो क्विंटल चावल और खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए, वहीं मुखिया महावीर साव ने तीनों जले घर के पीड़ित परिवार को आवास उपलब्ध कराने की मांग किया। उपस्थित सभी ने आवास दिए जाने की मांग का समर्थन किया। मौके पर पुर्व जिला परिषद सदस्य बनवारी साव, खाद्य आपूर्ती विभाग सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, सुबोध कुमार, गोपाल यादव, रूपलाल साव व अन्य उपस्थित थे।

# एक तरफ जल रहा था घर तो दूसरी तरफ दूल्हा दुल्हन ले रहे थे साथ फेरे

➲ नियति के आगे सब हुए विवश, जले हुए घर में ही नई दुल्हन का स्वागत कर निभाया गया परंपरा



**संतोष कुमार @ प्रभात मंत्र**

**चतरा :** कहते हैं ना अगर नियति चाह ले तो आपकी गम खुशी में बदल सकती है और खुशी गम में भी। नियति के आगे हर कोई बेबस और लाचार है। ऐसा ही वाक्या थाना क्षेत्र के तेलियाडीह पंचायत के असनालेबड़ गांव मे देखने को मिला। जहां घर में दो बेटों की शादी की खुशी गम में तब्दील हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार गांव के इंद्रदेव यादव के दो बेटे रंजीत व संजीत यादव की शादी बुधवार की रात होनी थी। जिसको लेकर परिवार के सभी सदस्य बुधवार की देर शाम लातेहार के नगर भगवती मंदिर परिसर में शादी संपन्न कराने के लिए गए थे। इस बीच घर के देखरेख के लिए बड़े भाई जितेंद्र यादव को जिम्मेवारी दी गई थी। लेकिन आधी रात को घर में अचानक आग लग गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बड़ा भाई जितेंद्र रात्रि में घर का मुख्य दरवाजा लगाने के लिए बाहर निकला तो घर के छत पर आग लगा देखा। जिसके बाद आनन-फानन में इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को और बारात में गए लोगों को दी। जब सूचना दी गई तब दूल्हा-दुल्हन सात फेरे ले रहे थे। जब लोगों को घर मे अगलगी की जानकारी मिली तो शादी की खुशी गम में तब्दील हो गई। आनन-फानन में बाराती शादी से दूल्हा दुल्हन को छोड़ वापस घर आ गए। तब तक ग्रामीणों ने अगलगी की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दे दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजी। जिसके बाद आग बुझाने की कवायद शुरू की गई लेकिन आग बुझाते बुझाते दो गाड़ियों में पानी पूरी तरह समाप्त हो गया फिर भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसके बाद एक अन्य गाड़ी से फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में इंद्रदेव यादव और दशरथ यादव का घर पूरी तरह जल गया जबकि एक अन्य ननकू यादव का घर जलते जलते बचा। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम नही पहुंचती तो तीसरा घर भी पूरी तरह आग की चपेट में आ जाता। पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना में घर में लगाएं टेंट गद्दे गहने नकदी मोटरसाइकिल व कपड़े समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। बताया जा रहा है कि घटना में पीड़ित परिवार का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

**जले हुए घर में दुल्हन का स्वागत कर निभाई गई परंपरा**

शादी संपन्न कर जब अहले सुबह दोनों दुल्हन घर पहुंची तो परिछावन और द्वार प्रवेश की परंपरा करनी थी। ऐसी स्थिति में जिस घर में परिछावन और द्वार प्रवेश की परंपरा होती वह घर दुल्हन के पहुंचने से पहले ही जल गया था। लिहाजा जले हुए घर में ही दोनों दुल्हनों का प्रवेश करवाया गया। इस दौरान जिसने भी इस दृश्य को देखा सभी की आंखें नम थी। जिस घर में बरात निकलते वक्त बैंड बाजे और डीजे की धुन पर लोग थिरक रहे थे उस घर में दुल्हन के आने पर गम का माहौल था। इधर पड़ोसियों ने मानवता का परिचय देते हुए नवविवाहित दंपति समेत परिजनों को अपने घर में पनाह दी है। जले हुए घर में दुल्हन के स्वागत की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**सरकार और अधिकारियों से मदद की गुहार**

घर में अगलगी की घटना होने के बाद पीड़ित परिवार के पास ना तो खाने के लिए अनाज है और ना ही रहने के लिए कोई ठिकाना। ऐसे में परिवार वालों के साथ घर आई दोनो नई दुल्हनों के साथ भी एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। फिलहाल पीड़ित परिवार सरकार और जिले के पदाधिकारियों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिले के पदाधिकारी कब तक पीड़ित परिवार को मदद पहुंचाते हैं।

## जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सहित पेयजल प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सहित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई । बैठक में उपायुक्त ने क्रमवार जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) की प्रगति पर बिंदूवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि उक्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक शौचालय आदि स्थानों पर पानी की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) तथा हर घर जल (एचजीजे) का प्रमाणीकरण करने का निर्देश दिया। एसबीएमजी (स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम के स्टार रेटिंग बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके तहत 250 गाँवो का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनको ओडीएफ प्लस श्रेणी में लाने का निर्देश दिया। शौचालय निर्माण में बकाया राशि प्रखण्ड स्तर पर समन्वय बनाकर वसूल करने का निर्देश दिया। कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण व कार्यशाला की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि पंप ऑपरेटर, बिजली मिस्त्री, प्लम्बर आदि का प्रशिक्षण जिला में ही कराएं। एमएचएम (माहवारी स्वच्छता प्रबंधन) के अंतर्गत किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को एमएचएम व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु प्राकलन बनाने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा डेडीकेटेड फीडर लाइन भेड़ी फॉर्म से जलापूर्ति हेतु प्राकलन उपलब्ध कराया गया है तथा इस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल समेत अन्य संबंधित मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड राज्य के जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर चौथे दिन भी रहे हड़ताल पर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में जनसेवक के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर चौथे दिन भी हड़ताल जारी रहा। इसी क्रम में रामगढ़ जिला में पूर्व निर्धारित धरना स्थल पर जनसेवक ने बैठकर हड़ताल को लेकर रणनीति तय की। जिले में सभी कार्य पूर्व की तरह ही बाधित रहा। इस मौके पर झारखंड राज्य जन सेवक संघ के महामंत्री एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कृषि विकास के लिए पूर्व से रिक्त जनसेवक पद के लिए वर्ष 2011 में 2400 ग्रेड पे पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला गया। इसमें अनेक अभ्यर्थी अपने दूसरे सेवा को छोड़कर कृषि एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा विज्ञापित पद जनसेवक पर योगदान दिया। लगभग 10 वर्षों के सेवा के उपरांत कृषि विभाग के इन कर्मियों को प्रोन्नति दी जानी थी ।लेकिन विभाग की विडंबना देखिए इन कर्मियों को इनके वेतन घटाने हेतु कुछ दिनों पूर्व तुगलकी फरमान जारी किया गया । गौरतलब है कि पूर्व में इन कर्मियों के द्वारा कृषि विभाग एवं प्रोन्नति की मांग की जा रही थी ।साथ ही साथ इन्हें गैर कृषि कार्यों से मुक्ति के लिए अपने विभाग से अनुरोध करते आ रहे हैं ।परंतु विभाग इनसे कृषि कार्य ना लेकर एनजीओ एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा कृषि का कार्य करवा रहे हैं। विभाग इनका हित करने में आनाकानी कर रहे हैं , परंतु अहित करने हेतु जल्दबाजी दिखा रहा है, जो बिल्कुल भी न्याय संगत नहीं है ।अतः कृषि मंत्री, कृषि सचिव और कृषि निदेशक से अपील होगा कि पुनः अपने तुगलकी फरमान को वापस ले जिससे सरकार की छवि धूमिल ना हो। हड़ताल के चौथे दिन धरना में अजीत कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार महतो, परमानंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, रंजित कुमार रजक, पंकज कुमार, आलोक मित्रा, उमेश कुमार, विनीता सिंह, अनिल कुमार महतो, संजीव करमाली, त्रिलोकी नाथ महतो, रवि सागर पाण्डेय ,जोर्ज टुडू ,सुमित कुमार सिन्हा, विकास प्रसाद,अजय कुमार सिंह,चित्रा सिंह मुंडा, रविन्द्र कुमार महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, छत्रधारी महतो, आदि सभी जनसेवक शामिल हुए।

### सरस्वती विद्या मंदिर सिरका का सीबीएसई 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका का सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। जिसमें विद्यालय के विज्ञान और वाणिज्य भैया- बहनों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में कुल 17 छात्र शामिल हुए। जिनमें 12 छात्र प्रथम श्रेणी और 5 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जबकि वाणिज्य संकाय में 5 छात्र परीक्षा में भाग लिया। इनमें 2 छात्र प्रथम और तीन छात्र द्वितीय श्रेणी में पास किया। विज्ञान संकाय एसवीएम सिरका प्रथम टॉपर बाजगा अंजुम 84.2 प्रतिशत, द्वितीय टॉपर नेहा परवीन 70.6%, तृतीय टांपर विद्यांशु राज 96.60% अंक लाया। जबकि वाणिज्य संकाय में प्रथम टॉपर स्नेहा चौधरी 66.4%, द्वितीय टॉपर कली कुमारी 64.8% अंक लाकर विद्यालय का परचम लहराया हैं। इसे लेकर स्कूल सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष शत्रुमर्द्धन नाथ तिवारी, प्राचार्य कुमार विमलेश समेत सभी आचार्यों, भैया- बहनों ने 12वीं में सफलता पाए छात्रगणो की उज्जवल भविष्य की कामना व हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं और बधाई दी है।

### एसवीएम सिरका दसवीं परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिरका-अरगड्डा के सीबीएसई दसवीं परीक्षा फल शुक्रवार को प्रकाशित हुआ। जिसमें शत् प्रतिशत बच्चों ने अव्वल प्रदर्शन किया। 10वीं परीक्षा में 51 भैया- बहनों ने परीक्षा दी। जिनमें 30 छात्र प्रथम श्रेणी और 21 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें प्रथम विद्यालय के टॉपर उत्कर्ष मिश्रा 94.2 प्रतिशत, द्वितीय टॉपर अनुज पटेल 93.2 प्रतिशत, तृतीय टॉपर नीलम केशरी 90.2त्न अंक लाकर पूरे एसवीएम विद्यालय समेत अरगड्डा क्षेत्र का नाम रोशन किया। जबकि दस ऐसे भैया- बहन रहे. जिन्होंने 80% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया हैं। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम से विद्यालय के सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एसएन तिवारी, प्राचार्य कुमार विमलेश और सभी आचार्यों, भैया- बहनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना और बधाई दी हैं। साथ ही इससे स्कूल और क्षेत्र का नाम आगे बढ़ने की बात कही हैं।

### चार विद्यार्थियो को सफलता मिली

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेशनल मींस कम मेरिट स्कालरशिपपरीक्षा 2023 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मांडू रामगढ़ के चार विद्यार्थियो खुशबू कुमारी डोली कुमारी पूजा कुमारी और पंकज कुमार बेदिया ने सफ़लता प्राप्त किए जिन्हे एक सादे समारोह में विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिका समिति ने मिलकर हौसला अफजाई के लिए पुनः इन्हे पठन पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया विदित हो इन सफल विद्यार्थी को चार साल लगातार बारह हज़ार रुपए छात्र वृति के रूप में मिलेंगे विगत 2008से लगातार उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मांडू रामगढ़ के विद्यार्थी का चयन होते रहते हैं विधालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता किशोरी साहू अजीत कुमार राजकुमार मुकेश कुमार संदीप कुमार शाहिद अंसारी गीता कुमारी सुनिता कुमारी रेणु कुमारी रूबी कुमारी शबनम आरा अनिता देवी दारा बेदिया अध्यक्ष ने मिलकर इन सफल विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाए बधाई दी है।

# रामगढ़ में रोज बढ़ते अपराधों से जनता भयभीत, हालात नहीं सुधरे तो भाजपा सड़क पर करेगी आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित होटल शिवम इन के परिसर में संचालित ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े बंदूक की नोक पर हुई लूट और आए दिन होती गोलीबारी की घटना पर भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने असंतोष व्यक्त करते हुए इसे हेमंत सरकार की विफलता बताया साथ हीं ऐसी घटनाओं को अपराधियों और सरकार के बीच हुए गठबंधन का नतीजा बताया है। एक विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने बताया की रामगढ़ जिले में पिछले दिनों बिजूलिया पुल और रानीबागी दोनो जगह दो अलग अलग व्यवसाई पर गोलीबारी हुई, जिसमें एक गंभीर रूप से घायल व्यवसाई आज भी इलाजरत है । उसके कुछ दिन बाद हीं जिले के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र थाना चौक के करीब दिनदहाड़े गोलीबारी करते हुए कुछ अपराधी बेखौफ होकर एलआईसी ऑफिस से बैंक में जमा करवाने जा रहे लाखो रुपए लूट लेते है जिसमे एक गार्ड को गोली भी लगती है। आए दिन कभी भुरकुंडा में तो कभी पतरातु तो कभी रामगढ़ में व्यवसाइयों पर अथवा उनके प्रतिष्ठान पर अपराधियों द्वारा हो रहे हमलों से पूरा व्यवसाई वर्ग चिंतित और खौफ में है। घटनाओं के बढ़ने का कारण कांडों का उद्भेदन न होने जैसी प्रशासनिक चूक तो है हीं पर उससे कहीं ज्यादा अक्षम,अनुभवहीन और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हेमंत सोरेन की सरकार भी जिम्मेवार है जो पैसे लेकर बाबुओं की ट्रांसफर पोस्टिंग और तस्करी में व्यस्त है।

उन्होंने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा की अगर रामगढ़ प्रशासन जल्द हीं इन सभी घटनाओं का उद्भेदन कर घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर कार्यवाही नही करती है, तो रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ता सभी व्यवसाइयो और आम जनमानस के हित हेतु सड़क से सदन तक तीव्र आंदोलन करने को तैयार है जिसके जिम्मेवार सत्ता में बैठे अंधी और बाहरी सरकार होगी क्योंकि आज पूरे झारखंड में लूट,बलात्कार,हत्या और घोटालों से आम जनता त्रस्त हो चुकी है जिसका जवाब जनता आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को सत्ता से उखाड़ कर देगी।

असंतोष व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रभारी शशिभूषण भगत,वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,नारायण चंद्र भौमिक,रविंद्र शर्मा,कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,संतोष शर्मा,प्रवीण सोनू,धीरज साहू,मणिशंकर ठाकुर,दीपक सोनकर, नमेंद्र चंचल,सैयद किरमानी,कुलजीत सिंह होरा इत्यादि दर्जनों नेतागण शामिल थे।

## पर्यावरण मंच के प्रशांत ने विधायक सुनीता से की शिष्टाचार मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर पर्यावरण प्रदूषण संबंधी चर्चा की। इसके अलावे विधायक सुनीता चौधरी के राज्य पर्यावरण सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत होने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया। पर्यावरण मंच के प्रतिनिधि प्रशांत बेलथरिया ने अरगड्डा, रामगढ़ क्षेत्र के प्रदूषण और सिरका परियोजना के सीटीओ के सवालों को लेकर भी विधायक के समक्ष अपनी बातें रखीं। इधर विधायक सुनीता चौधरी ने भी पूरी तरह आश्वस्त किया कि जनहित और कोलियरी हित के समस्या को लेकर पहल की जाएगी। मौके पर कई उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के तहत स्वच्छता जागरूकता के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त ने समिति के सदस्यों को 28 मई से 31 मई तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमो में गंगा आरती, फूड फेस्टिवल, स्वच्छता फोटो प्रदर्शनी, गंगा स्वच्छता जागरूकता सेमिनार सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का भी आयोजन योजनाबद्ध तरीके से करने के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए वही उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार को नमामि गंगे के तहत गंगा स्वच्छता जागरूकता को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सह जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी रामगढ़, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिकों ने झील परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झील परिसर में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर राजेश कुमार (रिटायर्ड) के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई ,साथ ही विंग कमांडर ने युवाओं को संदेश दिया गया कि नशा से बचें और सार्वजनिक स्थल में मर्यादा बनाए रखें।वही पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि वर्दी तन से उतरा है मन से नही सेवा निरंतर जारी रहेगा साथ ही उपायुक्त से आग्रह किया की झील परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विंग कमांडर राजेश कुमार (रिटायर्ड) पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद ओझा,जिला सचिव अजीत सिंह, ज्ञान कुमार, डी डी सिंह,आर केरकेट्टा, अनन्त कुमार, डी एस मुंडा,अशोक दांगी,अशोक राना, उमेश यादव,अवध कुमार भारती, विजय मुंडरी के साथ साथ कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

## आरोग्यम अस्पताल में आरोग्यम परिवार ने मनाया नर्स दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पूरे विश्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसी बीच हजारीबाग शहर के आरोग्यम अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। अस्पताल में अपनी सेवा प्रदान कर रही सभी नर्स बहनों को अस्पताल के निर्देशक के द्वारा सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर केक काटकर एक दूजे को खिलाकर नर्स दिवस को यादगार बनाया गया। मौके पर आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि नर्स अस्पताल की रीढ़ होती है। उनके बिना अस्पताल का संचालन ही संभव नहीं है। मरीजों की देखभाल से लेकर दवाएं देना और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखना नर्सों के ही जिम्मे होता है। इसलिए हमें भी नर्सों का सम्मान करना चाहिए। समर्पण त्याग और सहयोग की भावना महिलाओं में अधिक होती है। यही वजह है कि चिकित्सा क्षेत्र में नर्सों की संख्या अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की अपेक्षा अधिक होती है। लोग नर्सों को सिस्टर कहकर संबोधित करते हैं।

# जिला 20 सूत्री समिति की बैठक, दिये गये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,झारखंड सरकार की अध्यक्षता में 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा अधिकारी विभागीय कार्यो एवं जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करें। अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर विभागीय कार्यो को अंजाम तक पहुंचाएं। योजना का लाभ समाज के निचले स्तर तक सही व पारदर्शी तरीके से पहुंचे यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता बनाएं एवं समाज के निचले तबके तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी जगह डॉक्टर, शिक्षक एवं अन्य कर्मियों का अभाव है बावजूद सरकार इस दिशा में कार्य करने का प्रयास कर रहे है। सरकार की योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, आमजन एवं सरकारी अधिकारी सजगता से अपनी जिम्मेदारी को निभाएं तभी पूरे राज्य के विकास को गति मिल सके। उन्होंने समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर सदस्यों के द्वारा कई निमार्ण कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत अध्यक्ष के समक्ष किया गया इस संदर्भ में अनुमण्डल पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच करने एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में लाभूकों के चयन में पारदर्शिता रखने का निर्देश दिया साथ ही योजना के तहत लाभूकों के द्वारा कराये गये कार्यो के लंबित भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में योजनाओं के लाभूक वास्तव में पशुपालन कर रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए पशुपालन विभाग को मॉनिटरिंग करने एवं अन्य किसानों को अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मत्स्य विभाग को बरही में मत्स्य बिक्री के लिए स्थान चिन्हित कर सार्वजनिक बिक्री शेड बनाने का निर्देश दिया गया।वहीं परिवहन एवं खनन विभाग को वाहनों में खनिज उत्पादों का ओवरलोडिंग रोकने एवं मानक के अनुरूप ढुलाई नहीं करने वालों के विरूद्ध सघन चेकिंग एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### दो बच्चियां सड़क दुर्घटना में हुई बुरी तरह घायल

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के बावनधारा खटाल निवासी राजू यादव की दोनों पुत्री सुषमा कुमारी और सोनाली कुमारी स्कूल से वापस अपने घर आने के क्रम में सड़क दुर्घटना से घायल हो गए ॥ खलारी- पतरातू मुख्य सड़क में सौंदा स्थित किरण गैस एजेंसी की गाड़ी ने दोनों बच्चियों को अपने चपेट में ले लिया ॥ जिससे दोनों बच्चियों गम्भीर रूप से घायल हो गईं । मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत नजदीकी मैंक्स अस्पताल में दोनों बच्चियों को प्राथमिक उपचार के लिए ले गए । इधर इंडेन गैस लदा वाहन भी पलट गई।जानकारी प्राप्त होते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मैंक्स अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चियों की स्थिति का जायजा लिये । मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,सुजीत कुमार किशोर कुमार महतो,सांकुल मुखिया सुमन भारती,परमानंद राजीव, राजकुमार राम,राजू यादव,संदीप यादव,बनवा देवी और सोनू यादव आदि उपस्थित थे ।

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में शानदार परिणाम रहा

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।नेहा कुमारी,रानी कुमारी,सुनील ठाकुर,अनिल कुमार,श्रवण कुमार,संतोष मंडल,सोनू यादव,संदीप यादव ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करके विद्यालय का नाम रोशन किया।सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती,प्रबंधक निदेशक बिरेंद्र प्रसाद,प्रबंधक राजेश कुमार यादव शिक्षक नंदेव कुमार,बैजनाथ मंडल,प्रकाश कुमार,नेहा कुमारी,पवन कुमार पंडित आदि शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य कामना के साथ आशीर्वाद दिए।

### आईलेक्स के बच्चों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट का इंतजार खत्म हो गया है। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के बोर्ड रिजल्ट जारी कर दिए हैं। बरही प्रखंड के पंचमधाव में स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत - प्रतिशत रहा। जानकारी देते हुए निदेशक शैलेश कुमार ने बताया की आकाश कुमार 94 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं चन्दन कुमार 92 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय व श्रवण राणा 91 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उन्होंने बताया की अन्य बच्चों का भी परिणाम शानदार रहा। वहीं उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुवे कहा की सफलता किसी एक दिन की मेहनत का फल नहीं है, बल्कि उसके पीछे कई दिन रात की मेहनत छिपी होती है। अनुशासित जीवन हीं सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। इसके साथ हीं सभी शिक्षक - गण को भी शुभकामनायें दीं जिनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता प्राप्त की।

### निर्माधीन अनाधिकृत भवनों पर जुर्माना लगाया गया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर आयुक्त के आदेशानुसार नगर क्षेत्र में बन रहे अनाधिकृत भवन तथा सड़क पर डाले गए सी एंड डी वेस्ट की जांच की जा रही है। इस संदर्भ में आज नक्शा विभाग द्वारा निर्माधीन अनाधिकृत भवनों तथा सड़क पर सी एंड डी वेस्ट रखने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011की धारा 426 एवं 600(ख)(द्व) के तहत कुल 27000 रुपए जुर्माना लगाया गया।हुरहुरू रोड में जितेंद्र शर्मा तथा सतीश कुमार को अनाधिकृत भवन निर्माण करने तथा आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण नोटिस निर्गत किया गया है।तीन दिनों के अंदर इन्हें कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा करना है।जमा नही करने पर इनपर जुर्माना लगाया जाएगा। इस टीम में टाउन प्लानर आलोक नारायण, अर्बन प्लानर विनिता खालखो, कनीय अभियंता विकास रवानी, तहसीलदार प्रदीप गोस्वामी तथा सहायक मनोज उपस्थित थे।

## आनेवाले समय में रोजगार के अवसर तकनीकी शिक्षा से प्राप्त होंगे : अभिनव प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय सभागार में भवन में जी 20,वाई 20 चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की शुरुआत शुरुआत महाविद्यालय परिसर में झारखंड के जननायक टेकलाल महतो आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिला भाजयुमों उपाध्यक्ष हीरामन महतो तथा संचालन विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिला है। हम भारतीयों के लिए यह बहुत ही खुशी की बात है। भारत पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन और अर्थव्यवस्था संतुलन को लेकर दिशा निर्देश कर रहा हैं। जी 20 में कई देश के प्रतिनिधि बैठते हैं वाई 20 में देश की युवा बैठते हैं,और युवाओं की बातें होती है। गांव के युवा अनुभवी होते हैं,और वह देश चलाने में सक्षम है। 2014 के बाद विदेशों में रह रहे लोग भारत वापस आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातियों का विकास हो रहा है। आज आदिवासियों के घर में गैस सिलेंडर से रसोई में खाना बन रहा है। पक्के मकान में रह रहे हैं। बिजली,पानी,शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है। भारत लोकतंत्र की जननी है आज डिजिटल इंडिया के कारण डिजिटल लेनदेन में आज हम पूरे विश्व मे नम्बर एक है।प्रधानमंत्री ने लड़कियों तथा महिलाओं के लिए कई योजना चलाया है। आज तीन करोड महिलाओं को पक्का मकान दिया गया है। महिलाओं को सभी प्रकार का अधिकार दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री एक भारत श्रेष्ठ भारत के दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाला समय भारत दुनिया का मॉडल होगा। पूरा विश्व भारत से शिक्षा ग्रहण करेगा। भारत में अयोध्या मंदिर के निर्माण से भारत की संस्कृति की रक्षा हो रही है।झारखंड हरा-भरा प्रदेश था,आज बंजर बनने की दिशा में जा रहा है। जंगल कटाई को रोकना होगा। युवाओं में स्किल डेवलपमेंट की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आने वाले समय शिक्षा और रोजगार का आधार तकनीकी शिक्षा का होगा।

## लोकसभा हो या विधानसभा स्थानीय नेतृत्व होना चाहिए : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चौपारण के महाराजगंज में जनसंवाद यात्रा के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यात्रा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि यह जनसंवाद यात्रा स्थानीय हक अधिकारों और झारखंडी भावनाओं को समर्पित है। हमारी माँग है कि स्थानीय स्तर के नेता ही इलाके का नेतृत्व करें। यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। जनता को जागरूक करना है। यह यात्रा झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिले के गांवों तक जाएगी। साथ है आम लोगों से यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच यह भाव जगाया जाएगा कि झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी लोगों का जो वर्चस्व स्थापित हुआ वह हमें नुकसान दे रहा है। इस कारण झारखंड के लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हक छिना जा रहा है। झारखंड के लोगों को मौका नहीं मिल पा रहा है। जनता को गांव - गांव जाकर जागरूक करना होगा। यात्रा के माध्यम से उत्तरी छोटानागपुर के चतरा और हजारीबाग लोकसभा, बरही विधानसभा समेत झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों एव 81विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय प्रत्याशियों की मांग तेज की जाएगी। जनसंवाद यात्रा के माध्यम से 600 नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष में एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मैं शुक्रवार को झारखंड जैव विविधता पार्षद एवं प्रगति एजुकेशनल अकैडमी रांची के संयुक्त तत्वाधान पर जैव विविधता पर जो खतरा मंडरा रहे हैं। बहुत जीव जंतु इस प्राणी जगत से विलुप्त होने के कगार पर है . इसके संरक्षण संवहनीय उपयोग तथा जैविक संपदा से प्राप्त लाभांशो के समुचित बंटवारे हेतु भारत सरकार द्वारा जैविकीय विविधता अधिनियम 2002 पारित किया गया है। जनमानस में जैव विविधता के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन द्वारा 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किया गया है। प्रतिवर्ष मनाया जाता है ताकि जैव विविधता को बचाया जा सके इसकी संरक्षण हेतु कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के बीच जिला स्तरीय चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय झारखंड की लुप्तप्राय प्रजातियां पर चित्र बनाना था। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय जैव विविधता के पुनर्निर्माण हेतु कार्रवाई विषय पर लिखना था जिसमें कुल 123 बच्चों ने भागीदारी की बच्चों के द्वारा बहुत ही खुबसूरत पेंटिंग और निबंध लिखा गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रगति एजुकेशन एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता के द्वारा किया गया।



## डीएवी पतरातु हर्ष कुमार ने 10 वी बोर्ड में 98.2 प्रतिशत लाकर स्कूल का नाम किया रौशन

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**पतरातु :** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु के 10 वी के छात्र हर्ष कुमार ने 98.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना और स्कूल का नाम रौशन किया। जबकि विवेक कुमार ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त द्वितीय टॉपर बना तृतीय स्थान पर रहे सौरव कुमार ने 95.6 प्रतिशत प्राप्त किया। आकृति वंदना ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त की वहीं अनन्या चटर्जी ने 91.2 और नशीता जकी 91 प्रतिशत अंक और आयुषी चंद्रवंशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। छात्रों कि इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना किये।

## असंतुलित होकर पलटा वाहन एक जख्मी

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखण्ड के अंतर्गत टाटा रोड पर झाबरी के समीप शुक्रवार को एक स्कार्पियो MH 04 EF 5896 असंतुलित होकर पलट गया। जिससे सामने बैठे एक युवक को सर मे चोट लगी एवं वाहन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। किसी की हताहत की सुचना नहीं है। वाहन साहेदा से बारेन्दा चरकुडीह जा रहा था।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्री घायल

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**मांडर :** शुक्रवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़मु मुख्य पथ पर दोपहर लगभग 4 बजे सड़क दुर्घटना में करगे निवासी 35 वर्षीय अजय कुमार साहू अपने मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए। बताया जाता है कि अजय अपने घर से चटवल स्थित अपने चौमिन दुकान अपनी बेटी के साथ जा रहे थे। वहीं अचानक करगे अम्बा बगीचा के ठोकर के पास असंतुलित होकर गिर कर पिता पुत्री दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने मांडर स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए अजय कुमार साहू को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं उसकी बेटी को मामूली चोट आई है जिसका इलाज कर के घर भेज दिया गया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो घायल, रिम्स रेफर

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**मांडर :** शुक्रवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे बहेराटोली मे आज दोपहर लगभग दो बजे आपसी विवाद को लेकर हुवे मारपीट में करगे निवासी 42 वर्षीय गुलजार अंसारी और बहेराटोली निवासी 42 वर्षीय सजीब अंसारी दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर स्थिति को देखते हुए गुलजार अंसारी को रिम्स रेफर कर दिया।

## ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**मांडर :** सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदेशन किया। शुक्रवार को जारी दशवीं की परीक्षा में परिणाम में कुल 139 बच्चे शामिल हुये थे जिसमें 83 प्रथम एवं 54 द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुये। विद्यालय की अंजली ग्रेसी मिंज 93त्न लाकर स्कूल रॉपर बनी वहीं आदित्य रंजन 92.6त्न लाकर दुसरो स्थान प्राप्त किया। अर्चना खलखो और पीयूष कुमार साहु 90.6त्न लाकर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के अंजली ग्रेसी मिंज समाज अध्ययन में 97 , पियुष कुमार साहु कम्पुटर में 97, गणित में 96 और विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किये। प्राचार्या इयोन ई. एक्का सबी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंधकार में रहे गोंदली टोला गाँव हुआ रोशन

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव और प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो के नेतृत्व में बीसा पंचायत के गोंदलीटोला गाँव में बिजली ट्रांसफार्मर लगा। यह ट्रांसफार्मर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के सौजन्य से प्राप्त हुआ..ज्ञात हो कि बीसा पंचायत में विगत कई दिनों से ट्रांसफॉमर्स खराब थी जिससे गोंदली टोला गांव के 100 परिवार अंधेरा में जी रहे थे। इसकी जानकारी पूर्व विधानसभा प्रभारी पारसनाथ उरांव को मिलते ही बिजली विभाग को शिकायत दर्ज कर सौंपा और समस्या से अवगत कराया तथ पश्चात सुदेश महतो के पहल से बीसा गोंदली टोला गाँव में टांसफार्मर आया जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है इस मौके पर फीता काटकर लाइट जलाकर उदघाटन किये पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव बीसा पंचायत प्रतिनिधि रोहित बेदिया, उप मुखिया संजय भोगता छात्र संघ अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष-जयराम बेदिया, सहीराम बेदिया,शिवचरण बेदिया, किशोर बेदिया, कालीचरण बेदिया, सरलू बेदिया, बालकिशोर बेदिया, दशरथ बेदिया, राममोहन बेदिया, धनेश्वर बेदिया,आसाराम बेदिया, जगदीश बेदिया, सुखराम बेदिया, बलराम बेदिया, बासुदेव बेदिया,मुनेश्वर बेदिया,विविषण बेदिया, आदि तमाम लोग मौजूद रहे ।

## फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के सचिव जीनत कौसर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथिओं द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर किया गया।साथ ही साथ छात्रों द्वारा रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि नर्सो के बगैर हॉस्पिटल कि कल्पना नहीं की जा सकती है, नर्स के बेहतर ईलाज व सेवा से ही मरीज गंभीर से गंभीर बीमारीयों से निजात पाते हैं। हॉस्पिटल में डॉक्टर तो मरीजों का ईलाज करते हैं, मगर मरीजों का सही देखभाल और सेवा अपने परिवार की तरह नर्स ही करते हैं।इसलिए मैं उन सभी छात्र एवं छात्राओं को सन्देश देना चाहती हूँ कि आप सभी अपने ऊपर गर्व करे की आप ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जहाँ लोगों का आंसू पोछने का मौका मिलता है समारोह में मुख्य रूप से कॉलेज निदेशक डॉ0 शाहीन कौसर, डॉश नाजनीन कौसर, अबू नसर, प्राचार्या-प्रमिला बक्सला, सुधीर कुमार, जुली किस्कू, बिनीता खलखो, वर्षा कुमारी, माधुरी लिली, तथा छात्र-छत्राएँ उपस्थित थे।

## संत माईकल +2 विद्यालय मुरी कक्षा बारहवी का परिणाम सत् प्रतिशत

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवी का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया, जिसमें संत माईकल +2 विद्यालय का रिजल्ट सत् प्रतिशत रहा। निर्मल महतो 88.5त्न अंक लाकर विज्ञान संकाय में विद्यालय का टॉपर रहा हलधर महतो 88त्न, मुहम्मद गुलाम जहाँगिर 81त्न लाकर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुहम्मद तामिमुल हक 76.5त्न, भूमिका महतो 70.5त्न, निवेदिता घोष 74त्न, रिया पाठक 68त्न अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में सभी विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों की बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थीयो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्यार्थीयो की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण की धन्यवाद दिए जिसने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया।

## कार्यालय जिला परिषद,कोडरमा

**अतिअल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या :– 03/2023–24**

मद का नाम :– स्वास्थ्य मद

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | सतगावां | Proposed Construction of Model Block Public Health Unit, Satgawan | 5012208.00 | 10000.00 | 101000.00 | एक वर्ष |

(1) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 18.05.2023
(2) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 18.05.2023 से 25.05.2023 अपराहन 5:00 बजे तक।
(3) जिला परिषद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0, भवन, कोडरमा में निविदा शुल्क अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 26.05.2023 अपराहन 05:00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, कोडरमा।
(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.05.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे ।
(6) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी क नाम एवं पता–जिला अभियंता जिला परिषद,कोडरमा।
(7) ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 9608892111 ई मेल ddczpkoderma@gmail.com
(8) निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव जिला परिषद, कोडरमा के पदनाम से देय होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैधता होना अनिवार्य है।
(9) अवांटन प्राप्त होने के पश्चात एकरारनामा किया जायेगा।
(10) निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् या www.jharkhandtenders.gov.in.पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद् कोडरमा

PR 297214 Panchayati Raj(23-24).D

## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

**Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-02/2023-24 Date – 12/05/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 16/05/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 23/05/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 24/05/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 25/05/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga. |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko | Construction of Toilet & Kitchen in Rajkiyakrit Utkramit Madhya Vidyalaya at Vill- Bethat. | 17.46463 | 0.5000 | 0.35000 | 02 Months |

**Note :- Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR 297262 Lohardaga (23-24)_D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

**–:: शुद्धि पत्र ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in **Chouparan & Daru** blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2023-24 (Head-JJM); P.R. No.:- 296783 Drinking Water and Sanitation (23-24)#D के ग्रुप संख्या–**HZB/SVS_Cluster/CHOUPARAN-1.19** को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

**शेष सभी शर्त्तें यथावत रहेंगे।**

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR 297275 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 04 रा0 दिनांक 08.05.2023 के द्वारा जिला को प्राप्त लक्ष्य हेतु वैसे लाभुक जिनके पास एक एकड़ अथवा उससे अधिक के निजी अथवा कम–से–कम 03 वर्षो के लिए बंदोबस्त तालाब हों। आर0एफ0एफ0 की लाभुक समिति भी इसके आवेदक हो सकते हैं।

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली–सह–बत्तख पालन | 09 | 153350.00 (प्रति 0.4 हे0) | अनु0जनजाति/ अनु0 जाति/ महिला – 12268/- रू0 प्रति ईकाई (80 प्रतिशत) | 30670.00 (20 प्रतिशत) | |
| | | | | सामान्य– 107345 /– रू0 प्रति ईकाई (70 प्रतिशत) | 46005.00 (30 प्रतिशत) | |

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 05.06.2023 है एवं इसके संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से अथवा सिंगल विंडो सिस्टम से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 297195 Fish(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/45/2022-23 2nd Call**

**PR. No.- 290898 (Rural Development) 22-23.D**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– स्वास्थ्य मद

| ग्रप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अड़की | बोहन्डा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000/– | 1,11,000/– | 10000/– | 06 माह। |
| 2 | अड़की | मारंगबुरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000/– | 1,11,000/– | 10000/– | 06 माह। |
| 3 | अड़की | परसु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 55,50,000/– | 1,11,000/– | 10000/– | 06 माह। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–15.05.2022 के अपराहण 01:00 बजे।
3. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–22.05.2022 के अपराह्ण 05:00 बजे तक ।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 23.05.2022 अपराह्ण 02:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नहीं करेंगे उनकी निविदा को खोला नहीं जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.05.2022 अपराह्ण 01:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 297282 Rural Development(23-24).D

## Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/02/2023-24(1st Call) Date :- 11.05.2023**

1. **Name of Work**-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in **Chouparan** blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 3-24 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/ CHOUPARAN-1.19 | 01 | 343 | 136.37 | 02.75 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-15.05.2023.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-22.05.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-23.05.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5. | Date of opening tender | Date:-24.05.2023 upto 03.00 PM | | | | | |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | | | |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

PR 297277 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्

قومی کونسل برائے فروغِ اردو زبان

**NATIONAL COUNCIL FOR PROMOTION OF URDU LANGUAGE**
Ministry of Education,Department of Higher Education,
Government of India
Farogh-e-Urdu Bhawan,FC-33/9,Institutional Area,Jasola,New Delhi-110 025
Ph.:011-49539000, Fax:49539099

# Admission Notice

**Diploma in "Computer Applications, Business Accounting and Multilingual DTP"- CABA-MDTP**

**Joint Certification by NCPUL & NIELIT Chandigarh**

NCPUL
Ministry of Education,Govt. of India

**Important Dates for the session July, 2023**

| | |
|---|---|
| Submission of Registration form by the students | : 1st June,2023 |
| Interview by selection committee | : 2nd & 3rd June,2023 |
| Display of final list of selected candidates | : 6th June,2023 |
| Payment of fees by selected candidates | : 9th June,2023 |
| Receipt of list of candidates with Registration fees at NCPUL | : 19th June,2023 |
| Commencement of Classes | : 3rd July,2023 |

NIELIT
Chandigarh Centre
Ministry of Electronics and Information Technology, Govt. of India

**Course Contents:**

**Module I:** Fundamentals of Information Technology **Module II:** Internet Technology and Web Designing **Module III:** Financial Accounting Using Tally & Personality Development **Module IV:** Emerging trends in IT **Module V:** Multilingual DTP **Module VI:** Artificial Intelligence and Machine Learning Python **Module VII:** Practical & Project Work

योग्यता: CABA- MDTP पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थी किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा इस के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हों। आवेदन पत्र जमा करते समय विद्यार्थियों की उम्र 15 वर्ष (मैट्रिक) और 17 वर्ष (10+2) से अधिक, लेकिन 35 वर्ष से कम होना अनिवार्य है।
अवधि: कोर्स की अवधि एक वर्ष है। सीटों की संख्या 40 होगी।
शुल्क: प्रवेश पाने वाले छात्रों को मासिक शुल्क 250 रू. मासिक और 'ए श्रेणी' वाले शहर के लिए 500 रू. मासिक अदा करनी होगी। (मान्यता प्राप्त केन्द्र दुगुना शुल्क ले सकते हैं।)

**राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद् ने हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम से उर्दू सिखाने का एक साल का डिप्लोमा कोर्स पत्राचार द्वारा शुरू किया है। सभी छात्रों के लिए यह कोर्स अनिवार्य है।**

प्रासपेक्टस के लिए अपने नज़दीकी CABA-MDTP केन्द्र से सम्पर्क करें। CABA-MDTP केन्द्रों की सूची विवरण सहित NCPUL के वेबसाईट www.urducouncil.nic.in पर उपलब्ध है।

डा० अक़ील अहमद
निदेशक

## सूर्याडीह में लगाया गया खसरा रूबेला का टीका



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नया प्राथमिक विद्यालय सूर्याडीह में खसरा रूबैल का टीका 38 बच्चो को ए0 एन0 एम 0 सुनिता देवी के द्वारा लगाया गया उक्त टीकाकरण कार्य क्रम को प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय सिंह सहायक शिक्षक दुर्गा चरण दास, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सेविका करूणा देवी, जानकी देवी, शान्ति देवी, दिलीप दास, छाया देवी, सन्तोष सिंह, पिंकी देवी, लक्ष्मी देवी, कमला देवी का योगदान सराहनीय रहा ।

## अनियंत्रित पिकअप वैन ने कार में मारी जोरदार टक्कर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत आईआईटी - आईएसएम के समीप शुक्रवार की दोपहर एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने एक कार में जोरदार टक्कर मारते हुए डिवाइडर से जा टकराई। जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोविंदपुर की तरफ से एक पिकअप वैन और एक क्रेटा कार आ रही थी। तभी आईआईटी - आईएसएम के समीप मोड़ में पिकअप वैन का ब्रेक फेल होने से वह क्रेटा कार से टकरा कर डिवाइडर पर जा चढ़ी। वही बताया जाता है कि जेएच11 ऐई 9413 कार गिरिडीह से धनबाद आ रही थी। वही जेएच10सीके 6533 बोरा लेकर झरिया जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीएमपीएफ कॉलोनी दुर्गा मंडप में बंगाली कल्याण समिति द्वारा 'आमादेर कोबी प्रणाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जन्म जयंती को समर्पित रहा। आयोजक ने बताया कि बंगाली कल्याण समिति का उद्देश्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान करना है जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित ÷हे नूतन÷ गीत के साथ हुई एवं बारी-बारी से सभी सदस्यों ने रविंद्र नाथ के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीएमपीएफ के रिटायर्ड रीजनल कमिश्नर हरिद्वार पाठक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की प्रशंसा की एवं उन्होंने कहा कि गुरुदेव से सिर्फ हमलोग ही प्रेरित नहीं होते हैं बल्कि उनसे बड़े बड़े लेखक और कवि भी प्रेरित होते आ रहे हैं। समिति के सदस्य सानिया, आरोही, सृंजिनी, उर्मी, अर्पण, अनन्या एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा रवींद्र संगीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विकास कांति खां एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एस. एस. सरकार द्वारा किया गया।



## जेपी हॉस्पिटल ने मनाया इंटरनेशनल नर्स डे

### जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग का होगा शीघ्र उद्घाटन : नित्यानंद मंडल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, कोला कुसमा, मेंझलाडीह, बलियापुर बाईपास रोड मे फ्लोरेंस नाइटेंगल जयंती के अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा इंटरनेशनल नर्स डे सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर डॉ. किमी नित्यानंद मंडल ने बताया फ्लोरेंस नाइटेंगल ने मानव सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था और उन्हीं के पद चिन्हों पर समस्त नर्सों द्वारा उनसे प्रेरणा लेकर दिन रात रोगियों की देखभाल करती है और उन्हें स्वस्थ कर घर भेजती है। उनका समर्पण काबिले तारीफ है।



# पेयजल की किल्लत : हिजलगोंड़ा निवासियों ने सड़क जाम कर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामुड़िया :** जामुड़िया में पानी की भारी किल्लत ने आईसीडीएस केंद्र सहित पूरे क्षेत्र को प्रभावित किया। पेयजल की किल्लत से छात्र-छात्राएं जूझ रहे हैं।जामुड़िया विधानसभा के अंतर्गत हिजलगोंड़ा गांव के निवासियों को पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से इलाके में पीने का पानी की भारी किल्लत है, जिसको लेकर हिजलगोंड़ा गांव के निवासियों ने आज पुराना बाजार स्थित सड़क जाम कर विरोध जताया. मामला गरमाता देख भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में पिछले चार साल से पानी की किल्लत है. पीएचई के पानी की सप्लाई अनियमित ढंग से की जाती थी। लेकिन पिछले 15 दिनों से पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। नतीजतन, गांव के कई हजार निवासी अत्यधिक सार्वजनिक संकट में पड़ गए हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में लगभग दस आईसीडीएस केंद्र हैं। इनमें 9 आईसीडीएस केंद्रों में आईसीडीएस कर्मी पानी की कमी के कारण बच्चों को खाना बनाने से लेकर पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पानी के अभाव में छात्र-छात्राएं बीमार हो रहे हैं।

विरोधकारियों ने शिकायत की इलाके में अजय नदी से पीएचई का पानी सप्लाई होता है लेकिन हिजालगोड़ा गांव से पहले पाथरचूड़ समेत कई गांवों के कुछ लोग मुख्य पानी की लाइन तोड़कर इस पानी से खेती कर रहे हैं, नतीजतन उनके क्षेत्र में पानी का भारी संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में हिजलगोंड़ा ग्राम पंचायत के उप प्रधान शेख फटिक ने कहा नदी में पानी कम होने से पीएचई पंप को पानी उठाने में परेशानी हो रही है। नगर निगम के जो दो पंप हैं, उनमें से एक की हालत बहुत खराब है और एक में पानी आ रहा है। इसके कारण ही यहां हिजलगोंड़ा गांव में पानी की किल्लत है जो लोग पाइप लाइन के काम में लगे हैं, वे अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर नगर निगम एवं जामुड़िया वीडियो कार्यालय को हर जगह अवगत करा दिया गया है जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा। इसको लेकर जामुड़िया बीडीओ अरुणालोक घोष ने बताया कि इलाके में पेयजल की समस्या है. पानी की समस्या सामान्य होने तक पीएचई विभाग की ओर से इलाके में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

## विभाग की लापरवाही : पाइप फटने से प्रत्येक दिन बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गांव :** प्रखंड जल ही जीवन है,पानी की एक-एक बूंद है कीमती जैसे जागरूकता वाले विज्ञापनों से लोगों को पानी के महत्व को बताने की कोशिश कर रही है. साथ ही पानी की बर्बादी को रोकने के लिए लाखो रुपए खर्च कर रही है. वहीं सरकारी कर्मचारी ही इस मंशा को नेस्तानाबूत करने में लगे हैं. जिसका उदाहरण देखने को मिल रहा है गावां-तिसरी मुख्यमार्ग स्थित पावर हाउस के समीप. जहां पुलिया के नीचे पानी की पाइप फटने से लगभग एक सप्ताह से पानी यूं ही बह रहा है. विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता से प्रत्येक दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है. ग्रामीणों ने कई बार विभाग को अवगत कराया है बावजूद विभाग की तंद्रा टूट नहीं रही है. केवल फटे पाइप को बदल कर पानी की इस बर्बादी को रोका जा सकता है. पीएचईडी के जेई जहिंद्र भगत ने कहा कि मिस्त्री भेज कर जल्द पाइप ठीक करवा देंगे।

## शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए नामांकन प्रारंभ




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त धनबाद के तीन उत्कृष्ट विद्यालय, +2 जिला स्कूल धनबाद, एस एस एल एन टी +2 बालिका उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, निरसा में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए नामांकन प्रारंभ है। जहां मिलेगी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा। बाल वाटिका, पहली, छठी, सातवीं, आठवीं एवं नौवीं कक्षा में होगा नामांकन। आवेदन जमा करने की तिथि 15 मई निर्धारित की गई है तथा चयन परीक्षा की तिथि 19 मई की गई है। फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई को किया जायेगा तथा नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 08 जून के बीच होगी। आवेदन संबंधित उत्कृष्ट विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है या इसे Jepc.jharkhand.gov.in से ऑनलाइन डाउनलोड भी किया जा सकता है। आवेदन पत्र आवेदन पत्र प्राप्त करने के किये कोई शुल्क मान्य नहीं है।


# माले ने की डीसी से की मुलाकात, आदिवासियों को वन भूमि का पट्टा देने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को आदिवासी संघर्ष मोर्चा अखिल भारतीय किसान महासभा तथा भाकपा माले की अगुवाई में आज एक शिष्टमंडल ने गिरिडीह के डीसी से मुलाकात कर उनसे वन भूमि पर कई पीढ़ियों से बसे आदिवासियों को वन विभाग द्वारा उजाड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने सहित वन भूमि पर बसे सभी आदिवासियों एवं जरूरतमंद लोगों को जमीन का पट्टा देने की मांग की।टीम की अगुवाई किसान महासभा के प्रदेश सचिव राजकुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी मेंबर पूरन महतो, माले नेता राजेश सिन्हा, जय नारायण यादव, मनोज सोरेन, बबुआ सोरेन आदि ने किया। इस दौरान भाकपा माले की टीम की ओर से डीसी को एक 8 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें उक्त के अलावा वंचित आदिवासी गांवों में सड़क निर्माण, ढिबरा मजदूरों के लिए सोसायटी बनाकर रोजगार उपलब्ध कराने, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को सहारा दिलाने, सभी वृद्ध, विधवा एवं विकलांगों को पेंशन दिलाने की मांग की गई। उपायुक्त ने रखी गई सभी मांगों को ध्यान से सुना उसपर सकारात्मक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। मुलाकात के बाद माले नेता राजकुमार यादव ने कहा कि, यदि आदिवासियों को वन विभाग द्वारा उजाड़ने की कार्रवाई पर रोक नहीं लगी तो 17 मई को हजारों लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। मौके पर जयनारायण यादव, मनोज सोरेन (पंसस), बबुआ सोरेन, धोमा मुर्मू, अर्जुन किस्कू, चंद्रा बेसरा, लालो बेसरा, बिसुन बेसरा, ननकु किस्कू सहित माले नेता मनोज कुमार यादव, कन्हैया सिंह आदि मौजूद थे।



## मग धर्म संसद व पीआरसी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए प्रमोद कुमार मिश्र : बॉबी पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कहते हैं की ईमानदारी, लगन और पूर्ण समर्पण भाव से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। ज्वलंत उदाहरण हैं सैल्यूट तिरंगा संस्था के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र जो पिछले पांच वर्षों से ÷मग धर्म संसद÷ एवं ÷फिलोसॉफिकल रिसर्च काउंसिल÷, एक वृहत संयुक्त संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे थे। उनकी लगन, निष्ठा, त्याग एवं समर्पण को देखते हुए उक्त संयुक्त संगठन के ÷कार्य परिषद÷ द्वारा उन्हें ÷अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष÷ के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने समाज को आश्वस्त किया है कि इस पद की गरिमा एवं महत्व को ध्यान में रखते हुए सामाजिक कार्यों में और अधिक गति प्रदान करने का अथक प्रयास करेंगे। सैल्यूट तिरंगा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। उक्त जानकारी सैल्यूट तिरंगा संस्था की वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता बॉबी पांडे के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं की निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से मिले अल्पसंख्यक कांग्रेस के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी के नेतृत्व में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव से धनबाद जिला परिषद में मुलाकात कर बीपीएल धारियों के खास कर एससी एसटी एवं अल्पसंख्यक बच्चों के एडमिशन में हो रहे विलंब के खिलाफ एक ज्ञापन दिया एवं बताया गया कि हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा एवं धनबाद एसडीओ द्वारा अवांछित व्यक्ति के द्वारा षड्यंत्र कर दबे कुचले बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहते हैं तथा झूठ व मनगढ़ंत लिखित आवेदन देकर नामांकन में देर करा रहे हैं। आयोग की अध्यक्ष ने इन बातों को गंभीरतापूर्वक संज्ञान मे लिया एवं बताया कि हम आश्वस्त करते हैं कि नामांकन में विलंब नहीं होगा और सभी चीजें नियम संगत ही होंगी। मिलने वालों में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह 20 सूत्री सदस्य शमशेर आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, सुजीत रजक, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री आशीफ रजा साहेब, महफूज आलम आदि थे।

## सीबीएसई के घोषित परीक्षा परिणाम में डीएवी बनियाहीर का शानदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सीबीएसई ने 12 वीं 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें डी ए वी बनियाहीर के छात्र -छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में सयन कुमार डे ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया तो वहीं 95.8 प्रतिशत अंक लाकर दीप्ती पाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, तृतीय स्थान पर रिषभ कुमार एवम तनीषा कुमारी को 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त वाणिज्य संकाय में सुजल कुमार ने 93.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं अनंदिता डे 92.4प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर रही तथा तृतीय स्थान पर ऋतिक कुमार भयानी रहे जिन्होंने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ध्यातव्य है कि ऋतिक ने एकाउंट्स में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। 12वीं के समान ही 10वीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कुल 206 परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें संस्कार कुमार ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर 95.4 प्रतिशत के साथ अर्चिता दास तथा तृतीया स्थान पर 95.2 प्रतिशत अंक के साथ अभय कुमार रहे। छात्रों की स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय प्राचार्य एस मोदक ने शिक्षकों व छात्रों को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा लेकिन हमें और परिश्रम कर नए कीर्तिमान स्थापित करने की आवश्यकता है।




## नगर आयुक्त के कार्यालय कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन

- चर्चा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर बनी सहमति
- झरिया विधायक सहित कई अधिकारी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया में चल रही जलापूर्ति योजना की प्रगति पर नगर आयुक्त सह प्रभारी प्रबंध निदेशक झमाडा सतेंद्र कुमार के कार्यालय कक्ष में विशेष बैठक आहूत की गई। इस बैठक में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रकाश कुमार (सहायक नगर आयुक्त), जेएमसी तथा पीएमसी के अधिकारी, टीएम, एसडीओ माडा तथा जेई मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में झरिया में चल रही 310 करोड़ की जलापूर्ति योजना की समीक्षा हुई। चर्चा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। दामोदर जल संयंत्र जामाडोबा को 24 घंटे बिजली आपूर्ति हेतु अलग फीडर लगाने का प्राक्कलन तैयार है, कार्य जल्द प्रारंभ होगी वहीं जामाडोबा जल संयंत्र के पुराने फिल्टर प्लांट का जीर्णोद्धार, बाउंड्री वॉल निर्माण, पुराने पंप का बदलने का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। साथ ही मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के जॉब कार्डधारी श्रमिकों का बकाया मानदेय का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करने एवं जामाडोबा फिल्टर प्लांट में कम क्षमता वाले लगे पुराने मोटर को बदल कर नया मोटर लगाने हेतु सहमति बनी। झरिया बाजार सहित बाकी जगहों पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जाएगा। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत निःशुल्क 32000 जल कनेक्शन उपभोगताओ को दिया जाना है जबकि अभी वर्तमान में 16063 जल कनेक्शन है। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से माडा के राजस्व में वृद्धि होगी।

# अमृत सरोवर निर्माण पुराने तालाब को दिया जा रहा है नया रूप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था। जिसका उद्देश्य भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के साथ साथ वर्षा जल को रोकना ताकि फसलो की सिंचाई तथा अन्य कार्यों में जल का उपयोग करना था, आए दिन बिरनी प्रखंड में जिस तरह से मनरेगा योजनाओं में लूट मची है ठीक उसी प्रकार केंद्र सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड के मनकडीहा पंचायत अंतर्गत ग्राम मंडरखा में बन रहे अमृत सरोवर का कमोबेश यही हाल है, जहां पुराने तालाब को ही काटकर नए तालाब का स्वरुप दे कर अमृत सरोवर तालाब का निर्माण करवाया जा रहा है। जैसा की कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पुराने तालाब में पूर्व से ही जलजमाव होता आ रहा है तथा तालाब के पानी का उपयोग कृषि कार्यो में होता रहा है । बीते 28 अप्रैल को जिप अध्यक्ष मुनिया देवी , जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव एवं जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन के उपस्थिति में योजना का शिलान्यास किया गया था । शिलान्यास के पश्चात पुराने पड़े तलाब को ही काट छांट कर नए अमृत सरोवर में परिवर्तित कर दिया जा रहा है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि योजना की कुल प्राक्कलित राशि लगभग ?1400000 है, जिससे एक नए तालाब का निर्माण किया जाना है, लेकिन अधिकारियों तथा संवेदकों की मिलीभगत से योजना सिर्फ पैसे निकालने की तरकीब बनकर रह गई है। सरकार जनता के टैक्स के पैसे को जनता को ही लाभ पहुंचाने के उद्देश्य योजना का शुभारंभ करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश योजनाएं पैसे निकासी करने की तरकीब बनकर रह जाती है ।धरातल पर काम शून्य होता है और कागजों में बड़े-बड़े दावे पेश किए जाते हैं। वही संवेदक टोकन प्रसाद वर्मा से इस इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि हरि यादव के जमीन पर पूर्व में तालाब था जिसमें अभी जल नहीं था ,पुराने तालाब को हमलोगों ने और अधिक गहरा कर निर्माण किए हैं जिसमें वर्तमान में पानी भी निकल आया है।

# नलिन सोरेन ने उपायुक्त, एसपी सहित प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत आरक्षण जो स्थानीय लोगों की होगी सीधी बहाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के संयोजक नलिन सोरेन की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों व निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक परिसदन लोहरदगा में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी विभागों में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिये मानव बल की नियुक्ति व निजी कंपनियों व एकल किसी भी संस्था द्वारा नियुक्ति किये जाने में कुल सीट का 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय लोगों को दिये जाने के लिए बनाये गये ÷झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022÷ पर विशेष रूप से चर्चा हुई और इसे आवश्यक रूप में लागू करने के निदेश दिये गये। समिति के संयोजक ने कहा कि झारखण्ड राज्य में बेरोजगार युवक-युवतियों की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में सरकार ने स्थानीय युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने का निर्णय लेते हुए अधिनियम व नियमावली बनाया है। स्थानीय को काम देना ही प्राथमिकता है। सरकार सभी को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती है इस अधिनियम व नियमवाली के लागू होने से यहां के युवक-युवतियों को रोजगार मिलेगा। सभी नियोक्ता कंपनियां अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 22.05.2023 तक करा लें। साथ ही, स्थानीयता से संबंधित वेरीफिकेशन का भी कार्य कर लें। स्थानीयता का प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी/ अनुमण्डल पदाधिकारी/ उपायुक्त स्तर से ही जारी होने पर मान्य होगा। स्थानीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाए। अगर सभी पदाधिकारी इस अधिनियम व नियमावली को लागू कराने में अपना तन-मन लगाते हैं तो राज्य विकास की राह पर खड़ा होगा। माननीय संयोजक द्वारा विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग से कार्यरत मानव बल के संबंध में पृच्छा किये जाने के उपरांत सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा जिला सदर अस्पताल में कार्यरत एएनएम, जीएनएम व चतुर्थवर्गीय कर्मी, पीएचईडी विभाग में आउटसोर्स से कार्यरत ब्लॉक कोर्डिनेटर,मंडल कारा में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर व वाहन चालक, डेयरी विभाग में कार्यरत दो कर्मियों, हिंडाल्को में कार्यरत कर्मी, विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा में कार्यरत कर्मी, खनन विभाग लोहरदगा में कार्यरत कर्मी, निजी संस्थाओं मेडिकेयर व निर्वाचन में कार्यरत कर्मी, रिलायंस ट्रेंड्स में कार्यरत कर्मियों की जानकारी संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा दी गई। बैठक में नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार द्वारा भी सभी पदाधिकारियों को झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 की विस्तृत जानकारी दी। आज की बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस0, एसडीओ अरविंद कुमार लाल समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कोलेबिरा विधायक ने किया अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शुक्रवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत टी.टांगर प्रखण्ड का औचक दौरा किया। भ्रमण के क्रम में विधायक टी टांगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्मित जलमीनार का टंकी, कुआं आदि कार्यों को देखा। पाया गया कि जिस स्थान पर पानी के लिए कुआं का निर्माण किया जा रहा है वहां का पत्थर उठाकर टंकी वाले स्थान पर लगाया गया है, जो ग़लत है, क्योंकि इससे सरकार का राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया गया है। जबकि उक्त कार्य का प्राक्कलन करोड़ों का है। विधायक कोलेबिरा ने कहा कि विभाग क्षेत्र में मनमाने ढंग से सब काम को कर रहा है,किसी भी प्रकार की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी नहीं देते हुए कार्य को सम्पादित कर दिया जाता है। जब किसी प्रकार की अनियमितता को लेकर आम जनता स्थानीय प्रशासन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हो, अंचल अधिकारी हो, उनसे जनता जानकारी मांगती है तो वो लोग असमर्थता व्यक्त करते हैं कि मुझे नहीं पता कि किस विभाग से कार्य किया जा रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अपना अरियल रवैया अपनाते हुए जन हित की सरकार को ये पदाधिकारी बदनाम करने का रूख अपनाए हुए हैं।अब ये कारनामा नहीं चलेगा। पदाधिकारी सचेत हो जाएं। जो भी पदाधिकारी अपने रवैए में सुधार नहीं किए तो उनपर विभागीय कार्रवाई के लिए आदरणीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी से शिकायत करूंगा। भ्रमण के समय जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, मोहम्मद इमरोज़ उर्फ कारू आदि मौजूद थे।



# लोहरदगा रेल यात्रा को सुलभ बनाना मेरी पहली प्राथमिकता : सुदर्शन भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा सांसद माननीय सांसद सुदर्शन भगत लोहरदगा की जनता के रेलयात्रा को सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। कुछ दिनों से लगातार लोहरदगा से रांची मेमू ट्रेन में यात्रा करनेवालों की संख्या बहुत बढ़ोत्तरी हुए है इसे लेकर कोच बढ़ाने की बात रेलवे से की जिसमें रेलवे प्रबंधक ने चार कोच जल्द और जोड़ने की बात कही है।जिससे की यात्रा सुलभ और आसान हो पाएगी। साथ ही संसदीय क्षेत्र की जनता को रेल सुविधा ज्यादा से ज्यादा सुलभ हो इसे लेकर रेलमार्ग में निर्माण से बहुत सारे बदलाव हो रहे हैं इसके अंतगर्त लोहरदगा, नगजुआ, टांगरबंसली, पिस्का में पटरियों को बढ़ाया जा रहा है, साथ आम जनता के लिए रिजर्वेशन टिकट सरल तरिके से उपलब्ध हो, विधुत व्यवस्था, जल वयवस्था,



सेड का निर्माण, राजधानी एक्सप्रेस लोहरदगा स्टेशन पर रूके इसे लेकर विभाग संबंधित सभी मापदंडों के अनुरूप कार्यतेजी से कर रही जैसे आयरन ब्रीज, नये प्लेटफार्म का निर्माण, शेड, प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय लोहरदगा स्टेशन पर कर रही है। स्टेशन की सफाई, विधुतीकरण व पौधारोपण सजाया गया है।जिससे यात्री को अच्छी, सुरक्षित एवं स्वच्छतायुक्त वातावरण मिल सके। सुदर्शन भगत ने कहा की जनता के लिए यात्रा को सुगम और उत्तम व्यवस्था सहित किस प्रकार से बहाल हो इसे लेकर लगातार विभाग और रेल मंत्रालय के मंत्री से मिलकर अवगत कराते रहे हैं। लोहरदगा मेमू पैसेंजर ट्रेन लोहरदगा की लाइफ लाइन जैसी है यात्रा भी व्यवस्थित तरीके से हो इसे लेकर और चार कोच बढ़ेगी। साथ ही कहा कुछ दिनों अंदर ही टोरी से चंदवा स्टेशन के बीच हो रही निर्माण कार्य एवं सुविधाओं का अवलोकन दक्षिण पूर्व रेल प्रबंधक और उनकी तकनीकी व अन्य कर्मचारियों के साथ करेंगे। जिससे कि और जितनी भी कमियां है उसकी सुधार व निर्माण कराया जा सके। सांसद ने कहा कि मैं किसानों के फसलों को जिले व राज्य से बाहर ज्यादा मुनाफा मिले उसमें रेलवे का योगदान भी ज्यादा से ज्यादा मिले उसे लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

# गरीब का घर जरूरत के समान सहित जल कर राख, परिवार को हुआ लाखों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु बांधटोली में मस्जिद के समीप अगलगी से गरीब परिवार का मकान जला घरेलू सामान एवं अन्य जरूरत का समान जल कर लाखों का हुआ नुकसान। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरू बांध टोली में जलालुद्दीन अंसारी के पुत्र मुस्ताक अंसारी तथा स्वर्गीय रहमत अंसारी के पुत्र जाकीर अंसारी के घर में गुरुवार रात करीब 8:30 बजे आग लग गया। बताया जाता है। की अगलगी के समय घर मे ताला लगा हुआ था। आग लगने से कच्चा खपरैल मकान पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गया है। और घर में रखा गोदरेज, फ्रिज, कपड़ा बिछावन सहित खाद्यान सामग्री के अलावे घर में रखा कुछ नगद राशि भी जल कर राख हो गया। मकान जलने से लाखों रुपए की क्षति बताया जा रहा है। वही मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया



है। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया राजश्री उरांव एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पँहुचे। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग को फैलने से बचा लिया था। और आग पर काबू पा लिया गया था जबकी अग्निशमन टीम पँहुच कर आग भुझने का दिशा में कार्य किया। वह अगलगी घटना की सूचना शाम करीब 8:30 बजे मस्जिद से नमाज पढ़ कर निकलने के पश्चात देखा गया। कि घर से काफी धुआं एवं चिंगारी निकल रहा था। तभी अगलगी का शोरगुल हुआ तो स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से टूल्लू मशीन लगा कर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। परंतु आग की लपेट इतना ज्यादा था। कि अग्निशमक टीम को पहुंचना पड़ा। तभी घर मे लगी आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया गया। और आसपास के घरों को भी आग लगने से बचा लिया गया। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि मुस्ताक अंसारी के घर में आग लगी है। आग कैसे लगी जिसका अनुसंधान थाना के द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल पीड़ित को रहने की व्यवस्था बगल के घर में किया गया है। सरकारी प्रावधान के तहत नियम अनुसार मुआवजा देने का प्रयास भी किया जाएगा। वही ग्रामीणों का कहना है। की आग सॉर्ट सर्किट से लगा है।

## सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन : एसके झा




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्राचार्य एसके झा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में हमारे विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन की है। विज्ञान संकाय में 95.2 प्रतिशत अंक लाकर अनीशा भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वाणिज्य संकाय में सृष्टि कुमारी ने 95 प्रतिशत और ह्यूमिनिटी में अदीबा जाफर 85.6 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल रही। इसके अतिरिक्त विज्ञान संकाय में रोहित राज 95 प्रतिशत मानवी कुमारी 93 प्रतिशत ईशान राज 92 प्रतिशत सुबा रानी 88 प्रतिशत काजल 87 प्रतिशत पलक 84.6 प्रतिशत अनीता शर्मा 82.6 प्रतिशत वाटिका एक्का 82.5 प्रतिशत प्रेरणा कुमारी, द्रक्षा प्रवीन और मोनी केसरी को 82 प्रतिशत अंक मिले हैं। वाणिज्य संकाय में मानव गुप्ता 95 सुप्रिया राय 87 जीशान अलम 82 प्रतिशत और सक्षम को 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ह्यूमिनिटी में अनुश्रेया महेंद्र 85 प्रतिशत इसिका 82.4 प्रतिशत और साक्षी किरण तिर्की एवं सिद्रा हया ने 81 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार सिंह, प्रबंधक अजातशत्रु, शिक्षण मार्गदर्शिका जाह्नवी सिंह सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया नर्स डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे के अवसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया नर्स डे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में अंतरराष्ट्रीय नर्स डे हमारा नर्स हमारा भविष्य थीम पर अस्पताल के नर्स तथा डॉक्टरों द्वारा केक काटकर नर्स डे मनाया गया। तथा एक दूसरे को बधाई देते हुए निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिये सराहना किया गया। वही चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि द्वारा बताया गया कि 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे मनाया जाता है। आज के समय मे सभी नर्स चिकित्सा के क्षेत्र में अपना बेहतर चिकित्सा सेवा दे रही हैं। जो सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य है। मौके पर जिला से आई डॉ रजनी लकड़ा ने सभी नर्स व डॉक्टर को नर्स डे का बधाई देते हुए बेहतर कार्य के लिये सराहना की। मौके पर दिव्या किरण, जेनिट सुरीन, सुनीता कुमारी, प्रमिला एक्का, सुमन कुमारी, जानकी कुमारी, अनिमा मिंज, नौमी खाखा, सुषमा कुमारी सहित सभी नर्स मौजूद थीं।

## पीएम आवास लाभूक दिवस आयोजन में बीडीओ ने कहा, शीघ्र निर्माण कार्य को करें पुर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11मई गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी छः पंचायत अंतर्गत 26 गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार किया गया। सभी पंचायतों में कैंप का आयोजन कर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा आवास के लाभुकों की समस्या सुनी गई एवं उसका समाधान पर चर्चा किया गया।मौके पर लाभुकों ने विभिन्न प्रकार का समस्या जैसे बालू,मजदूर सहित अन्य समस्याओं को कैंप में रखा एवं समस्याओं का निराकरण के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि 30 मई के अंदर लाभुक आवास कार्य पूर्ण करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकरी पवन कुमार महतो ने पीएम आवास लाभुको से कहा की आप सभी लाभुक आवास निर्माण कार्य को शीघ्रतापूर्वक करें पुर्ण। इस अवसर पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, प्रधानमंत्री आवास कोडिनेटर अमन शिखर, प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, गुहा उरांव नन्दा भगत, रामपाल, लाभुक रेशमी लकड़ा, सुकुल उरांव, सावित्री देवी, चमप्पा उरांव, रामानंद पांडे, देवेंद्र उरांव, आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता श्रद्धानंद ने किया क्षेत्र भ्रमण, जनता से हुए रुबरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने सिमडेगा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कुलुकेरा पंचायत के डरेडा, मंझाघाट, बरटोली, भेलवाटोली, तावापानी, अम्बाकोना इत्यादि गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि विगत 15 वर्षों के पूर्व डेरदा गांव में 3 स्थानों में विद्युतीकरण के लिए पोल गिराया गया। परंतु आज भी 2023 में गिराए गए विद्युत पोल को उपयोग में नहीं लाया गया। जिसके कारण आज भी गांव के गांव विद्युत से वंचित हैं। मंझाघाट, बरटोली, भेलवाटोली, तावापानी, अम्बाकोना गांव के लोगों ने बेसरा जी को बताए की आज भी हमारे गांव में पेयजल वा सड़क व्यवस्था नहीं है, हमलोग ढाड़ी, चुंआं, डोभा का पानी को पीने के लिए उपयोग में लाते हैं, गर्मी के मौसम में पानी की दिक्कत होती है, सरकार की योजनाएं हमारे गांव तक नहीं पहुंचती है, हमारे गांव में चापाकल नहीं है जिसके कारण बरसात के दिनों में भी मजबुरी में बरसाती पानी उपयोग में लाते हैं।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का लहराया परचम : एस के झा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सत्र 2022-23 के सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने बताया कि इस बार कुल 144 छात्रों ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा दी थी,जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण होकर विद्यालय का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 11 विद्यार्थियों ने 91 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया है, जिनमें आकांक्षा शर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर का गौरव प्राप्त किया है। इनके अतिरिक्त प्रिंस राज 96 प्रतिशत संजना कुमारी 94.6 प्रतिशत आयशा आलम 94.4 प्रतिशत रोशन कुमार 93 प्रतिशत शोएब अख्तर 91 प्रतिशत दिव्या कुमारी 90.8 प्रतिशत नाज़नीन कैसर 90.6त्न अनन्या कुमारी एवं दिव्या श्रुति सिंहा 90.6 प्रतिशत रश्मि कुमारी एवं अंशुमन प्रियदर्शी 90.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराने में कामयाब रहे। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार सिंह प्रबंधक अजातशत्रु शिक्षण मार्गदर्शिका जान्हवी सिंह प्राचार्य एसके झा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना का रहा 98.48 प्रतिशत

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं कक्षा का सीबीएससी परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा द्वारा आयोजित सीबीएससी की परीक्षा में साइंस व कॉमर्स विषय का 12 वीं का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा का 98.48 प्रतिशत रहा। वही कॉमर्स विषय मे विद्यालय के 32 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया जिसमें से सभी विद्यार्थी पास हुए परिणाम शत प्रतिशत रहा। तथा साइंस में 34 विद्यार्थी में 1 छात्र फेल हुआ। वही कॉमर्स में आशीष कुमार 448 अंक,मयंक कुमार 441 अंक, रूपेश भुइंया 432 अंक, रोहित मुंडा 426 अंक और नितिन राम 399 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। साइंस में प्रीति कुमारी 465 अंक, ऋषभ कुमार 448 अंक, सृष्टि साहु 406 अंक, जमशेद आलम अन्सारी 403 अंक और शैलेश खेस 397 अंक प्राप्त किया। वही प्रचार्य पिके सिंह ने कहा कि शिक्षक व छात्र छात्राओं का मेहनत से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीबीएससी 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

## कोलेबिरा के धवईटांड में तीन दिवसीय आत्मिक प्रार्थना महोत्सव हुआ सपन्न

# परमेश्वर की बातों को अनुसरण कर मनुष्य जीवन में बढ़ सकता है आगे : सन्देश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड के धवईटांड में तीन दिवसीय आत्मिक प्रार्थना महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। इस मौके पर आयोनकर्ता रे0राजेश कोवर ब्रदर मुकेश, ब्रदर अब्राहम, ब्रदर पौलुस, ब्रदर मुकुट मुख्य रूप से उपस्थित है। वहीं बंगाल से मुख्य रूप से पास्टर राजू हरि एवं पास्टर फिरोज हरि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सन्देश एक्का का पारंपरिक तरीके से महिलाओं ने स्वागत किया जिसके बाद चर्च में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भागदौड़ की जीवन में परमेश्वर को याद नहीं कर रहा है जिसके कारण कई प्रकार की परेशानियों से जूझ रहा है हमें




परमपिता परमेश्वर के बातों को अनुसरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जीने के लिए हमें तन मन से पापों को हटाने की आवश्यकता है क्योंकि परमेश्वर सबसे ज्यादा हमें पापों से मुक्ति दिलाता है और हम इंसान पाप करते रहते हैं इसलिए हमें परोपकार की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि जीवन में अच्छाई और इमानदारी बढ़ता रहे। उन्होंने सभी लोगों को अध्यात्म की ओर बढ़ते हुए गलत कार्य को बढ़ावा ना देने तथा युवाओं को नशा पान एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की बात कही। साथियों ने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार सभी जगहों पर सभी धर्मो का सम्मान करने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं ताकि क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो सके और जिस विश्वास से आप लोग आगे बढ़ रहे हैं। वह विश्वास है भविष्य में भी खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर झापा प्रखंड अध्यक्ष सुघड़ जरिया, जिला उपाध्यक्ष सामूवेल धनवार, संध्या डांग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 7 दिवसीय गोंडवाना समर कैंप 28 मई से कोनसकेली में आयोजित होगा

## 600 प्रतिभागियों को 30 अनुभवी प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा के तत्वावधान में आयोजित देश भर में चर्चित 9वां गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन- 2023 का आयोजन सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड अंतर्गत कोनसकेली ग्राम में होना सुनिश्चित हो चुका है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकास मंच के साथ गोंडवाना छात्र संघ सिमडेगा और महल्ला समिति कोनसकेली एक समिति बनाकर कार्यक्रम के सफलता के लिए तैयारी शुरू कर चुकी है. इस सात दिवसीय कैंप में झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के अलावे छतीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से भी भारी संख्या में प्रतिभागी शामिल होने वाले हैं। कैंप को व्यवस्थित संचालन के लिए प्रबंधन समिति, निगरानी समिति, वोलेंटियर, अतिथि लिस्ट, समय सारणी, भोजन मेन्यू इत्यादि का लिस्ट बनाया जा चुका है. आयोजन समिति के लोगों ने आयोजन स्थल का औचक निरिक्षण कर भोजन, आवास, पानी, शौचालय, खेल मैदान, ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं और आवश्यक निर्देश आयोजक गाँव को दिया जा चुका है । आयोजन समिति के कथनानुसार इस बार कैंप में करीब 600 प्रतिभागी और 30 अनुभवी प्रशिक्षक आवासीय रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएँगे. गोंडी भाषा का विशेष क्लास होगा इसके लिए मध्यप्रदेश से गोंडी शिक्षिका भाग ले रही है। हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कराटे, योगा, कंप्युटर, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, इंटरव्यू क्लास आदि के लिए प्रशिक्षक शामिल होंगे. इस सात दिन के कार्यक्रम में अलग-अलग दिन समाज के ही करीब 35 प्रतिष्ठित व्यक्ति जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस पदाधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी, वकील, फिल्म कलाकार, समाजसेवी, राजनेता, वरिष्ठ अनुभवी व्यक्ति ओनलाइन- ऑफलाइन माध्यम से शामिल होंगे जो प्रतिभागियों और समाज के लोगों को प्रोत्साहित और जागरूक करेंगे।



## जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर आज कुडू मुख्यालय में शामिल होंगे डॉ. रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कल दिनांक 13 मई 2023 को समय 11:30 बजे पूर्वाहन कुडू प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित होंगे। जिसमें आम जनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी कुडू के सभी पदाधिकारीगण, कुडू प्रखंड प्रमुख कुडू प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

## चलते चलते एक नजर

### कारागार अधिनियम में होगा संशोधन, गृह मंत्रालय आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को दे रहा है अंतिम रूप

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार कारागार अधिनियम में संशोधन कर आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप देने जा रही है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।मंत्रालय के अनुसार वर्तमान कारागार अधिनियम, 1894 आजादी पूर्व का अधिनियम है। यह लगभग 130 वर्ष पुराना है। यह अधिनियम मुख्य रूप से अपराधियों को हिरासत में रखने और जेलों में अनुशासन और व्यवस्था लागू करने पर केंद्रित है और इसमें कैदियों के सुधार और पुनर्वास का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में केन्द्र सरकार कैदियों के सुधार और पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप देने में जुटी है।गृह मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा अधिनियम में सुधारोन्मुखी प्रावधानों के अभाव के अलावा, आधुनिक समय की जरूरतों और जेल प्रबंधन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिनियम को संशोधित और अपग्रेड करने की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे में गृह मंत्रालय ने कारागार अधिनियम, 1894 के संशोधन का ज़िम्मा पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआर एंड डी) को सौंपा और ब्यूरो ने राज्य कारागार प्रशासन, सुधार विशेषज्ञों आदि से विस्तृत विचार विमर्श के बाद इसका एक प्रारूप तैयार किया है।उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने कारागार अधिनियम, 1894, कैदी अधिनियम, 1900 और कैदियों का स्थानांतरण अधिनियम, 1950 की भी समीक्षा की है। इसके बाद इन अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों को आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 में शामिल किया है। राज्य सरकारें और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन 'आदर्श कारागार अधिनियम, 2023' में अपनी जरूरत के अनुसार संशोधन करके इसे अपने यहां लागू कर सकते हैं और मौजूदा तीन अधिनियमों को निरस्त कर सकते हैं।

### पदोन्नति के बाद भी अब तक रेंजरों की नही हुई पोस्टिंग

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गत 16 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर भले ही सूबे में कार्यरत एक दर्जन वनपलो को रेंजर में पदोन्नति दे दी है। लेकिन अधिसूचना जारी होने के डेढ़ महीना से अधिक दिन बीत जाने के बाद भी उन नव पदोन्नत रेंजरों की पदस्थापना नही की जा सकी है जबकि राज्य में अधिकांश रेज में अभी भी रेंजर विहीन वनपालो के भरोसे संचालित हो रहा है। नतीजन सभी नव पदोन्नत रेंजर जहाँ पदस्थापना की प्रयास में है तो वही रेंजर के अभाव में वन एवं वन्य जीव संरक्षण कार्य मे बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

### बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को डेमोक्रेसी इन कोमा:साइलेंस्ड वॉयस ऑफ वुमन विक्टिम्स इन बंगाल पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा कि बंगाल में डेमोक्रेसी नाम की कोई चीज नहीं है, डेमोक्रेसी इन कोमा कहना बिल्कुल सही है। हमें लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है और बंगाल के गौरव को स्थापित करना है।पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि ममता बनर्जी को यह पसंद नहीं आया कि भाजपा बंगाल में इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रही है।

# आईएमएफ प्रमुख से केंद्रीय वित्त मंत्री ने की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी-7 के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक से इतर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि सीतारमण ने जी-7 एफएमसीबीजी की बैठक से इतर ब्राजील के अपने समकक्ष हद्दाद फर्नांडो से भी मुलाकात की। फर्नांडो ने जी-20



अध्यक्ष के रूप में भारत के संचालन की सराहना की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने बुनियादी ढांचे, बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 में जी-20 अध्यक्षता के लिए ब्राजील को अपना समर्थन दिया। निर्मला सीतारमण जापान की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। दुनिया के सात विकसित देशों के समूह जी-7 की बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होने के लिए वह यहां आई हैं। जी-7 की बैठक निगाता में हो रही है। उल्लेखनीय है कि जी-7 दुनिया के 7 प्रमुख औद्योगिक देशों कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका का मंच है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में भाजपा ने सीएम से मांगा इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शराब घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा है।

शुक्रवार को भाजपा नेता केके शर्मा ने भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय हैं। दो हजार करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ है, जिसके लिए भूपेश बघेल को इस्तीफा दे देना चाहिए।

केके शर्मा ने कहा कि मार्च, 2023 में ईडी ने 35 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था और इसमें जो तथ्य सामने आये, उनसे छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले का पर्दाफाश हुआ। लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि इस घोटाले में अनुमानित है।

उन्होंने कहा कि ईडी की जांच में जो तथ्य सामने आये हैं उसमें स्पष्ट होता है कि इसका मुख्य सरगना अनवर ढेबर था, जिसकी गिरफ्तारी भी हुई।अनवर रायपुर के मेयर का बड़ा भाई है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का करीबी माना जाता है। केके शर्मा ने कहा कि इस घोटाले में राज्य के टॉप ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं की भी मिलीभगत है। उन्होंने सवाल उठाए कि एक सरकारी विभाग नाक के नीचे घोटालेबाजों के कब्जे में आ गया राज्य सरकार को इसकी जानकारी कैसे नहीं हुई? देश अपेक्षा करता है कि भूपेश बघेल के साथ साथ राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी भी इस पर अपना मुंह खोलें।

# पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग में मना नर्सेज डे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी,चुटिया,रांची,में शुक्रवार को ÷नर्सेज डे÷ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुनील कुमार पुष्कर ने दीप प्रज्वलित एवं केक काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वर्ष 2023 का थीम हमारी नर्सेज हमारा भविष्य को छात्राओ को समझाया तथा एक नर्स की जिम्मेदारी को भी समझ्याया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कहा कि आपने पेशा के रूप में नर्सिंग को चुना। यह बहुत अच्छी और गर्व कि बात है। किन्तु आपका मकसद सिर्फ पैसा कमाने तक सीमित न हो। बल्कि अपने अंदर सदैव सेवा की भावना बनाये रखना है। यह आपके अंदर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक श्री महेंद्र शर्मा, अनिलेश्वर शर्मा, श्रीमती मनीषा पुष्कर, प्राचार्य, शिक्षिकागण, समेत कई गणमान्य एवं संस्था के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

# रांची सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से हर्निया का ऑपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से लेप्रोस्कोपिक वेंट्रल हर्निया का आपरेशन किया गया।

अस्पताल के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एक अंबिलिकल हर्निया के मरीज का दूरबीन विधि से आईपोम प्लस ऑपरेशन किया गया।

यह एक एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी मानी जाती है। इस सर्जरी में पेट के छेद को दो स्तर पर बंद किया जाता है, जिससे उसकी मजबूती काफी बढ़ जाती है और दोबारा हर्निया होने का खतरा ओपन विधि की तुलना में काफी कम होता है।



इस ऑपरेशन के बाद मरीज बहुत जल्दी वापस अपने नियमित काम पर लौट सकता है और मरीज की छुट्टी भी जल्दी हो जाती है। चिकित्सकों की टीम में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास, सिस्टर सविता, सरिता, पूनम और ओटी असिस्टेंट सुशील, नीरज, मुकेश, मोहित, माधव सहित अन्य शामिल थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस का हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव का किया गया शुभारंभ : सांसद

प्रभात मंत्र संहवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह आयोजित कार्यक्रम में ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना कर 18635/36 रांची-सासाराम - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद वीडी राम ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हो रहे रेल विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। रांची- सासाराम - इंटरसिटी एक्सप्रेस के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव हेतु रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद किया। इस ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर




सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का ठहराव हेतु आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद शामिल हुए और उक्त ट्रेन को प्रातः 04¬48 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अशोक चौहान,प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, रामेश्वर राम,संतोष कुमार सिंह, सोमेश सिंह मंडल अध्यक्षगण, सांसद प्रतिनिधगण, दीनदयाल उपाध्याय मंडल के रेलवे पदाधिकारीगण, सात पंचायत के मुखियागण एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, आम यात्री एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थी। विदित है कि यात्रियों की सुविधा हेतु मेरे अनुरोध पर रेलवे बोर्ड द्वारा 18635/18636 रांची- सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत हैदरनगर स्टेशन पर 12.05.2023, शुक्रवार से दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। उक्त ठहराव के साथ अब 18636 सासाराम - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 4:46 बजे हैदरनगर स्टेशन पहुंचकर 4:48 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 18635 रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 22:35 बजे हैदरनगर स्टेशन पहुंचकर 22:37 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### एसआईटी के समक्ष पेश हुए बृजभूषण

**नई दिल्ली :** महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। इस मामले की जांच के लिए छह पुलिस अधिकारियों का विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। इनमें चार महिला पुलिस अधिकारी शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारियों की देखरेख में यह जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृजभूषण शरण सिंह ने एसआईटी के समक्ष बयान देते हुए कहा है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि जल्दी वह अपने समर्थन में कुछ वीडियो और कॉल रिकॉर्डिंग पेश करेंगे। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाफ सोची समझी साजिश के तहत एजेंडा चलाया जा रहा है, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों के लोग शामिल हैं।



# मुख्यमंत्री व हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के बीच हुई वर्चुअल बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आगामी 24 मई को झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं चीफ जस्टिस झारखंड हाईकोर्ट संजय कुमार मिश्रा के बीच वर्चुअल बैठक संपन्न हुई।

नए उच्च न्यायालय भवन के उद्घाटन से संबंधित तैयारियों की रूप-रेखा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ तथा अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस वर्चुअल बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार एवं डीआईजी रांची अनूप बिरथरे उपस्थित थे।

# अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग मामले में केजरीवाल सरकार फिर पहुंची सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के मामले में संविधान पीठ के फैसले के अगले ही दिन केजरीवाल सरकार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है. सुप्रीम कोर्ट के सामने सर्विसेज के सचिव के ट्रांसफर का मुद्दा उठाया गया है और कहा गया कि केंद्र, सचिव का ट्रांसफर नहीं कर रहा है. सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार हो गया है. सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वो अगले हफ्ते बेंच का गठन करेंगे. दिल्ली सरकार की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये एक तरीके से अवमानना के समान है. इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की बेंच की गठन किया जाना चाहिए.बता दें कि आम आदमी पार्टी की सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से फैसला दिया कि लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि जैसे विषयों को छोड़कर अन्य सेवाओं पर दिल्ली सरकार के पास



विधायी तथा प्रशासकीय नियंत्रण है. उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि नौकरशाहों पर एक निर्वाचित सरकार का नियंत्रण होना चाहिए. उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली का 'विशेष प्रकार का दर्जा है और उन्होंने न्यायाधीश अशोक भूषण के 2019 के उस फैसले से सहमति नहीं जतायी कि दिल्ली सरकार के पास सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं है.

शीर्ष न्यायालय ने केंद्र तथा दिल्ली सरकार के बीच सेवाओं पर प्रशासनिक नियंत्रण के विवादित मुद्दे पर अपने फैसले में कहा, केंद्र की शक्ति का कोई और विस्तार संवैधानिक योजना के प्रतिकूल होगा. दिल्ली अन्य राज्यों की तरह ही है और उसकी भी एक चुनी हुई सरकार की व्यवस्था है.उच्चतम न्यायालय ने 105 पन्ने के अपने आदेश में कहा, ÷सूची-2 के विशेष उल्लेखों (लोक व्यवस्था, पुलिस और भूमि) को छोड़कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटीडी) की विधानसभा के पास सूची-2 और सूची-3 का नियंत्रण है.÷ शीर्ष अदालत ने कहा कि सहकारी संघवाद की भावना के मद्देनजर केंद्र को संविधान द्वारा तय सीमाओं के भीतर अपनी शक्तियों का प्रयोग करना चाहिए.पीठ ने कहा कि एक 'विशेष प्रकार का संघीय ढांचा होने के नाते एनसीटीडी को संविधान द्वारा इसे प्रदत्त कार्यक्षेत्र में कार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए. केंद्र और एनसीटीडी एक अद्वितीय संघीय संबंध साझा करते हैं.

### समीर वानखेड़े सहित चार लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज

**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आर्यन खान क्रूज मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुंबई एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े और तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने मुंबई, दिल्ली, रांची (झारखंड) और कानपुर (उत्तर प्रदेश) में 29 ठिकानों पर छापेमारी भी की है। सीबीआई की टीम शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के मुंबई स्थित आवास पर छापामार कार्रवाई कर रही है। अभी तक सीबीआई की ओर से इस छापेमारी की अधिकृत जानकारी मीडिया को साझा नहीं की गई है। सीबीआई ने समीर वानखेड़े सहित चार लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है और आज दिल्ली, मुंबई, रांची और कानपुर समेत देश के 29 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को समीर वानखेड़े ने कार्डिलिया क्रूज ड्रग मामले में गिरफ्तार किया था

# भारत की शिक्षा प्रणाली में हो रहा है बदलाव : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के तेजी से बदलते समय में भारत की शिक्षा प्रणाली बदल रही है और शिक्षक और छात्र भी बदल रहे हैं। इन बदलती परिस्थितियों में हम कैसे आगे बढ़ेंगे यह तय करना महत्वपूर्ण है।प्रधानमंत्री ने गुजरात के गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ अधिवेशन को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत, 21वीं सदी की आधुनिक आवश्कताओं के मुताबिक नई व्यवस्थाओं का निर्माण कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि हम इतने वर्षों से स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों को केवल किताबी ज्ञान दे रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उस पुरानी अप्रासंगिक व्यवस्था को परिवर्तित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति



प्रेक्टिकल पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो एक बड़ा प्रावधान किया गया है, वो हमारे गांव-देहात और छोटे शहरों के शिक्षकों की बहुत मदद करने वाला है। ये प्रावधान मातृभाषा में पढ़ाई का है। उन्होंने कहा कि आज हमें समाज में ऐसा माहौल बनाने की भी जरूरत है जिसमें लोग शिक्षक बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आएं। प्रधानमंत्री ने हर स्कूल का जन्मदिन मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्कूल और स्टूडेंट के बीच डिस्कनेक्ट को दूर करने के लिए ये परंपरा शुरू की जा सकती है कि स्कूलों का जन्मदिन मनाएं।प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में रहते हुए मेरा प्राथमिक शिक्षकों के साथ मिलकर राज्य की पूरी शिक्षा व्यवस्था को बदलने का अनुभव रहा है। एक जमाने में गुजरात में ड्रॉप आउट रेट करीब 40 प्रतिशत के आस-पास हुआ करता था और आज 03 प्रतिशत से भी कम रह गई है। ये गुजरात के शिक्षकों के सहयोग से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि गुजरात में शिक्षकों के साथ मेरे जो अनुभव रहे, उसने राष्ट्रीय स्तर पर भी नीतियां बनाने में हमारी काफी मदद की है।प्रधानमंत्री ने भारतीय शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि भूटान राज परिवार के सीनियर ने उन्हें बताया कि उन सब को हिंदुस्तान के शिक्षकों ने पढ़ाया-लिखाया है। ऐसे ही सऊदी अरब के किंग के बचपन में शिक्षक गुजरात (भारत) से ही थे।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की पीढ़ी के छात्रों की जिज्ञासा, उनका कौतूहल, एक नया चैलेंज लेकर आया है। ये छात्र आत्मविश्वास से भरे हैं, वो निडर हैं। उनका स्वभाव टीचर को चुनौती देता है कि वो शिक्षा के पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकलें। छात्रों के पास सूचना के अलग-अलग स्रोत हैं।